राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 164
लखनऊ, शनिवार 14 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कर्बला की पुरानी इमारत की धन्नियों में फिर भड़की चिंगारी 10

भाजपा विधायक पर भड़के स्पीकर सतीश महाना 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,55,930/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,42,950/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,16,990/10 ग्राम |
| चांदी | = | 2,80,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की 18 फरवरी तक बढ़ाई गई अवधि

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशालय, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की तिथि को विस्तारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान, जो 6 से 13 फ़रवरी के मध्य संचालित किया जा रहा था, अब 18 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्ध है।

### चेहरे की विकृति से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद, एम्स में शुरू होगा फेस ट्रांसप्लांट

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब फेस ट्रांसप्लांट भी किया जाएगा। एम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में शुरू होने वाली इस पहल के तहत फेस ट्रांसप्लांट नि:शुल्क किया जाएगा। यह उन लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा जिनका चेहरा किसी हादसे के वजह से पूरी तरह से झुलस गया हो। अगर यह सफलतापूर्वक शुरू होता है तो भारत, फेस ट्रांसप्लांट सर्जरी करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा। गंभीर चेहरे की विकृति से जूझ रहे मरीजों को इससे नई उम्मीद मिलेगी और भारतीय चिकित्सा क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ जाएगी।

### धर्म व समुदाय के खिलाफ भड़काने वाली सामग्री पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सभी निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों को केबल टेलिविजन नेटवर्क (रेगुलेशन) एक्ट, 1995 के तहत बनाए गए प्रोग्राम कोड और विज्ञापन कोड का सख्ती से पालन करना होगा। इन नियमों के अनुसार, किसी धर्म, समुदाय या व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक, भड़काऊ या मानहानि कारक सामग्री का प्रसारण प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर सरकार एडवाइजरी, चेतावनी, माफी स्क्रोल चलाने का आदेश, ऑफ-एयर आदेश या अनुमति रद्द करने जैसी कार्रवाई कर सकती है। सरकार के अनुसार, वर्ष 2021 से 2025 के बीच कुल 144 कार्रवाइयां की गईं। इनमें 35 एडवाइजरी, 50 चेतावनियां, 54 माफी स्क्रोल आदेश, 3 ऑफ-एयर आदेश, 1 अनुमति रद्द और 1 डिस्क्लेमर आदेश शामिल हैं।

### 28 हफ्ते प्रेग्नेंसी पर एमपी हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**भोपाल।** एमपी हाईकोट ने एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए 13 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह से अधिक की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट और पीड़िता की शारीरिक व मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने माना कि इतनी कम उम्र में गर्भावस्था जारी रखना नाबालिग के स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि गर्भ जारी रहने से बच्ची पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके बाद अदालत ने मानवीय आधार पर गर्भ समापन की अनुमति प्रदान की। यह निर्णय राज्य में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफप्रेग्नेंसी से जुड़े मामलों में एक महत्वपूर्ण मिसाल माना जा रहा है।

# सेवा तीर्थ विकसित भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव : मोदी

▸ सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा के महत्वपूर्ण मील का पत्थर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय का नया भवन 'सेवा तीर्थ' और केंद्रीय सचिवालय के 'कर्तव्य भवन 1 एवं 2' विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। उन्होंने कहा कि ये नए भवन नागरिक-केंद्रित शासन तथा राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' तथा केंद्रीय सचिवालय की इमारतों 'कर्तव्य भवन 1 और 2' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये भवन भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन 1 और 2 विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। ये नागरिक-केंद्रित प्रशासन और राष्ट्र की प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने इस अवसर पर सेवा तीर्थ स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश एक नए इतिहास का निर्माण देख रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि विक्रम संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, विजया एकादशी, माघ 24 और शक संवत 1947 के इस पावन अवसर, जिसे वर्तमान कैलेंडर के अनुसार 13 फरवरी के रूप में जाना जाता है, भारत की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है। शास्त्रों में विजया एकादशी का विशेष महत्व है और इस दिन लिया गया संकल्प विजय दिलाता है। विकसित भारत के संकल्प के साथ सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन में प्रवेश करना शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक से देश के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, किंतु ये भवन ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक के रूप में निर्मित किए गए थे। उन्होंने कहा कि 1905 के बंगाल विभाजन के समय कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रमुख केंद्र बन गया था, जिसके बाद 1911 में अंग्रेजों ने राजधानी को कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित किया और औपनिवेशिक सोच के अनुरूप इन भवनों का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि रायसीना हिल्स का चयन इस उद्देश्य से किया गया था कि ये भवन अन्य सभी इमारतों से ऊपर और प्रभावशाली दिखें। इसके विपरीत सेवा तीर्थ परिसर जमीन से जुड़ा हुआ है और यह जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है। यहां लिए जाने वाले निर्णय किसी सम्राट की इच्छा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के पहले क्वार्टर के पूर्ण होने के साथ यह आवश्यक है कि विकसित भारत की झलक केवल नीतियों और योजनाओं में ही नहीं, बल्कि कार्यस्थलों और भवनों में भी दिखाई दे। नई तकनीकों के तेजी से विस्तार के बीच पुरानी इमारतें अपर्याप्त हो रही थीं। उन्होंने बताया कि करीब 100 वर्ष पुरानी इमारतों में स्थान की कमी और संरचनात्मक सीमाएं थीं तथा वे भीतर से जर्जर हो रही थीं। उन्होंने कहा कि आज भी केंद्र सरकार के कई मंत्रालय दिल्ली में 50 से अधिक स्थानों से संचालित हो रहे थे, जिन पर प्रतिवर्ष लगभग 1,500 करोड़ रुपये किराये के रूप में व्यय होते थे। प्रतिदिन हजारों कर्मचारियों के एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने में अतिरिक्त लॉजिस्टिक खर्च होता था। सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन के निर्माण से इन खर्चों में कमी आएगी, समय की बचत होगी और कार्यक्षमता बढ़ेगी।

### विश्व रेडियो दिवस पर प्रधानमंत्री ने मन की बात के लिए जनता से मांगे सुझाव

विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी और रेडियो को सूचना व रचनात्मकता का सशक्त माध्यम बताया। इस दौरान उन्होंने 22 फरवरी को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए जनता से सुझाव देने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि विश्व रेडियो दिवस एक ऐसे माध्यम का जश्न मनाने का अवसर है जो दूरदराज के गांवों से लेकर हलचल भरे शहरों तक लोगों की विश्वसनीय आवाज है। वर्षों से रेडियो समय पर सूचना पहुंचाता रहा है, प्रतिभा को निखारता रहा है और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता रहा है। यह दिन इस माध्यम से जुड़े सभी लोगों के प्रयासों को स्वीकार करने का दिन है। अपने लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने रेडियो के साथ अपने जुड़ाव को साझा किया। उन्होंने कहा कि मन की बात के जरिए उन्होंने रेडियो की उस अद्भुत क्षमता का प्रत्यक्ष अनुभव किया है, जो देश की सामाजिक शक्ति को एकजुट और उजागर कर सकती है। इस महीने का मन की बात कार्यक्रम रविवार, 22 फरवरी को प्रसारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव विभिन्न माध्यमों (जैसे नमो ऐप या माईजीओवी) पर साझा करने की अपील की।

### वाराणसी, अयोध्या सहित 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट की धमकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वाराणसी के बाद लखनऊ, अयोध्या, मेरठ, मीरजापुर समेत उत्तर प्रदेश में कई जिलों की कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। संबंधित अदालत परिसर की पुलिस टीमों ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ छानबीन की लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कचहरी परिसरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं। एटीएस, एसटीएफ और सुरक्षा जांच एजेंसी सतर्क हो गई हैं। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ के सिविल कोर्ट, कचहरी परिसर में बम होने की सूचना एक ईमेल के जरिए भेजी गई थी। इसकी जानकारी होते ही पुलिस टीमें, डॉग स्क्वायड टीमों ने कचहरी परिसर में सभी स्थानों पर गहन छानबीन की। अधिवक्ताओं ने अपने बस्ते और आसपास की जगहों पर जांच की लेकिन कोई भी वस्तु नहीं मिली। इस दौरान कचहरी परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। इस मामले की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं। इसी तरह अयोध्या कचहरी व वाराणसी में कचहरी में भी बम होने की सूचना मिली। कचहरी परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा जांच एजेंसियां सतर्क हो गई है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि यह मैसेज तमिलनाडु से आया है।

### सीएम योगी ने स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप, डेटा सेंटर व रोजगार सृजन पर विस्तार से पक्ष रखते हुए कहा-

# यूपी इमर्जिंग टेक्नोलॉजी व नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



▸ आज की आवश्यकता है कि अधिक से अधिक युवाओं को भविष्य उन्मुख तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाए

उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को कौशल, तकनीक और उद्यमिता से जोड़कर उत्तर प्रदेश को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि स्किल डेवलपमेंट और आईटीआई व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आते हैं। सरकार ने व्यावसायिक शिक्षा के ढांचे को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में नए सेंटर स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से प्रत्येक जनपद के दो आईटीआई को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है। इन संस्थानों को 'हब एंड स्पोक मॉडल' पर विकसित किया जा रहा है, ताकि एक केंद्रीय संस्थान से जुड़े अन्य संस्थानों को तकनीकी संसाधन और प्रशिक्षण सहायता मिल सके।

उन्होंने कहा कि आज की आवश्यकता है कि अधिक से अधिक युवाओं को भविष्य उन्मुख तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी पहलों को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 20,000 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं। 76 इनक्यूबेटर, 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और 8 यूनिकॉर्न राज्य में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश से पलायन रोजगार के अभाव और कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण होता था। अब कानून-व्यवस्था में सुधार और निवेश अनुकूल वातावरण के चलते रोजगार के अवसर बढ़े हैं और निवेश में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने बजट में घोषित यूपी डेटा अथॉरिटी और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना को भविष्य की जरूरत बताया। उनका कहना था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए डेटा सेंटर बुनियादी ढांचा आवश्यक है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की फैब यूनिट स्थापना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के औद्योगिक विकास की नई दिशा का संकेत है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकार के समय लगभग 19 प्रतिशत रही बेरोजगारी दर अब घटकर 2.24 प्रतिशत रह गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को तकनीक, नवाचार और युवा शक्ति के माध्यम से देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर सरकार आगे बढ़ रही है।

### इमर्जिंग टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स से युवाओं को जोड़ा गया

सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी उन्नयन को नई दिशा मिली है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए पाठ्यक्रमों को आधुनिक बनाया है। माध्यमिक शिक्षा के तहत प्रत्येक जनपद के राजकीय कॉलेजों को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स से जोड़ा जा रहा है। विद्यार्थियों को डेटा उपयोग, इंटरनेट सुविधा और डिजिटल संसाधनों से सशक्त करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक 1,10,000 युवाओं को 10 प्रतिशत मार्जिन मनी के साथ ब्याज-मुक्त और गारंटी-मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि योजना में चयन और प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाया गया है, ताकि युवा सफल उद्यमी बन सकें। उन्होंने महिला उद्यमियों के लिए भी विशेष योजना लागू करने की बात कही गई। साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के माध्यम से युवाओं के डिजिटल सशक्तिकरण पर भी जोर दिया जा रहा है।

# रहमान की अगुवाई में बीएनपी ने बंगलादेश संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत की दर्ज

**एजेंसी, ढाका।**



बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने निर्वासन से लौटे श्री तारिक रहमान की अगुवाई में संसदीय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। नवीनतम गणना के अनुसार, पार्टी ने चुनाव लड़ी गयी 299 सीटों में से लगभग 210 सीटों पर जीत दर्ज की है।

मुख्य प्रतिद्वंद्वी बंगलादेश जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय गठबंधन ने चुनावी प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त किया है। परिणाम घोषित होने के बाद जारी एक बयान में जमात-ए-इस्लामी ने कहा कि वह चुनाव परिणामों से जुड़ी प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं है। जमात ने दावा किया कि उसके 11-दलीय चुनावी गठबंधन के उम्मीदवार कई निर्वाचन क्षेत्रों में बेहद कम अंतर और संदिग्ध तरीके से हार गए। इसने मतदान के आंकड़े प्रकाशित करने में चुनाव आयोग की अनिच्छा की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि अंतरिम प्रशासन के भीतर कुछ तत्वों ने एक प्रमुख राजनीतिक दल के प्रति पक्षपात दिखाया है। पार्टी ने बयान में कहा, यह सब निस्संदेह परिणाम प्रक्रिया की अखंडता पर गंभीर सवाल उठाता है।

ढाका के अधिकारियों के अनुसार, लगभग 61 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं ने चुनाव में भाग लिया और 65 प्रतिशत से अधिक ने जनमत संग्रह में मतदान किया। बीएनपी के प्रमुख तारिक रहमान ने ढाका-17 सीट पर 72,699 मत प्राप्त किये और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 4,399 मतों के अंतर से हराया।

# बाहुबली मुख्तार अंसारी के करीबी अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बाराबंकी उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में दिनदहाड़े हुई अंधाधुंध फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लखनऊ, अयोध्या हाईवे पर नगर कोतवाली क्षेत्र के असेनी मोड़ के पास अज्ञात हमलावरों ने एक अधिवक्ता को सरेराह गोलियों से भून डाला। मृतक की पहचान बाहुबली मुख्तार अंसारी के करीबी अधिवक्ता और शार्प शूटर के रूप में चर्चित शोएब किडवाई उर्फ बॉबी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लखनऊ की ओर से आ रही एक स्विफ्ट कार को हमलावरों ने घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलियों की बौछार से हाईवे दहल उठा।

सूत्रों के अनुसार, करीब 15 राउंड फायरिंग की गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अंधाधुंध गोलियों की चपेट में आकर शोएब किडवाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।


विस्तृत खबर पेज 8 पर


### राज्यसभा में खरगे के भाषण के अंश हटाने पर विवाद, बहाली की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि चार फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान दिए गए उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना उचित कारण के कार्यवाही से हटा दिया गया। खरगे ने कहा कि राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड भाषण के शब्दश: पाठ की समीक्षा करने पर उन्हें पता चला कि उनके भाषण के वे हिस्से हटाए गए हैं, जिनमें उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संसदीय कामकाज पर तथ्यात्मक टिप्पणियां की थीं तथा प्रधानमंत्री की कुछ नीतियों की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के नाते यह उनका दायित्व है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 105(1) के तहत सांसदों को प्राप्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए हटाए गए अंशों को बहाल करने की मांग की।

# संविदा कर्मियों को नियमित करने की कोई योजना नहीं : श्रममंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के सदस्य संग्राम सिंह के संविदा कर्मियों को नियमित करने की किसी नीति के बारे किये गए एक सवाल पर श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सरकार का पक्ष रखा।

राजभर ने सदन को अवगत कराया कि किसी कर्मचारी को सेवा से बाहर नहीं किया जा रहा है। उनका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। रही बात नियमित करने की तो संविदा कर्मियों को नियमित करने की कोई व्यवस्था नहीं है। 19 सितंबर 2025 को आउटसोर्स सेवा निगम कारपोरेशन का गठन करने का शासनादेश जारी किया गया। प्रदेश में कारपोरेशन का गठन किया जा चुका है। इससे पहले इस बीच नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक किया कि संविदा कर्मियों के लिए सरकार एजेंसी को 14 हजार रुपये प्रति माह भुगतान करती है लेकिन एजेंसी से कर्मचारियों को 10 हजार रुपये ही मिलते हैं। क्या सरकार कर्मियों को 14 हजार रुपये दिलाएगी। इंजीनियर बृजेश कठेरिया ने सवाल किया कि 2022 से सेवा योजना कार्यालय में पंजीकृत कितने युवाओं को रोजगार मिला है। इस पर श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम कारपोरेशन आउटसोर्सिंग में आरक्षण का प्रावधान करेगा। पिछड़ों दलितों को इसका लाभ मिलेगा। निजी क्षेत्र में कौशल के आधार पर नौकरी मिलती है। निजी क्षेत्र में आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

### होमगार्ड जवान स्वयंसेवी व अवैतनिक, हमने बढ़ाया मानदेय : प्रजापति

सपा के सदस्य शारदानंद अंचल ने पुलिस की भांति होमगार्ड जवानों को सुविधाएं दिए जाने का मुद्दा उठाया। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि 2017 से पहले और आज में जमीन आसमान का अंतर आया है। पहले 375 रुपये मिलते थे। आज मानदेय और दैनिक भत्ता मिलाकर 948 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं। होमगार्ड स्वयंसेवी हैं। अवैतनिक हैं। उन्हें स्थाई नही किया जा सकता है।

### हाथियों के झुंड ने छह लोगों को रौंदा, मौत

**एजेंसी, हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में गुरुवार देर रात हाथियों के झुंड ने छह लोगों को रौंद कर मार डाला। मृतकों में एक साल बच्चे से लेकर 50 साल के ऊपर तक के लोग शामिल है। घटना अंगो थाना एवं चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव की है। मृतकों में सुमन कुमारी (26), धनेश्वर राम (52), सूरज राम (50), सविता देवी (25) एवं दो छोटे बच्चे अनुराग राम (1) और संजना कुमारी (3) शामिल है। घटना के वक्त सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। घटना गुरुवार रात एक से 1:30 के बीच की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पांच हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। एक घर के गेट को भी उखाड़ दिया और अंदर घुसकर लोगों को कुचला। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# महाशिवरात्रि पर्व : मलेशिया के मंदिरों से श्री काशी विश्वनाथ दरबार में आया उपहार

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**



महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार श्री काशी विश्वनाथ के विवाहोत्सव में देश-विदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों एवं मंदिरों से पावन भेंट एवं श्रद्धा-उपहार लगातार आ रहा है। शुक्रवार को मलेशिया के मंदिरों से भी श्री काशी विश्वनाथ धाम में पावन भेंट एवं श्रद्धा-उपहार आया।

मलेशिया उच्चायुक्त कार्यालय की प्रतिनिधि शमिला पेरूगन यह उपहार लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम में पहुंची। उन्होंने यह उपहार भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के श्रीचरणों में सौंपा। यह जानकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से दी गई।

न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के नवाचार अंतर्गत मलेशिया के मंदिरों से भगवान श्री काशी विश्वनाथ महादेव को श्रद्धा-समर्पण आया है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने एक विशिष्ट आध्यात्मिक पहल प्रारंभ किया है। इस नवाचार के अंतर्गत भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के श्रीचरणों में देश-विदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों एवं मंदिरों से पावन भेंट एवं श्रद्धा-उपहार अर्पित किए जाने की परंपरा स्थापित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मलेशिया स्थित मंदिरों द्वारा प्रेषित उपहारों में पूजन-सामग्री एवं अन्य पावन वस्तुएं सम्मिलित है। जिन्हें मंदिर न्यास द्वारा विधिवत एवं श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया गया। महापर्व अंतर राष्ट्रीय स्तर पर सनातन धर्म के प्रति अटूट आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकात्मता का सशक्त प्रतीक बन गया है।

सहूलियत | अब वर्चुअली होगी व्यक्तिगत सुनवाई

# उत्तर प्रदेश के बड़े करदाताओं को बड़ी राहत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

20 फरवरी से प्रभावी

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के टैक्स प्रणाली को सरल बनाने व तकनीकी का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश में राज्य कर विभाग द्वारा बड़े करदाताओं को सुविधा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य कर विभाग घ्दारा प्रदेश के बड़े करदाताओं के लिये वर्चुअल सुनवाई की व्यवस्था लागू किए जाने से समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। इससे न्याय निर्णयन की प्रक्रिया तेज, पारदर्शी, समयबद्ध और करदाता-हितैषी बनेगी। संयुक्त आयुक्त कारपोरेट एवं संयुक्त आयुक्त कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर स्तर पर लागू होने वाली वर्चुअल सुनवाई की यह प्रक्रिया 20 फ़रवरी से प्रभावी होगी। प्रमुख सचिव राज्य कर कामिनी रतन चौहान ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के संयुक्त आयुक्त कारपोरेट एवं संयुक्त आयुक्त कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर स्तर पर पंजीकृत करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई सामान्य परिस्थितियों में अनिवार्य रूप से वर्चुअल होगी। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के अनुरूप होगी। प्रदेश में पंजीकृत बड़े करदाताओं की न्याय निर्णयन से जुड़ी व्यक्तिगत सुनवाई अब वर्चुअल सुनवाई से की जाएगी। बड़े करदाताओं के सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह विकल्प भी रहेगा कि अगर किसी कारण से वर्चुअल सुनवाई के स्थान पर करदाता खुद अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अधिकारी के सामने उपस्थित होकर सुनवाई कराना चाहें तो उनके प्रार्थना पत्र पर विचार कर उनको यह अवसर भी अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। आयुक्त राज्य कर डॉ. नितिन बंसल ने बताया कि राज्य कर विभाग में कारपोरेट सर्किल का गठन बड़े करदाताओं को बेहतर, सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से किया गया है। वर्तमान में जीएसटी से संबंधित कार्यवाहियों ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा रही हैं, लेकिन न्याय निर्णयन के कतिपय मामलों में करदाताओं को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। भौतिक सुनवाई की इस प्रक्रिया में कई बार करदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि समय पर उपस्थित नहीं हो पाते थे, जिससे स्थगन लेना पड़ता था। कभी-कभी नियत तिथि पर अधिकारी के अवकाश पर होने से भी त्वरित न्याय प्रदान करने की विभागीय मंशा प्रभावित होती थी। इससे न केवल मामलों के निस्तारण में देरी होती थी बल्कि करदाता और विभाग-दोनों का समय, श्रम और संसाधन भी अनावश्यक रूप से खर्च होते थे।

# चर्चा का विषय बनी बेमेल शादियां

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जिले में यूं तो कई बार समाज कल्याण विभाग पर अनियमित की शिकायतें होती रही है किंतु विभाग एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्तमान समाज कल्याण अधिकारी के कार्यकाल को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं सामने आ रही हैं।

जनपद बलरामपुर के निवासी समाज कल्याण अधिकारी पूर्व में भी गोंडा में तैनात रह चुके हैं। कुछ स्थानीय लोगों और विभागीय सूत्रों का आरोप है कि वर्तमान कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि विभागीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया में कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ा है। सबसे गंभीर आरोप सामूहिक विवाह योजना को लेकर सामने आए हैं। सूत्रों का दावा है कि विवाह समारोह तो संपन्न करा दिए जाते हैं, कई शादियां तो बेमेल होती है यहां तक की दूसरी और तीसरी बार एक हीजोड़ों की शादी करा दी जाती है जो पहले से शादीशुदा होते हैं। ऐसे ममलों में एक जोड़ा जिसकी शादी हुई है आधार कार्ड में दूल्हा 36 वर्ष और दुल्हन 24 वर्ष की किंतु देखने से कुछ और ही प्रतीत हो रहा है।

मामले को लेकर जब संबंधित अधिकारियों से पक्ष जानने की कोशिश की गई तो फोन मिलाया गया किंतु ना उठने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। जनपद के कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है, किंतु लोगों का कहना है कि जब बाप बास और बाबू तथा सत्ता पक्ष की विधायक आपस में रिश्तेदार हो तो वही कहावत दोहराई जा सकती सैयां भये कोतवाल अब डर काहे का। यह बातें कपोल कल्पित नहीं क्योंकि विगत दिवस बेलसर में सामूहिक विवाह के दौरान ही सत्ता पक्ष के विधायक ने खुले मंच से इस बात को कहा था कि समाज कल्याण अधिकारी हमारे रिश्तेदार है।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अपार पुलिस अधीक्षक ने खरगुपुर का लिया जाएजा





गोंडा, समृद्धि न्यूज़। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत पृथ्वीनाथ मंदिर खरगुपुर में भ्रमण कर निरीक्षण किया। पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

# पुलिस अधीक्षक ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

- पीड़ित महिलाओं को त्वरित व संवेदनशील सहायता देने के लिए सम्बन्धित को दिए दिशा-निर्देश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल एवं वामा सारथी संघ की अध्यक्षा तन्वी जायसवाल द्वारा जनपद में संचालित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र पर आने वाली पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा सहायता सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सर्वप्रथम केंद्र में मौजूद पीड़ित महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, प्राप्त सहायता तथा अपेक्षाओं के संबंध में जानकारी ली गई साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पीड़िता के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर पेयजल व्यवस्था, आवासीय कक्ष, रसोईघर, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, अभिलेखों /रजिस्टरों का रख-रखाव, परामर्श कक्ष, मेडिकल कक्ष तथा विधिक सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यतन, प्रकरणों की प्रगति तथा सहायता प्रदान करने की समयबद्धता की भी समीक्षा की गई। महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि केंद्र पर आने वाली महिलाओं को तत्काल चिकित्सीय सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आवास, विधिक परामर्श तथा आवश्यकतानुसार पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। किसी भी पीड़िता को अनावश्यक प्रतीक्षा न कराई जाए तथा उनकी गोपनीयता और गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए। वामा सारथी संघ की अध्यक्षा द्वारा भी उपस्थित कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण मिलना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे खुलकर अपनी बात रख सकें। उन्होंने महिला सहायता सेवाओं को और प्रभावी बनाने हेतु समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई को संतोषजनक बनाए रखने, अभिलेखों के नियमित सत्यापन, हेल्पलाइन से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया तथा संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लापरवाही पाए जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही किए जाने की बात भी कही गई। महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पहले बीमा करवाये फिर विसुही पुल से जाएं

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा विसुही पुल निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया जिसमें सातवें दिन अनोखे तरीके से छात्रों ने विरोध दर्ज किया इस बार राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा जो जो यात्री इस पुल से जा रहे थे उनका पहले बीमा किया गया और उनको बताया गया कि यह पुल 1912 में बना था इसकी ईंटें नीचे से गिर चुकी है तो यह कभी भी पुल गिर सकता है तो आप लोग पहले राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा अपना बीमा करवा लीजिए इस बीमा में 20 लाख की जीवन बीमा किया गया है क्योंकि अधिकारी व जनप्रतिनिधि सुन नहीं रहे हैं तो आप अपनी सुरक्षा स्वयं करें इस अवसर सोनू मिश्रा जी ने बताया मै यही का निवासी हूं मैं प्रतिदिन इस पुल से आता जाता हूं पुल बहुत जर्जर है मैने जीवन बीमा करवा लिया है सुधांशु त्रिपाठी जी कहना है कि अगर यह पुल गिर जाता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी और जनप्रतिनिधियों को यह पुल दिखाई नहीं दे रहा है इस वजह से हमने अपना जीवन बीमा करवा लिया है एवं विकाश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा उनका बीमा किया गया है मै इस पुल से रोज आता जाता हूं मुझे रोज इस पुल के गिरने का खतरा लगा रहता है तथा आदित्य बिड़ला के इंश्लोई हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह से हम बीमा कर रहे हैं और आज शाम तक बीमा करेंगे कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि आज सातवें दिन तक 7821 लोगों ने हस्ताक्षर कर समर्थन किया है और हमारा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कोई सक्षम अधिकारी वार्ता नहीं करता है इस अवसर पर राहुल यादव, सनत द्विवेदी, सरवन चौहान, हिमांशु तिवारी, विनय यादव, रुद्रांश तिवारी, अजय शर्मा, सत्यम गुप्ता, राज पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### यूएई के मुशायरों में गूंजी उतरौला के शायर की आवाज



उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़। तहसील उतरौला के युवा शायर शुजा उतरौलवी ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रभावशाली शायरी प्रस्तुत कर जिले का नाम रोशन किया है। पिछले माह के अंतिम सप्ताह से लेकर इस माह के प्रथम सप्ताह के बीच संयुक्त अरब अमीरात के विभिन्न शहरों — शारजाह और दुबई — में आयोजित कई धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उन्होंने शिरकत की और श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। जानकारी के अनुसार शारजाह स्थित इमामबारगाह अली रज़ा में जश्ने अली अकबर, दुबई में शाज़ी मेहदी द्वारा आयोजित जश्ने मासूमीन, शारजाह में ज़ीशान हैदर के तत्वावधान में जश्ने मासूमीन, दुबई में कमाल जाफ़री द्वारा जश्ने सब्ज़ो-वफ़ा तथा फहीम ज़ैदी द्वारा जश्ने इमामे ज़माना का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विभिन्न देशों के साथ भारत के कई प्रतिष्ठित शायरों ने भाग लिया, जिनमें मैय्यर जलालपुरी, नसीर आज़मी, शबरोज कानपुरी और करितास कर्बलाई प्रमुख रहे। इन्हीं के साथ बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र के युवा शायर शुजा उतरौलवी ने भी अपनी प्रस्तुति देकर अंतर्राष्ट्रीय श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। विदेश यात्रा से लौटने पर क्षेत्र के साहित्यकारों, कवियों, लेखकों और आम नागरिकों ने उनका स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया। लोगों ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलने पर वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनती हैं। शुजा उतरौलवी ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि वे अपनी शायरी के माध्यम से भारतीय संस्कृति और अदबी परंपरा को विश्व स्तर पर पहचान दिलाते रहें। उन्होंने युवा पीढ़ी को साहित्य और सकारात्मक अभिव्यक्ति से जुड़ने का संदेश भी दिया। इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### यूजीसी बिल पर रोक के खिलाफ भीम आर्मी का प्रदर्शन



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी बिल के समर्थन में प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिल में हुए संशोधन पर रोक लगाए जाने के बाद दलित संगठनों ने इसे लागू करने की मांग की है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दोपहर में नगर के छावनी चौराहा, घंटाघर और पीपल तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर बिल के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यूजीसी बिल में किया गया संशोधन दलित और वंचित वर्ग के छात्रों के हित में है। उन्होंने सरकार से इस बिल को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि यूजीसी बिल में संशोधन के बाद सामान्य वर्ग के लोगों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया था। सवर्ण वर्ग द्वारा दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस संशोधन पर रोक लगा दी थी।

### जंगली जानवर ने मासूम पर किया हमला मां ने संघर्ष कर बचाई जान

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के रूपईडीहा रेंज स्थित रामनगर गांव में गुरुवार देर रात एक जंगली जानवर ने मां के पास सो रहे सात वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। मां ने बहादुरी से जानवर का मुकाबला कर अपने बेटे को बचाया, लेकिन बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। यह घटना देर रात करीब दो बजे हुई, जब अजय मिश्रा के सात वर्षीय बेटे श्याम अपनी मां पूजा के साथ बरामदे में सो रहा था। जंगली जानवर घर में घुस आया और श्याम के सिर पर हमला कर उसे खींचने लगा। बच्चे की चीख सुनकर मां पूजा की नींद खुल गई। पूजा ने तुरंत शोर मचाते हुए जानवर का सामना किया। करीब पांच मिनट तक चले संघर्ष के बाद जानवर बच्चे को छोड़कर भाग गया। हमले में श्याम के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजन घायल श्याम को तत्काल जिला अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया। मां पूजा ने बताया कि अंधेरा होने के कारण वह हमलावर जानवर को पहचान नहीं पाईं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जंगली जानवर के हमले की सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

# आपूर्ति विभाग की दुकानों पर अंकुश समाप्त होने के कारण वितरण प्रणाली प्रभावित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



जनपद में वितरण के पांचवें दिन 13 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार का हाल कुछ इस प्रकार रहा समृद्धि न्यूज़ की पड़ताल में जब गिलौली उचित दर विक्रेता की दुकान जो वर्तमान में विकासखंड पडरी कृपाल के ग्राम पंचायत बकठेरवा में स्थित है वहां जाकर देखा गया तो प्रातः 10:08 पर दुकान बंद पाई गई।

जब दूरभाष पर उचित तार विक्रेता के फोन पर बात किया गया तो उन्होंने बताया मेरे घर पर शादी होने के कारण दुकान बंद है जबकि इस बात की कोई भी सूचना चस्पा नहीं गई गई। वहां पर एक उपभोक्ता जो राशन लेने आए थे उनसे बात किया गया तो उन्होंने अपना नाम बताया जिसको मैं यहां नहीं दर्शा रहा हूं उन्होंने कहा कि मेरा दो यूनिट का कार्ड है और मुझे मात्र 8 किलो ही राशन देते हैं जब उनसे कहा गया इस बात की शिकायत क्यों नहीं करते हैं तो उन्होंने कहा कौन दुश्मनी करें जबकि इनका राशन कार्ड पात्र गृहस्थी का है वैसे तो तमाम अनियमितता की शिकायतें मिलती हैं किंतु यह तो अचानक बातें निकाल कर आई है।

# पंचायती राज विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान ओएसआर पोर्टल पर 850 ग्राम पंचायतों द्वारा ऑनबोर्डिंग न किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई तथा सभी संबंधित ग्राम पंचायतों को तत्काल ऑनबोर्ड किए जाने के निर्देश दिए गए। केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि के सापेक्ष कम व्यय करने वाले विकास खंडों को निर्देशित किया गया कि वे नियमानुसार लंबित भुगतान तत्काल सुनिश्चित करें।

समीक्षा में पाया गया कि 850 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय/जन सुविधा केंद्र द्वारा अपेक्षित सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। इस पर निर्देश दिए गए कि संबंधित ग्राम पंचायतों में जन सुविधा केंद्रों का संचालन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा अधिक से अधिक प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएं। वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक जिन ग्राम पंचायतों द्वारा ऑडिट नहीं कराया गया है, उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपने समस्त अभिलेख तत्काल संबंधित जिला लेखा परीक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अभिलेख उपलब्ध न कराने की स्थिति में संबंधित सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत iGOT पोर्टल पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित पाठ्यक्रम शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में गोनार्द स्वच्छता मार्ट के निर्माण में प्रगति धीमी पाए जाने पर कार्य में तेजी लाने तथा शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

## गंगापुर मंडी-अमृतपुर कांटा सड़क प्रकरण में हाईकोर्ट का कड़ा रुख



- मुख्य अभियंता की एकपक्षीय कार्रवाई निरस्त, ठेकेदार ने 10 करोड़ की मानहानि का किया ऐलान

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज। गंगापुर मंडी से अमृतपुर कांटा तक पुरानी सड़क की मरम्मत कार्य को लेकर उठे विवाद में बड़ा कानूनी मोड़ आ गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 11 फरवरी 2026 के आदेश में मंडी परिषद के मुख्य अभियंता गिरधारी लाल द्वारा ठेकेदार विनीत दीक्षित के खिलाफ की गई एकपक्षीय ब्लैकलिस्टिंग कार्रवाई को सख्त शब्दों में निरस्त कर दिया। मामला 27 जनवरी 2026 को दर्ज एक शिकायत पत्र से शुरू हुआ था, जिसमें ठेकेदार विनीत दीक्षित पर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। आरोप है कि कुछ कथित दलालों ने कमीशन की मांग पूरी न होने पर विभागीय अधिकारियों के माध्यम से दबाव बनाकर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कराने की साजिश रची। बिना समुचित जांच और पक्ष सुने की गई कार्रवाई को अदालत ने न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध माना। अदालत के आदेश के बाद मंडी परिषद महकमे में हड़कंप मच गया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी ठेकेदार को बिना समुचित सुनवाई का अवसर दिए दंडित करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। इस टिप्पणी को विभागीय कार्यशैली पर कड़ा तमाचा माना जा रहा है। ठेकेदार विनीत दीक्षित ने आरोप लगाया है कि उनकी छवि को जानबूझकर धूमिल किया गया और अवैध कमीशन की मांग पूरी न करने पर उन्हें निशाना बनाया गया। उन्होंने विभाग के खिलाफ 10 करोड़ रुपये के मानहानि व हर्जाने का मुकदमा दायर करने की घोषणा की है। अब इस पूरे प्रकरण ने मंडी परिषद की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देखना होगा कि विभाग इस न्यायिक फटकार के बाद क्या कदम उठाता है और क्या दोषी अधिकारियों पर कोई जवाबदेही तय होती है।

# सीआईएसएफ में चयनित हुई गंगापुर की नेहा, निःशुल्क शिक्षा ने बदली तकदीर

- जे. एस. एकेडमी ने किया सम्मानित, ट्रेनिंग के लिए किया रवाना



मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के गंगापुर ग्राम पंचायत निवासी नेहा कुमारी का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हुआ है। बेटी की इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने नेहा को सम्मानित कर ट्रेनिंग के लिए रवाना किया। नेहा, स्वर्गीय रंजीत कुमार भारती की पुत्री हैं। वर्ष 2012 में पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी। ऐसे में जे. एस. एकेडमी ने असहाय विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा देने की पहल की। इसी योजना के तहत नेहा को कक्षा एक से इंटरमीडिएट (2024) तक निशुल्क शिक्षा दी गई। विद्यालय प्रबंधक प्रियेश मौर्य ने बताया कि जिन विद्यार्थियों के सिर से पिता का साया उठ चुका है, उन्हें आर्थिक अभाव के कारण पढ़ाई न छोड़नी पड़े, इसके लिए यह मुहिम चलाई जा रही है। वर्तमान में करीब 100 छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ ले रहे हैं। नेहा की माता सुनीता ने विद्यालय प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि बेटी की पढ़ाई जारी रख पातीं। विद्यालय के सहयोग से ही यह संभव हो सका। नेहा की सफलता पर भाई अभय, चाचा राजेश भारती व उमेश भारती समेत ग्राम सभा के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि नेहा ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बनी है।

# विधिक जागरूकता शिविर संपन्न, एसडीएम ने किया निरीक्षण

- एसडीएम ने विभागों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।



तहसील परिसर मिहींपुरवा मोतीपुर में शुक्रवार को विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण उप जिलाधिकारी रामदयाल ने किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने कहा कि विधिक जागरूकता शिविरों का उद्देश्य आमजन को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग करना तथा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सरल एवं स्पष्ट भाषा में लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य जनसामान्य को न्याय सुलभ कराना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सूचना स्टॉल स्थापित कर योजनाओं, पेंशन, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। शिविर के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को सुदृढ़ करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया गया।

# मदिरा दुकान को हटाए जाने को लेकर नारी संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- शिक्षण संस्थानों के समीप संचालित है मदिरा की दुकान

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जनपद के कैसरगंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेंडी चौराहा में स्थित शिक्षण संस्थानों के समीप संचालित मदिरा दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा प्रोत्साहित नारी संघ की महिलाओं ने जिलाधिकारी को एक विस्तृत एवं संवेदनशील ज्ञापन सौंपा।

बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने जिला मुख्यालय पहुँचकर अपने आक्रोश, पीड़ा और सामाजिक चिंता को मुखर स्वर दिया।प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया कि परसेंडी चौराहा स्थित परिसर में प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल तथा राजकीय विद्यालय एक ही स्थान पर संचालित हैं, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों बालक-बालिकाएँ शिक्षा अर्जन हेतु उपस्थित होते हैं। ऐसे पवित्र शैक्षिक वातावरण से मात्र लगभग 88 मीटर की दूरी पर मदिरा दुकान का संचालन सामाजिक मर्यादा एवं नैतिक मूल्यों के प्रतिकूल है। नारी संघ की महिलाओं ने अवगत कराया कि संध्या एवं रात्रि के समय कुछ असामाजिक तत्व विद्यालय परिसर के समीप अथवा भीतर बैठकर मदिरापान करते हैं, जिससे न केवल शिक्षा का वातावरण दूषित होता है बल्कि विद्यालय की संपत्ति एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कई अवसरों पर परिसर में टूटी शराब की बोतलें, गंदगी एवं आपत्तिजनक वस्तुएँ भी पाई गईं, जो बच्चों के मानसिक एवं नैतिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डाल सकती हैं।महिलाओं ने कहा कि जहाँ ज्ञान का दीप प्रज्वलित होता है, वहाँ नशे की अंधकारमय छाया का प्रवेश समाज के भविष्य के साथ अन्याय है। शिक्षा संस्थानों के आसपास मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा का संकल्प होना चाहिए। महिलाओं की व्यथा सुनते हुए जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को स्वीकार किया तथा तत्काल कार्रवाई हेतु संबंधित उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग के अधिकारियों को तलब कर ठेका स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश को विद्यालय परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मुख्य द्वार/गेट लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार का मामला जनपद में पहली बार संज्ञान में आया है, अतः इस पर त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। नारी संघ ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक समाधान की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आगे भी अपने अधिकारों और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवाज उठाती रहेंगी।

# खेत में बुलाकर युवक की हत्या 24 घंटे में दंपत्ति गिरफ्तार

- हत्या में प्रयुक्त आला-कत्ल भी बरामद, आरोपी की पत्नी पर गलत नजर रखने को लेकर चल रहा था विवाद



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। थाना दरगाह क्षेत्र में युवक की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मामले में पति-पत्नी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आला-कत्ल बरामद कर लिया गया है।जानकारी के अनुसार दरगाह क्षेत्र के विशुनपुर राहु गांव निवासी बड़कऊ नामक व्यक्ति को आरोपियों ने बहाने से खेत में बुलाया था। वहां ईंट-पत्थर से हमला करने के बाद हंसिए से काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक द्वारा आरोपी की पत्नी पर गलत नजर रखने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में पति-पत्नी ने मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू की और दरगाह क्षेत्र के विशुनपुर स्थित सायफन के पास से आरोपी पति जसवंत और उसकी पत्नी नीलम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट, पत्थर और हंसिया बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मामले की आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# डीएम ने कक्षाओं में बच्चों से पूछे सवाल, सही जवाब देने पर बढ़ाया उत्साह

- निपुण असेसमेंट की समीक्षा कर बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के निर्देश, विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण व व्यवस्थाओं पर दिया जोर

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा प्राथमिक विद्यालय सेखुईकला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन एवं निपुण लक्ष्य के तहत प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया तथा पाठ्यक्रम आधारित शैक्षणिक प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर देने पर उन्होंने उनका उत्साहवर्धन करते हुए चॉकलेट वितरित की और नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करना और उन्हें सकारात्मक वातावरण देना शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निपुण असेसमेंट की समीक्षा करते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति अपनाते हुए प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए तथा विद्यालय में अनुशासन एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं, उपस्थिति रजिस्टर एवं शिक्षण सामग्री का अवलोकन करते हुए सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बीआरसी परिसर में संचालित आधार केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधार पंजीकरण एवं अपडेट प्रक्रिया, आमजन को मिल रही सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक मौजूद रहें।

# यादगार बना टाइनी टाट्स का फेयरवेल समारोह

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।




नगर के टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली एवं प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता तथा कक्षा 11 की छात्राएं शगुन गुप्ता व इशका सोनी ने संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा डायरेक्टर सैफ अली, प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह, संरक्षिका जहां आरा तथा संरक्षक मोहम्मद मोईन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का बैच अलंकरण कर सम्मान किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मनमोहक दौर शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता एवं हास्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। माहौल भावुक भी रहा—एक ओर साथ बिताए वर्षों की यादों के कारण विदाई का दर्द दिखाई दिया, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर खुशी भी झलकती रही। इस अवसर पर डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि संस्कारों की पाठशाला है, यहां से निकलने वाले विद्यार्थी जहां भी जाएंगे अपने आचरण से विद्यालय की पहचान बनाएंगे। प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता की कुंजी बताते हुए बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# भाजपा विधायक पर भड़के स्पीकर सतीश महाना

**▸ कहा, सदन आप चलाएंगी, माइक फेक कर चले गए बाहर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में सदन के दौरान आज हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना अपनी ही पार्टी विधायक पर भड़क गए। सतीश महाना ने गुस्से में आकर अपना माईक और हेड़फोन फेक कर सदन से बाहर चले गए। बाहर जाने से पहले उन्होने भाजपा विधायक केतकी सिंह को कहा क्या आप चलाएंगी सदन।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में सदन के दौरान लोक सेवा आयोग से जुड़ी भर्तियों के मुद्दे को लेकर चर्चा चल रही थी। इस दौरान समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर सवाल उठाया, जिस पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सवाल का जवाब दिया। जवाब खत्म होने के बाद रागिनी फिर से कुछ पूछने लगीं, जिस पर भाजपा विधायकों ने टोका-टोकी और शोर मचाना शुरू कर दिया। इस शोर-शराबे से नाराज होकर स्पीकर सतीश महाना ने सीधे भाजपा विधायक केतकी सिंह का नाम लेकर कहा कि अब आप हाउस चलाओगी। आप सब लोगों को हाउस चलाना है क्या। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष गुस्से में आकर हेडफोन और माइक फेंक दिया और कुर्सी से उठकर सदन से बाहर चले गए। सतीश महाना भाजपा के वरिष्ठ नेता है और कानपुर नगर के महाराजपुर विधानसभा से भाजपा के विधायक है। सतीश महाना सदन में आमतौर पर सख्त अनुशासन बनाए रखते हैं, लेकिन इस बार अपनी ही पार्टी के विधायकों पर भड़क गए। इससे पहले भी सतीश महाना अपनी ही पार्टी के विधायको पर नाराज हो चुके है। यह बजट सत्र के दौरान अनुशासन और सदन की कार्यवाही को लेकर तनाव का संकेत देता है।

यह पूरी घटना सदन की गरिमा और अनुशासन पर सवाल उठा रही है, लेकिन फिलहाल कोई आधिकारिक कार्रवाई या बयान स्पीकर की तरफ से नहीं आया है।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने स्पीकर सतीश महाना को शायरी सुनाकर मनाया। उन्होने कहा कि आज दुनिया को तरकीब बता दी जाए, दुश्मनी प्यार की लहरों में बहा दी जाए।इसके बाद सदन तालियों से गूंज उठा।



**सपा की रागिनी सोनकर ने उठाया लोकसेवा आयोग की नियुक्तियों का मामला**

समाजवादी पार्टी की सदस्य रागिनी सोनकर ने लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के परिणामों और नियुक्तियों में विलंबता को रोकने के लिए सरकार से पूछा कोई योजना है या नहीं।सरकार लंबित परीक्षाओं के परिणामों में बिलम्ब के कारण कई बार अभ्यर्थी ओवरएज हो जाते हैं और दूसरी नौकरी के लिए आवेदन करने लायक ही नहीं रह जाते।सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सवाल पूछा कि क्या यह बताया जाए कि लोक सेवा आयोग में कितनी भर्तियां दी गई। आरक्षण के मामले में इतनी अनियमितता क्यों हो रही है? संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रागिनी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 2026 के लिए 30 जनवरी को कलेंडर जारी हो गया है। अभी तक आयोग के द्वारा अप्रैल 2017 से अब तक 47407 पदों पर भर्ती की गई। इसमें सामान्य वर्ग के 18004 अभ्यर्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 2082 अनुसूचित जाति के 9580 और अनुसूचित जनजाति के 447 और ओबीसी 17295 पदों पर भर्ती की गई है। ओबीसी का अगर आरक्षण 27 फीसदी देखा जाए तो 12799 आता है लेकिन हमने उससे ज्यादा 17295 भर्ती किए हैं। हमने पूरा आरक्षण दिया है।

## विधानसभा में आरक्षण पर मचा घमासान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**▸ नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के आपत्तिजनक शब्द पर भड़के संजय निषाद**

**▸ आम जनता भ्रष्टाचार से ही परेशान, सदन में चर्चा नहीं : माताप्रसाद**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को उस समय माहौल गरमा गया जब नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के बीच आरक्षण के मुद्दे पर तीखी नोकझोंक हो गई।बहस के दौरान माता प्रसाद पांडेय द्वारा एक जातिगत शब्द के इस्तेमाल पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराया जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को दखल देना पड़ा। हस्तक्षेप करते हुए संबंधित आपत्तिजनक शब्द को कार्यवाही से हटाने के निर्देश दिए और सदन की मर्यादा बनाए रखने की अपील की। अध्यक्ष के आश्वासन के बाद स्थिति शांत हुई। भाषण के दौरान माता प्रसाद पांडेय ने कहा, हमने एक केवट से पूछा कि तुम ''' बनोगे? इस पर वह मुझ पर गुस्सा हो गया।

कहा- मुझे क्यों? इस पर हमने कहा कि यही आपको बनाना चाह रहे हैं। संजय निषाद पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा, निषाद समाज को आरक्षण क्यों नहीं दिला रहे हैं। मुख्यमंत्रीजी, अब तो संजय निषाद आप के साथ हैं अब इनके आरक्षण का मुद्दा समाप्त कर दीजिए। आरक्षण में मुझसे ज्यादा संघर्ष किसी ने नहीं किया है। यहां जो संजय निषाद बैठे हैं, उन्होंने भी नहीं, लेकिन हमेशा बोलते रहते हैं। समितियों की नीलामी कराने आप गए थे। वहां मारपीट हो गई थी। ये भाग खड़े हुए। मार हुई और बाद मुकदमा लिखा गया।इस पर संजय निषाद भड़क गए। उन्होंने कहा, आपने बहुत गलत शब्द का इस्तेमाल किया। इसके बाद हंगामा हो गया। विधानसभा अध्यक्ष ने संजय निषाद को बीच बचाव करना पड़ा। उन्होंने दोनों लोगों को समझाते हुए सीट पर बैठने को कहा। स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही से आपत्तिजनक शब्द को हटाने का निर्देश दिया।विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने राज्य सरकार को कई अहम मुद्दों पर घेरते हुए भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे विषयों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे अधिक भ्रष्टाचार से ही परेशान है। आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं और कई अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन उनकी स्थिति की कोई स्पष्ट जानकारी सदन को नहीं दी गई। उनका कहना था कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशें सदन के पटल पर लाई जातीं, तो सदस्य भी उनकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनका कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त आठ वर्षों से पद पर हैं, इस विषय पर सरकार को स्पष्टता लानी चाहिए। कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के मामलों में पुलिसकर्मियों का नाम आपराधिक घटनाओं में सामने आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी कार्यालय प्रभावी ढंग से काम करता नहीं दिख रहा है और राज्य में कार्यवाहक व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### निजी सुरक्षाकर्मियों व सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग को लेकर यूपी पुलिस ने जारी की एसओपी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में निजी सुरक्षाकर्मियों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण को लेकर शुक्रवार को यूपी पुलिस ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी कर दी है। जारी एसओपी के आधार पर प्रदेश में अब सुरक्षाकर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस महानिदेशक कार्यालय के मुताबिक, प्राइवेट सुरक्षा अभिकरणों के संचालन के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम-2005 (पसारा एक्ट) बनाया गया था, जिसके आधार पर उप्र सरकार द्वारा प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2009 बनायी गयी। उक्त नियमावली में वर्ष 2023 में संशोधन करते हुए नई नियमावली वर्तमान में लागू की गई है। वर्ष-2009 के शासनादेश द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था, उप्र को पसारा का नियंत्रक प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि अब तक उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 3097 लाइसेंस जारी किये जा चुके है। वर्तमान में गार्डो को उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने एवं प्राइवेट सुरक्षा के गार्ड,सुपरवाइजरों की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु उप्र राज्य में प्रशिक्षण संस्थान को लाईसेंस प्रदान किये जायेगें। पुलिस महानिदेशक कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, इससे अन्य प्रदेशों के अधिकृत प्रशिक्षण संस्थानों पर निर्भरता समाप्त होगी, जिससे प्राइवेट सुरक्षा अभिकरणों की आर्थिक लागत में कमी आने के साथ-साथ श्रम शक्ति की बचत होगी और उनके संचालन में सुविधा होगी। जबकि प्रदेश में प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी तथा जिन क्षेत्रों में ये संस्थान स्थापित होंगे, वहां आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी एवं जनसामान्य में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ होगी।

### एलडीए के उपाध्यक्ष को लेकर गिरी लिफ्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सीजी सिटी स्थित सीएसआई टावर में शुक्रवार को बड़ा हादसा होते-होते बचा। निरीक्षण के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार समेत 7 अधिकारी लिफ्ट में सवार थे, तभी सातवीं मंजिल पर पहुंचते ही लिफ्ट अचानक झटके खाती सरसराते हुए नीचे आकर गिरी। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई, लेकिन कुछ देर तक सभी अधिकारी लिफ्ट में फंसे रहे। घटना के बाद टावर परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही इंजीनियर और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

### पिकअप ने बाइक सवार दो भाइयों को रौंदा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में मुजासा स्थित जश्न रिसॉर्ट के पास सड़क हादसा हुआ। लखनऊ-हरदोई रोड पर गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक भाई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल भाइयों की पहचान अखिलेश और गणेश के रूप में हुई है, जो किशन कुमार प्रजापति के पुत्र हैं। ये दोनों हरदोई के संडीला स्थित ग्राम गौशगंज के निवासी हैं और घटना के समय जानकीपुरम, लखनऊ जा रहे थे। चश्मदीदों के अनुसार, पिकअप चालक लापरवाही से गलत दिशा में वाहन चला रहा था। सामने से आ रही मोटरसाइकिल को सीधे टक्कर लगी, जिससे मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में छोटे भाई की हालत अत्यंत गंभीर है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

### आरके विंटर कप 2026 का भव्य समापन आरके क्रिकेट ट्रेनिंग बनी विजेता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आरके विंटर कप 2026 का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक और यादगार साबित हुआ। टूर्नामेंट के आखिरी दिन मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। युवा खिलाड़ियों के जोश और उत्साह ने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। फाइनल में आरके क्रिकेट ट्रेनिंग और प्रतिद्वंद्वी टीम के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अंततः आरके क्रिकेट ट्रेनिंग ने 74 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत ने यह साबित कर दिया कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतर रणनीति, अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में आरके क्रिकेट ट्रेनिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। टीम के सलामी बल्लेबाज़ों ने संभलकर शुरुआत की और धीरे-धीरे रन गति बढ़ाई। मध्यक्रम के बल्लेबाज़ों ने तेज़ रन बनाकर स्कोर को मज़बूत स्थिति में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में बड़े शॉट्स की बदौलत टीम ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विरोधी टीम को आरके क्रिकेट ट्रेनिंग के गेंदबाज़ों ने शुरुआत से ही दबाव में रखा। सटीक लाइन-लेंथ और कसी हुई फील्डिंग के चलते विरोधी टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और अंततः 74 रनों से हार गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंडर-19 भारतीय कप्तान एवं उत्तर प्रदेश रणजी टीम के खिलाड़ी रविकांत शुक्ला मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। रविकांत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही खिलाड़ी बड़े मंच तक पहुंचते हैं। उन्होंने युवाओं को सही मार्गदर्शन चुनने और फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने खिलाड़ियों में नया आत्मविश्वास भरा।

## जलशक्ति मंत्री ने सरदार पटेल सिंचाई भवन का किया लोकार्पण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित सरदार वल्लभभाई पटेल सिंचाई भवन का लोकार्पण किया, इस अवसर पर जलशक्ति राज्यमंत्री राकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियन्ता, विभागाध्यक्ष इं संदीप कुमार, प्रमुख अभियन्ता परिकल्प एवं नियोजन इं अशोक कुमार सिंह, मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता तथा अन्य अभियन्ता गण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिंचाई भवन के उद्घाटन पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि यह भवन सिंचाई विभाग के कार्यों एवं कार्यक्षमता को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करेगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन में बेसमेंट तथा भूतल पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के साथ प्रथम तल से चतुर्थ तल तक 600 अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु बैठने की व्यवस्था की गई। इस भवन में अधिकारियों की समीक्षा बैठक एवं अन्य मीटिंगों हेतु हॉल निर्मित है। यह भवन विभागीय कार्यकुशलता को बढ़ाने के साथ जनहितकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इसके साथ ही सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से संबंधित कोर्ट केसेज के ऑनलाइन अनुश्रवण हेतु सूचना प्रणाली संगठन द्वारा विकसित एएआईएस पोर्टल का भी उद्घाटन किया। पोर्टल कोर्ट केसेज एवं आर्बिट्रेशन प्रकरणों को डिजिटल करते हुए उनका तत्क्षण अनुश्रवण सुलभ करने, पारदर्शिता रखने एवं प्रत्येक स्तर पर त्वरित प्रभावी कार्यवाही करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोर्टल द्वारा कोर्ट केसेज के विभिन्न प्रकार के मासिक एवं अन्य रिपोर्ट स्वजनित होने से कागज एवं स्थान की भी बचत होगी।

## राजेश्वर सिंह ने कविता के जरिये गिनाई बजट की खूबियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए चौट जीपीटी से तैयार कराई गई एक कविता सदन में पढ़ी। उनके इस अंदाज ने सदन में हलचल पैदा कर दी और सत्ता-पक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाकर समर्थन जताया।राजेश्वर सिंह ने कहा कि नई तकनीक के दौर में अब राजनीति भी डिजिटल हो रही है और उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कविता के माध्यम से विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। कविता में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष की कड़ी आलोचना की।इस दौरान विपक्षी दलों ने आपत्ति भी जताई, लेकिन भाजपा विधायक ने कहा कि यह रचनात्मक तरीके से जवाब देने का माध्यम है।

## हरिहरपुर व अंसल खेवली की खाली भूमि के संरक्षण व सदुपयोग के निर्देश



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

जोन-8 अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर तथा अंसल खेवली गांव का निरीक्षण शुक्रवार को महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार राव सहित नगर निगम के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में नगर निगम की परिसंपत्तियों की स्थिति का जायजा लेना तथा उनके प्रभावी संरक्षण और उपयोग को सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरानमहापौर ने हरिहरपुर एवं खेवली गांव में नगर निगम की खाली पड़ी भूमि का स्थलीय अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भूमि की वर्तमान स्थिति, स्वामित्व अभिलेख, सीमांकन और उपयोग की संभावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम की सभी खाली पड़ी भूमि का तत्काल प्रभाव से सीमांकन कराते हुए तारबाड़ एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की संपत्तियों का संरक्षण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही महापौर ने यह भी निर्देश दिए कि इन खाली पड़ी भूमियों का योजनाबद्ध तरीके से सदुपयोग किया जाए, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके।

उन्होंने सुझाव दिया कि आवश्यकता के अनुसार इन स्थलों पर सामुदायिक सुविधाएं, पार्किंग, व्यावसायिक उपयोग अथवा अन्य राजस्व सृजन से संबंधित परियोजनाएं विकसित की जा सकती हैं। इस संबंध में एक समग्र कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने महापौर को आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का पालन समयबद्ध तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## नवयुग में भव्य अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नवयुग कन्या महाविद्यामलय राजेंद्र नगर के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में एवं प्रबंधक विजय दयाल के संरक्षकत्व में रसायन शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर नेहा अग्रवाल के संयोजकत्व में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ÷ब्रीजिंग डिसप्लींस थ्रू केमिकल साइंस फार ए सस्टेनेबल फ्यूचर- 2026 हाईब्रिड मोड से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्या के द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ। सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ईश मंगलाचरण से किया गया। मुस्कान मिश्रा बी ए द्वितीय सत्र ने दीप प्रज्जवलन मंत्र एवं सरस्वती गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा स्वागत भाषण किया गया एवं सेमिनार संयोजिका डॉ. नेहा अग्रवाल द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया। उद्घाटन सत्र मे कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रोफेसर जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजकुमार मित्तल कुलपति बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य वक्ता प्रोफेसर श्रीकांथ बी. जोनालगड्डा डरबन दक्षिण अफ्रीका की सराहनीय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा-कि सतत विकास में रासायनिक विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका पर्यावरण अनुकूल तकनीकों, हरित रसायन, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से प्रदूषण को कम करना है। विज्ञान मानव जीवन को सुगम बनाता है, जब से मनुष्य का जीवन आरंभ हुआ है तब से रसायन विज्ञान भी हमारे अस्तित्व के साथ है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव से कैसे बचा जाए इस सेमिनार में इस पर विचार मंथन होना चाहिए।

## अभ्युदय योजना की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, संयुक्त निदेशक निलंबित, मंत्री को मिली थी शिकायत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया गया है।

प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर आगे विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि में निदेशालय से संबद्ध रहेंगे और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की गोपनीय शिकायत समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण को मिली थी जिसके आधार पर जांच हुई, जिसमें संयुक्त निदेशक श्री बिसेन दोषी पाए गए। मंत्री ने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ कर कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से ठीक तरीके से सत्यापन नहीं हुआ।

इंटरव्यू और चयन से जुड़े जरूरी दस्तावेज विभागीय पत्रावली में उपलब्ध नहीं थे।चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए गठित समितियों द्वारा साक्षात्कार व सत्यापन कराए जाने का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर चयन की संस्तुति की गई, जिससे योजना की पारदर्शिता प्रभावित हुई।29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेश भर में संचालित कोचिंग में आउटसोर्सिंग पर लगे कोचिंग कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत मिली थी। जांच में सामने आया कि कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए।

### यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में छात्रों का एलयू में हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजीसी के समर्थन में शुक्रवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने जोरदार हंगामा किया। छात्रों की कोशिश 'समता संवर्धन मार्च' निकालने की थी। वो मार्च निकालते कि इससे पहले ही पुलिस ने आरआरएफ के साथ मिलकर छात्रों को घेर लिया। इस दौरान छात्र जमीन पर बैठ गए। पुलिस ने सबको सड़क पर घसीट-घसीटकर गाड़ी में डाल दिया। इस दौरान एक छात्र ऐसा भी था जिसे पुलिस गाड़ी के अंदर डाल रही थी लेकिन वह चिल्ला रहा था- 'मैं धरने में नहीं हूं। मैं धरना नहीं कर रहा हूं।' कुछ देर बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। करीब 350 छात्रों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ जमकर नोकझोंक भी हुई।

**सतर्कता** | **डॉक्टरों ने दी चेतावनी, समय रहते करें जांच और बचाव**

## डायबिटीज, मोटापा व बीपी से बढ़ रहा दिल की बीमारी का खतरा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



खराब खानपान और भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण डायबिटीज, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ये तीनों बीमारियां मिलकर दिल की बीमारी का खतरा कई गुना बढ़ा देती हैं।

लापरवाही बरतने पर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है। यह जानकारी लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठ्ठी ने दी। वह शुक्रवार को केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कॉर्डिकॉन 2026 को संबोधित कर रहे थे। कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से कान्फ्रेंस हो रही है। विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठ्ठी ने कहा कि डायबिटीज होने पर खून में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे नसों को नुकसान पहुंचता है। इससे दिल तक खून पहुंचाने वाली धमनियों में रुकावट का खतरा बढ़ जाता है। वहीं मोटापा, खासकर पेट पर चर्बी बढ़ना, दिल के लिए खतरनाक है। इससे शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। दिल पर दबाव पड़ता है। हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर कहा जाता है। लंबे समय तक बीपी बढ़ा रहने से दिल की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। अगर किसी व्यक्ति को डायबिटीज के साथ बीपी या मोटापा भी है तो उसे दिल की बीमारी होने की आशंका और ज्यादा रहती है। कॉर्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. धीमान कहाली ने कहा कि दिल की बीमारी से बचने के लिए मोटापा से बचें। नियमित कसरत करें। मीठी व नमक का सेवन कम करें। फास्ट फूड व डिब्बा बंद भोजन भी दिल की सेहत के लिए खतरा है। डॉ. अक्षय प्रधान ने कहा कि 30 साल की उम्र के बाद नियमित रूप से ब्लड शुगर, बीपी और कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए। रोजाना कम से कम आधा घंटा टहलना, संतुलित भोजन करना, नमक और तले-भुने खाने से परहेज, धूम्रपान से दूरी और वजन नियंत्रित रखना जरूरी है। समय पर जांच और इलाज से दिल को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रेस वार्ता में डॉ. मोनिका, डॉ. अभिषेक, डॉ. आयुष शुक्ला तथा डॉ. उमेश त्रिपाठी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कार से छह लोगों को कुचलने वाले आरोपी छात्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात कार ने ऑटोरिक्शा और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। इस घटना में छह साल के बच्चे की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बंथरा थाने को बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक अज्ञात कार ने एक ऑटो रिक्शा और सड़क पर चल रहे लोगों को टक्कर मारी। पुलिस ने बृहस्पतिवार रात बताया कि घायलों की पहचान अरमान (12), अवध बिहारी (42), साधना वर्मा (35), मीना देवी (60) और दीक्षांत पटेल (छह) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

दीक्षांत की हालत गंभीर थी, इसलिए उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पीड़ितों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (कृष्णा नगर) रजनीश वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने घटना में शामिल कार के चालक को हिरासत में ले लिया है तथा लापरवाही से गाड़ी चलाने और सार्वजनिक जगहों पर दूसरों की जान खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी 21 साल का 12वीं कक्षा का छात्र है। वह और उसके चार दोस्त कार में थे और वे एक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है और उसने अपने दोस्त से एक दिन के लिए कार उधार ली थी। उसने कहा कि ब्रेक और एक्सेलरेटर में कुछ भ्रम हुआ और एक टायर फट गया, जिससे कार ऑटोरिक्शा से टकरा गई। उन्होंने कहा कि आरोपी के दावों की पुष्टि की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### नदी किनारे बरामद शव की गुमशुदा सोनपाल के रूप में हुई शिनाख्त, बेटे ने लगाया हत्या का आरोप, दी तहरीर



**तिलहर-शाहजहांपुर।** तीन दिन पूर्व नदी के किनारे बरामद हुआ शव की एक माह से गुमशुदा ग्रामीण सोनपाल 55 के रूप में शिनाख्त की गई है। बता दें कि बीती 23 मई को कोतवाली क्षेत्र के गांव राई खेड़ा निवासी बलबीर ने अपने पिता सोनपाल पुत्र मुला 55 की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि उसके पिता सोनपाल 11 जनवरी को घर से दवा लेने निकले थे । और घर बापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश की गई । जब कोई सुराग नहीं लगा तो बलबीर ने पिता की दस दिन बाद गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तीन दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ही गांव पिंगरा पिंगरी के समीप गर्रा नदी के किनारे एक बरामद हुआ था । जिसकी शुक्रवार को पीएम हाउस पहुंचकर बलबीर ने पिता सोनपाल के रूप में शिनाख्त की । शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उधर मृतक सोनपाल के बेटे बलबीर ने पिता की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मनोज पुत्र दामोदर व दामोदर पुत्र मंशाराम हत्या करने का आरोप लगाया है।

### पुरानी रंजिश जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना पुवायां क्षेत्र में नमाज के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीते दिनों तमंचे से फायर कर युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने वांछित अभियुक्त अजमेरुल हसन को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। सात फरवरी को ग्राम खिरिया पाठक निवासी मोमीन खाँ ने थाना पुवायां पर तहरीर देकर बताया था कि नमाज के दौरान एक साल पुरानी बात को लेकर विवाद हुआ। गाली-गलौज व विरोध के बाद आरोपी ने घर में घुसकर हमला किया। इसी दौरान अजमेरुल हसन ने तमंचे से फायर कर ममनून खाँ को घायल कर दिया, जबकि अन्य आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर परिजनों को चोट पहुंचाई। मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर 13 फरवरी की सुबह बगडेर तिराहे से अभियुक्त अजमेरुल हसन को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आयुध अधिनियम की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि पारिवारिक झगड़े के दौरान गुस्से में उसने फायर किया था और घटना के बाद से फरार था।

### बिना परमिट काटे गए सागौन के 15 पेड़, सिर्फ 5 पेड़ों पर कार्रवाई

**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेला के गांव जमुनहा में सागौन के पेड़ों के कटान को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार दो अलग-अलग स्थानों पर पेड़ काटे गए। एक स्थान पर खेत में करीब पांच पेड़ों का कटान किया गया, जिस पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई बताई जा रही है। वहीं दूसरी जगह करीब दस सागौन के पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई है। मौके पर कटे हुए ठूंठ पत्तों से ढके मिले। बावजूद इसके इस स्थान पर अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। आखिर किसकी शह पर बिना परमिट के अवैध कटान खुटार क्षेत्र में किया जा रहा है जांच का विषय है। हालांकि सूत्रों के अनुसार स्थानीय वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी चर्चाएं हैं। इस संबंध में आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की गई है। मामले पर शाहजहांपुर के प्रभागीय वन अधिकारी ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई कराई जाएगी और यदि अवैध कटान की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार उसकी 18 वर्षीय पुत्री 7 फरवरी की रात करीब तीन बजे गांव के ही रामू, उसकी मां मोहिनी और निखिल के साथ चली गई। आरोप है कि इस घटना में कल्लू भी शामिल था। परिजनों का कहना है कि युवती अपने साथ हाथफूल, हार, पायल, टीका और करीब छह हजार रुपये नकद भी ले गई है। घटना की जानकारी होने पर परिवार ने तलाश की, लेकिन पता न चलने पर पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

### जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले आरोपी को पुलिस ने तमंचा सहित किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नियत से गाली गलौज मारपीट तथा तमंचे से फायर करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। थाना क्षेत्र के गांव खिरिया पाठक निवासी मोमीन खां पुत्र बस्सू खान 7 फरवरी को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उनका विवाद पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रबील हसन , अमन अली, असमेरुल हसन, समीर हसन, रोजे अली, आसिफ, शाहिद हसन, अमीर हसन, समसुल हसन, इशरत अली ,शब्बीर खान से चल रहा था। 6 फरवरी को दिन में उसका पुत्र ममनून खान गांव में ही मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहा था। तभी उक्त लोगों ने गाली गलौज किया जिस बात का उसने विरोध किया तो सभी लोग ईट पत्थर चलाने लगे तथा अजमेरुल हसन पुत्र दफेदार ने तमंचे से फायर कर दिया । फायर ममनून के कोख में लगा। जिससे वह घायल हो गया। और उसकी चाची तथा मां भी घायल हो गई थी। पुलिस ने हत्या करने के प्रयास में वांछित चल रहे आरोपी अजमेरूल हसन को 315 बोर तमंचा और एक कारतूस के समेत बगड़ेर तिराहे से गिरफ्तार कर मेडिकल कराते हुए कोर्ट में पेश किया। जिसे जेल भेज दिया गया।

### छावनी के पूर्व उपाध्यक्ष ने मुख्य अधिकारी को सौंपा पत्र

**शाहजहांपुर।** छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने छावनी परिषद के मुख्य अधिकारी राहुल कुमार यादव से मुलाकात की और एक पत्र दिया, जिसमें उन्होंने छावनी परिषद क्षेत्र निकट नालंदा स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के सामने ओपन जिम में एक्सरसाइज करने वाली खराब मशीनों को निकलवा कर मसल्स एक्सरसाइज वाली मशीन नई मशीन लगवाने, रोडवेज बस स्टैंड के सामने सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क के टूटे गेट को पुन स्थापित करने, जीएफ कॉलेज ग्राउंड में बच्चों के पानी पीने के लिए हैंडपंप लगवाने, आर्मी टीसीपी गेट के सामने मॉर्निंग वॉकर्स क्लब के बैठने के लिए दो बेंच लगवाना, करिअप्पा रोड पर सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए साउंड सिस्टम को रिपेयर करवाने का ज्ञापन दिया। जिसके मुख्य अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार यादव ने मॉर्निंग वॉकर्स के लिए लोहे की मजबूत बेंच लगाने की बात कही। पटेल पार्क को गेट सही करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि कैंट क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट का काम चल रहा है जैसे ही लाइट का काम पूरा होता उसके पश्चात साउंड सिस्टम का काम करवा दिया जाएगा।

### अधिवक्ताओं ने तहसीलदार का किया घेराव, जमकर की नारेबाजी, तहसीलदार की कार्यशैली से नाराज हैं अधिवक्ता, दे चुके हैं ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** सदर तहसीलदार के खिलाफ शुक्रवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तहसीलदार को चेंबर में घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि तहसीलदार पुरानी फाइलों की सुनवाई नही करते है और मनमानी से कार्य करते है। अधिवक्ताओं के प्रति उनका रवैया ठीक नही है। इसके बाद अधिक्ताओं ने तहसील परिसर में बैठकर धरना दिया। सदर तहसील के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को सदर तहसीलदार को कार्यालय में घेर लिया और उनके कार्यालय में भी जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मुर्दाबाद के नारे लगाए। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसीलदार मनमानी तरीके से कार्य करते हैं। पुरानी फाइलों की सुनवाई नही कर रहे हैं और अधिवक्ओं के साथ उनका व्यवहार अच्छा नही हैं। अधिवक्ओं ने अभी समाधान दिवस में ज्ञापन भी दिया था, लेकिन इसके बाद भी तहसीलदार के रवैया में बदलाव नही हुआ। जिससे आज तहसील के अधिवक्ओं का गुस्सा तेज हो गया और वह नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के कार्यालय में घुस पड़े और उन्होंने तहसीलदार का घेराव करते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके जानकारी मिलने के बाद एसडीएम भी मौके पर पहुंच गए और अधिवक्ओं का शांत करने का प्रयास किया, लेकिन अधिवक्ताओं ने इसके बाद तहसील परिसर में धरना देकर विरोध जताया। उन्होंने कहा तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। तहसील में कार्य नही होने के कारण वादकारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। तहसीलदार अपने रवैया में बदलाव लाने की जरूरत नही समझ रहे है। इसके बाद पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया। काफी देर तक अधिवक्ओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सदर के तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एडीएम के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले एडीओ समाज कल्याण, जारी होगा नोटिस

- शौचालयों में गंदगी देखकर नाराज हुए एडीएम वित्त, कई गांवों का भी किया निरीक्षण

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को नगर पंचायत बंडा का एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय, शौचालयों एवं विभिन्न रजिस्टरों के रखरखाव की जांच की। कार्यालय परिसर में बने शौचालय में गंदगी मिलने पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही एसआईआर फार्मों में मतदाताओं को होने वाली परेशानियों के चलते कई मतदाताओं ने नगर पंचायत कार्यालय पर ही एडीएम से मामले की शिकायत की जिस पर एडीएम ने कार्यालय से कर्मचारी को फोन कर डांट फटकार लगाई और नोटिस जारी करने को कहा। इसके बाद उन्होंने थाने के समीप बने सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। कर्मचारियों ने एडीएम को बताया कि पांच वर्ष पूर्व इस शौचालय को बनाया गया था जिसके बाद ठेकेदार का निधन हो गया। शौचालय की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाई और शौचालय पर एक सफाई कर्मचारी की नियमित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में एडीएम ने गांव धर्मापुर में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल तथा बालाजी नगर, बंडा में बन रही लाइब्रेरी व पार्क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एडीएम ब्लॉक कार्यालय पहुंचे, जहां रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक न मिलने पर नाराजगी जताई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एडीओ समाज कल्याण के अनुपस्थित होने पर एडीएम ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिसके बाद एडीएम ने ग्राम पंचायत लालपुर आजादपुर के गांव नरायनपुर में आवास, विद्यालय व तालाब का निरीक्षण किया। एडीएम ने नरायनपुर में बने पार्क पंडित रामप्रसाद बिस्मिल पार्क देख प्रतिनिधि फतेहचंद वर्मा की प्रशंसा की। वहीं एडीएम के निरीक्षण के बाद नगर पंचायत और ब्लॉक कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

## एसआईआर नोटिस सुनवाई में शिथिलता के चलते छह अधिकारियों से जवाब-तलब

- एसडीएम सदानंद सरोज ने औचक निरीक्षण में पाई लापरवाही, डीएम को रिपोर्ट भेजी

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसआईआर के मद्देनजर चल रही नोटिस सुनवाई का एसडीएम सदानंद सरोज ने औचक निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान जनसुनवाई काम न करने वाले छह अधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए डीएम को रिपोर्ट प्रेषित की है। शुक्रवार को एसआईआर नोटिस निस्तारण के चलते की जा रही जनसुनवाई का एसडीएम सदानंद सरोज ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विपणन निरीक्षक आरती पटेल ने 4826 नोटिस के सापेक्ष केवल 159 , बीडीओ निगोही रमेश पंकज ने 4210 के सापेक्ष 286 , अवर अभियंता तिलहर एवं जैतीपुर प्रदीप सिंह ने 3301 के सापेक्ष 311 , आबकारी निरीक्षक अंकिता सिंह ने 3505 के सापेक्ष 330, अवर अभियंता समर शुक्ला ने 3779 के सापेक्ष 356 व बीडीओ तिलहर बृजेश कुमार ने 2486 के सापेक्ष 359 नोटिसों की ही जनसुनवाई की है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में रुचि नहीं ली जा रही है । जिससे कार्य प्रगति प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी अधिकारियों को तीन दिन के अंदर कार्य में सुधार करते हुए लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक कार्य नहीं किया गया तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी । निरीक्षण रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर दी गई है।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**





पुलिस के द्वारा अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक निर्देशानुसार क्षेत्राधिकार पुवायां के पर्यवेक्षक व थाना अध्यक्ष खुटार के नेतृत्व में थाना खुटार पुलिस टीम के द्वारा देखरेख शांति व्यवस्था जुर्म जरायम चेकिंग संदिग्ध वाहन एवं तलाश वांछित वारण्टी अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर मैलानी से ग्राम चांदपुर जाने वाले रास्ते पर करीब 20 मीटर की दूरी से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से करीब 106 ग्राम अवैध स्मैक, दो मोबाइल को बरामद किया गया। जिनके विरुद्ध खुटार पुलिस के द्वारा विधि के कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

## अकीदत और मोहब्बत के साथ शुरू हुआ सैयद दादा मियां का तीन दिवसीय सालाना उर्स



**शाहजहांपुर।** महमंद हद्दफ स्थित बेरी वाले कब्रिस्तान में हजरत सैयद दादा मियां का तीन दिवसीय सालाना उर्स बेहद अकीदत और सम्मान के साथ शुरू हो गया। उर्स का आगाज मिलाद शरीफ से हुआ, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर फातिहा पढ़ी और दुआएं मांगीं। पूरे परिसर में रूहानी माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज फ़राज़ ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत से की। इसके बाद मौलाना अनीस और मौलाना तौकीर ने नात-ए-पाक पेश कर महफिल को इश्क-ए-रसूल की खुशबू से महका दिया। नात सुनकर मौजूद लोग भाव-विभोर हो उठे। मौलाना मेराज ने अपने बयान में हजरत सैयद दादा मियां की जिंदगी, उनके किरदार और इंसानियत व भाईचारे के पैगाम पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि औलिया-ए-किराम की तालीमात समाज में मोहब्बत, अमन और एकता का संदेश देती हैं। पूरे कार्यक्रम की निज़ामत मौलाना गुलज़ार अहमद ने शानदार अंदाज में की। उर्स के पहले दिन ही बड़ी संख्या में जायरीन ने दरगाह पर चादरपोशी कर मुल्क व कौम की सलामती के लिए दुआ की। इस मौके पर कमेटी मेंबर गुड्डे खां, दानिश खां, नेहाल खां, फूल मियां, शाहनवाज खां, रहमान खां सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित लोग मौजूद रहे। कमेटी की ओर से उर्स के सफल आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

## युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या, मचा कोहराम



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम याकूबपुर में शुक्रवार को एक युवक ने अपने कमरे में बंद होकर खुद को तमंचे से गोली मार ली। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद ले जाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दे कि थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव याकूबपुर मे उस समय सनसनी फ़ैल गयी जब एक युवक ने कमरे मे बंद होकर खुद को गोली मार ली। गोली लगने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक का नाम गोविन्द उर्फ़ विकास है। मिली जानकारी के अनुसार गोविंद उर्फ विकास अपनी मामी का एक्सरे कराने गया था। घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। और अंदर से कुंडी लगा ली। अचानक गोली की आवाज सुनकर पिता सुखपाल सिंह कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा बंद देख खिड़की तोड़कर गोविन्द की माँ अंदर घुसी जिसके बाद उन्होंने दरवाजा खोला। तो विकास सीने पर गोली लगे पड़ा था। परिजन उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र नगरिया ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने विकास को मृतक घोषित कर दिया। वही गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पूरा परिवार सदमे में डूबा हुआ है और असमंजस की स्थिति में है। फिलहाल सुचना पर पहुंची पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय घटना स्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले कि जांच कि जा रही है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जमीनी विवाद में गांव सिल्हुआ में गुरुवार रात को दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस से हाथापाई हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस की प्राइवेट गाड़ी का शीशा को ईट मारकर तोड़ दिया गया। घटना की जानकारी पाकर थाने से और पुलिस फोर्स भेजी गई। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस के अनुसार, जमीन के मामले में विवाद की सूचना पर पुलिस गांव गई थी। विवाद के बाद एक आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिसकर्मियों और गाड़ी का शीशा तोड़ने से जैसी घटना नहीं हुई है। जबकि गांव में इस बात की काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

गांव सिल्हुआ में गुरुवार रात को सत्यपाल और पंछी देवी के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया था। सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे और पूछताछ की थी। लेकिन दोनों पक्ष विवाद करते रहे। पुलिस के समझाने और पांच से छह पुलिसकर्मियों से मामला नहीं संभला तो यूपी 112 डायल पुलिस को बुला लिया गया। बाद में पुलिस और एक पक्ष से काफी नोकझोंक हो गई। पुलिस के गाली-गलौज करने पर मामला हाथापाई पर उतर आया। इस बीच गांव में भारी तादाद में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस का एक पक्ष से विवाद होने की सूचना पर थाने से पुलिस फोर्स पहुंच गई। चर्चा है कि पुलिस से एक पक्ष का विवाद हो गया और ईट मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। हालांकि इस मामले में आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी एक पक्ष के घर में तोड़फोड़ कर घर की महिलाओं, से मारपीट के मामले में खुटार पुलिस के द्वारा रात को ही एक आरोपी को पकड़कर थाने ले आई शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। जबकि थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह के मुताबिक, पुलिसकर्मियों से कोई विवाद नहीं हुआ और न ही कोई हाथापाई हुई है। गाड़ी में शीशा तोड़ने की बात भी गलत है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## आटो सीज, दो वाहनों का चालान



**शाहजहांपुर।** परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा शुक्रवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए विभिन्न चौराहों के पास लगने वाले जाम को हटवाया गया। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनो की चेकिग करते हुए विभिन्न पेट्रोल पम्पों की जांच की गयी। मॉडिफाई साइलेन्सर लगाने वाले एक वाहन का चालान किया गया। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के अभियोग में एक आटो सीज तथा 2 अन्य वाहनों के चालान भी किये गये। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय व पुलिस व परिवहन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। एआरटीओ ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करेते हुए नियमानुसार ही वाहन का संचालन करें, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

## नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस ने लिया चोरी का जायजा

- गुरुवार को बंद घर के ताले तोड़कर हुई थी चोरी



**तिलहर - शाहजहांपुर।** बीते दिन नायब तहसीलदार अमित कुमार के किराए के घर के तले तोड़कर चोरी किए जाने के मामले में शुक्रवार को उनके पहुंचने पर पुलिस ने मकान खुलबाकर चोरी गए समान का जायजा लिया। नगर में ब्लॉक परिसर से सटी गुरगवां कॉलोनी में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब किराए के घर में रहने वाले नायब तहसीलदार के यहां साफ सफाई करवाने पहुंचे ड्राइवर को मेन गेट का ताला टूटा मिला। नायब तहसीलदार चूंकि सरकारी कार्य से प्रयागराज गए हुए थे। सो उन्हें घटना की सूचना दी गई । पुलिस ने उनके आने तक घर को बंद कर दिया था। शुक्रवार को अमित कुमार व मकान मालिक सुरेश गंगवार भी यहां पहुंचे उनकी मौजूदगी में मकान खोल कर पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि कोई कीमती सामान जाने से पीड़ित ने इनकार किया है। चोरों का सुराग लगाया जा रहा है।

## जनपद को जिला अस्पताल दिलाने की मांग को राज्यसभा सांसद ने राज्यसभा में उठाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा जनपद वासियों की वर्षों पुरानी पीड़ा को दूर करने की दिशा में सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने एक बेहद सराहनीय कदम उठाया है। आज राज्यसभा में शून्य काल के दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने जनपद शाहजहांपुर के अति गम्भीर और जनहित से जुड़े विषय शाहजहांपुर में जिला अस्पताल बनाए जाने तथा स्वास्थ्य विभाग संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने राज्यसभा में शून्य काल में कहा कि शाहजहांपुर जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाए जाने के कारण जिला अस्पताल का अस्तित्व समाप्त हो गया है। जबकि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक जिला अस्पताल होना अति आवश्यक है। जो पहले का जिला अस्पताल है, जिसमें मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाई जा रही है। उससे मेडिकल कॉलेज की दूरी लगभग 8 किलोमीटर है। जिससे मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर तथा छात्रों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। शाहजहांपुर के जिग्नेरा में मेडिकल कॉलेज बना है। वहां पर जमीन भी खाली पड़ी है। जहां मेडिकल कॉलेज का ओपीडी तथा अन्य भवन बनाया जाना आवश्यक है। जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलाए जाने के कारण शाहजहांपुर के लोगों का निशुल्क इलाज नहीं हो पा रहा है। मेडिकल कॉलेज का भवन बन जाने से जिला अस्पताल पूर्व की भांति अपने स्वरूप में आ जाएगा। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों में जिस तरह देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य हो रहा है वह सराहनीय है। सांसद राज्यसभा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से जनहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु शाहजहांपुर में मेडिकल कॉलेज की खाली पड़ी जमीन पर मेडिकल कॉलेज की ओपीडी तथा अन्य आवश्यक भवन बनाए जाने तथा शाहजहांपुर में बने नए मेडिकल कॉलेज में सीसी यूनिट, न्यूरो विभाग, हृदय रोग विभाग, एमआरआई, सीटी स्कैन, कैंसर संबंधी विभाग खोलने के साथ आधुनिक सुविधाओं की कमी को पूरा करते हुए डॉक्टर तथा नर्सो की तैनाती कराने की मांग की है।

# सामूहिक ध्यान से जाग्रत हुई चेतना की ऊर्ध्व यात्रा

- श्रीराम चन्द्र मिशन आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब
- देश-विदेश के हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर की विश्व कल्याण की कामना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्रीराम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम की पुण्य धरा पर बसंत उत्सव 2026 के प्रथम चरण के द्वितीय दिवस का शुभारंभ ध्यान-साधना से हुआ।

देशदृविदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए मंगल की कामना कीं। संपूर्ण आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना की दिव्य तरंगों से आलोकित हो उठा।

इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि दैवीय प्राणाहुति के माध्यम से चेतना के उच्चतर आयामों के द्वार स्वतः खुलते हैं। यह साधना मनुष्य को संसार से विरक्त होने का नहीं, बल्कि भीतर से परम सत्ता से जुड़ते हुए गृहस्थ जीवन में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का मार्ग सिखाती है। उन्होंने बताया कि दिव्य प्राणाहुति की जीवंत धारा अल्प समय में ही निष्ठापूर्ण दैनिक अभ्यास द्वारा साधक को समाधि की अवस्थाओं तक पहुँचा देती है। यह अमूल्य विद्या कालांतर में लुप्तप्राय हो गई थी, जिसे मिशन के आदि गुरु लाला जी महाराज ने पुनः खोजकर मानवता को प्रदान किया। इस पावन परंपरा को पूज्य बाबूजी महाराज ने जनदृजन तक पहुँचाकर हृदय से हृदय तक आध्यात्मिक चेतना का वास्तविक संप्रेषण किया। पूज्य दाजी ने अभ्यासियों का आवाहन किया कि वे अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के पथ पर अग्रसर हों तथा अपने जीवन को साधना का सजीव माध्यम बनाएं। इस मौके पर बाबूजी महाराज के प्रपौत्र विनीत चंद्रा ने बाबूजी महाराज के साथ पारिवारिक जीवन में बिताए गए क्षणों को साझा किया। श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम के उद्घाटन समारोह के साक्षी रहे मिशन के वरिष्ठ अभ्यासी रघुवीर अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए। बसंत उत्सव के अंतर्गत संपूर्ण आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण दृष्टिगोचर हुआ। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

### पुस्तक का किया विमोचन

**शाहजहांपुर।** श्रीराम चन्द्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में दाजी ने शाहजहांपुर के प्रशिक्षक माधोगोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल, श्रीगोपाल अग्रवाल पिता और मिशन के सचिव रहे स्व काशीराम अग्रवाल और बाबूजी महाराज के बीच लिखे गए पत्रों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। विमोचन में काशीराम अग्रवाल के पौत्र मदन और नातिन राशि ने विमोचन में सहयोग किया। विमोचन कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल परिवार काफी भावुक दिखाई दिया।

# रेलवे जीएम ने रोजा में अधिकारियों को दिए निर्देश

**नरमू ने रेल कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा**






**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने शुक्रवार की शाम शाहजहांपुर के रोजा स्टेशन का अपनी स्पेशल ट्रेन से प्लेटफॉर्म नंबर छह पर पहुंचे। ट्रेन से उतरते ही उन्होंने नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान यूनियन के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने जीएम को रेल कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 23 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सभी विभागों में पदस्थ सभी कर्मचारियों को जनवरी 2024 से बढ़े हुए टीए का भुगतान हो रहा है परंतु रनिंग स्टाफ के केएमए बढ़ोतरी पर प्रशासन अभी भी चुप है,शाखा मांग करती है कि 50 प्रतिशत डीए बढ़ने पर केएमए के दर में 25 प्रतिशत के बढ़ोतरी के आदेश जल्द से जल्द पारित किए जाए, मुरादाबाद मण्डल में बहुत से साथियों के कार्यकाल तीन से चार वर्ष हो गए है परंतु मण्डल में रिक्ति होने के बावजूद पदोन्नति नहीं हो पा रही है। मुरादाबाद मण्डल में वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के रिक्त पड़े पदों को जल्द से जल्द भरा जाए,रोजा रेलवे कॉलोनी के सभी रेल आवासों पर पानी की टैंक रखवाई जाए, रोज़ा रेलवे कॉलोनी के सभी रेल आवास में किचन एवमं बाथरुम में टाइल्स लगवाई जाए, रोज़ा रेलवे कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन जर्जर अवस्था में हैं। नई पाइप लाइन डलवाई जाए, रोजा रेलवे कोलोनी में नए रेल आवास बनवाये जाए, रोज़ा बड़ी फील्ड का जीर्णोद्धार किया जाए, रोज़ा में एक नया बारातघर बनवाया जाए। इस मौके पर चंदन सिंह, शमीम अहमद खान, संदीप सिंह, राहुल भट्ट, आलोक, रविभूषण, सुधीर सहित अनेक रेलकर्मी मौजूद थे। ज्ञापन लेने के बाद महाप्रबंधक ने स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत सहित अन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश देकर मुरादाबाद के लिये रवाना हो गये। इससे पूर्व जीएम ने आलमनगर, काकोरी, संडीला, रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुरादाबाद की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव मौजूद थी।

# आशाओं ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य बहिष्कार

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत चल रहे कार्यक्रम के बीच आशा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर कार्य का बहिष्कार कर दिया। नाराज आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि विभिन्न मदों का मानदेय लंबे समय से बकाया है और अब तक उनके खातों में भुगतान नहीं पहुंचा है। जब तक बकाया राशि खाते में नहीं आएगी, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने का यह चौथा दिन है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि दो दिन वे जिला मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर गई थीं, लेकिन संतोषजनक आश्वासन न मिलने पर वापस आकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली परिसर में पुनः धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भुगतान में लगातार देरी से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने में विमला देवी, आलिया बेगम, कुसुमलता, मंजू देवी, संजू रानी, गरिमा मिश्रा, रेखा रानी, नीलम सक्सेना, मीना देवी और अनीता देवी सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। वहीं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जफर सैफी ने बताया कि यहां से भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। धनराशि भेजी जा चुकी है और प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है, जल्द ही राशि खातों में पहुंच जाएगी।

# पुलिस ने किसानों से पुतला छीना, 12 दिन से चल रहे धरने के बाद हुई धक्का-मुक्की

**पुवायां, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) के पदाधिकारियों और पुलिस के बीच शुक्रवार को झड़प हो गई। किसान यूनियन के सदस्य 12 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे और शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन का पुतला फूंकने निकले थे। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से पुतला छीन लिया, जिससे दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की हुई। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) के पदाधिकारी पिछले करीब 12 दिनों से पुवायां के डाक बंगले पर अपनी विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कई बार अधिकारियों से वार्ता की, लेकिन उनकी मांगों का कोई समाधान नहीं निकल सका। समाधान न होने पर पदाधिकारियों ने गुरुवार को ही पुतला फूंकने की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों किसान डाक बंगले पर इकट्ठा हुए। वे पुतला लेकर जैसे ही डाक बंगले से पुवायां रोड पर पहुंचे, पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने उन्हें शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।



इसके बाद पुलिसकर्मियों ने पुतला छीनने की कोशिश की, जिस पर दोनों पक्षों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। काफी देर तक चली झड़प के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से पुतला छीन लिया। पुलिसकर्मियों ने बाद में किसानों को समझाने का प्रयास किया। किसानों का आरोप है कि 12 दिनों से चल रहे धरने के बावजूद कोई भी अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया और न ही उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। उनकी प्रमुख मांगों में आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाना और बकाया गन्ना भुगतान ब्याज सहित कराना शामिल है। उन्होंने दस सूत्रीय ज्ञापन भी दिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि अब यह लड़ाई आर-पार की होगी।

# वर्तमान सरकार की नीतियां मजदूरों, युवाओं और किसानों के हित में नहीं: रजनीश

**कांग्रेस ने किया मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा का आयोजन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शाहजहांपुर में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में मनरेगा के नाम परिवर्तन के प्रस्तावित प्रयास के विरोध में एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा की शुरुआत स्थानीय कार्यालय से हुई, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक एकत्रित हुए। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए



पदयात्रा निकाली और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारे लगाए। 'मनरेगा बचाओ, भाजपा भगाओ' तथा 'मजदूर विरोधी सरकार हाय-हाय' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जिले की मनरेगा ऑब्जर्वर आशा राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार मनरेगा के नाम और स्वरूप में बदलाव कर इसकी मूल भावना को कमजोर करना चाहती है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूरों, किसानों और गरीब तबके के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां मजदूरों, युवाओं और किसानों के हित में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाएं बना रही है, जबकि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र और राज्य सरकार के हर जनविरोधी कदम का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को जागरूक करें और मनरेगा को बचाने के इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। पदयात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर रुककर नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया और मनरेगा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीबों को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी और इसे कमजोर करना सामाजिक न्याय के खिलाफ कदम है। इस अवसर पर तसनीम अली खान, अनूप वर्मा, सुरेश चंद्र शुक्ला, राम जी अवस्थी, अर्चना वाल्मीकि, विंदेश्वरी राज, रफी उल हसन, शान मोहम्मद, गौरव त्रिपाठी, परवेज अहमद, सुशील शर्मा, संजय सक्सेना, नूरे शहर बी, अदीब अहमद, प्रत्युष मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेंट्रल बार के अध्यक्ष बने सरनाम सिंह यादव और महासचिव राजेश अवस्थी

**अध्यक्ष पद के लिए सरनाम सिंह यादव ने 153 वोटों से जीत हासिल की, राजेश अवस्थी 21 वोटों से जीत हासिलकर महासचिव बने**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**





सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद के लिए सरनाम सिंह यादव ने 153 वोटों से जीत हासिल की। राजेश अवस्थी 21 वोटों से जीत हासिलकर महासचिव बने है। रामेंद्र कुमार मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। अधिवक्ताओं ने विजय प्रत्याशियों को फुल माला पहनाकर स्वागत किया।

सीबीए के कुल 22 पदों के लिए 58 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। बृहस्पतिवार सुबह 09.30 बजे से मतदान शुरू हुआ। अधिवक्ताओं ने लाइन में लगकर उत्साहपूर्वक मतदान किया। शाम 04:30 बजे तक मतदान हुआ। कुल 1692 में से 1537 सदस्यों ने वोट डाला। इसके बाद मतगणना शुरू हुई। सबसे पहले अध्यक्ष पद के लिए परिणाम घोषित किया गया। सरनाम सिंह यादव को 681 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे सतेंद्र प्रकाश शुक्ला को 528 मत प्राप्त हुए। सर्वेश चंद्र मिश्रा धांधू को 283, हरेंद्र कुमार राजवंशी को 16 वोट मिले। सरनाम सिंह ने 153 वोटों से जीत हासिल की।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रामेंद्र कुमार मिश्रा ने 487 वोट पाकर अहमद दराज खां को 87 वोटों से हरा दिया। अहमद दराज को 400 वोट मिले। ब्रजेश सिंह को 141 और सुभाष चंद्र श्रीवास्तव को 391 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद पर राजेश उर्फ नंदकिशोर अवस्थी ने बाजी मारी। राजेश अवस्थी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी दीपक सक्सेना को 21 वोटों से हरा दिया। राजेश अवस्थी को 500 वोट मिले जबकि करीबी मुकाबले में दीपक 479 वोट पा सके। प्रताप सिंह को 43, रजनीश कुमार सिंह को 356, राकेश कुमार शुक्ला को 51 और संजय सक्सेना को 68 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार दीक्षित ने 589 वोट पाकर 523 वोट प्राप्त करने वाले अमित कनौजिया को 56 मतों से हरा दिया। संतराम राजवंशी को 160 और उमेश कुमार शर्मा को 196 मत मिले। विजय प्रत्याशियों का समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया है।

# शाहजहांपुर में 39वीं जनपदीय बेसिक शिक्षा परिषद बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाहजहांपुर।** जनपद की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाली 39वीं जनपदीय बेसिक शिक्षा परिषद् बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज स्वर्ण जयंती स्पोर्ट्स स्टेडियम, ओसीएफ में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव द्वारा गुब्बारे छोड़कर किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा खेल भावना जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार करती है। प्रतियोगिता का आयोजन बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए छात्र-छात्राओं ने खेल मैदान में अनुशासन, उत्साह एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**प्राथमिक स्तर के परिणाम:** प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अमन (भावलखेड़ा) प्रथम, कृष्णा (जैतीपुर) द्वितीय एवं जितेंद्र (तिलहर) तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में अमन (तिलहर) ने प्रथम, अजनेश (जलालाबाद) ने द्वितीय तथा अमन (भावलखेड़ा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में किरन (जैतीपुर) प्रथम, पल्लवी (मिर्जापुर) द्वितीय एवं मंजू (कटरा) तृतीय रहीं, जबकि 200 मीटर में रूबी (जलालाबाद) प्रथम, नंदिनी (भावलखेड़ा) द्वितीय एवं प्रांजल (तिलहर) तृतीय रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में भावलखेड़ा विजेता एवं जलालाबाद उपविजेता रहा। सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशी सिंह (भावलखेड़ा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## रोजा आईटीआई में कैम्पस प्लेसमेंट 16 को

**रोजा, शाहजहांपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा में 16 फरवरी को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बहुप्रतिष्ठित क्यूस कारपोरेशल लिमिटेड द्वारा श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लिमिटेड गाजियाबाद में एक वर्ष की आप्रेन्टिस ट्रेनिंग एवं उसके बाद दो वर्ष कम्पनी पे रोल पर जॉब हेतु अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट में भाग लेने के लिए अभ्यार्थी की योग्यता हाईस्कूल व इंटरमीडिएट तथा आईटीआई पास अभ्यर्थी को फिटर, टर्नर, मशीनिष्ठ तथा फाउण्ड्री व्यवसाय में उत्तीर्ण होना चाहिए। अभ्यार्थी की आयु 18-35 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों के साथ 16 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थिति होकर कैम्पस प्लेसमेंट में प्रतिभाग कर रोजगार का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## पशुशाला में लगी आग, कई पशु जले

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के बिनौरा गांव में गुरुवार देर रात पशुशाला में आग लगने से एक भैंस की जलकर मौत हो गई वहीं दो भैंसें और तीन गायें गंभीर रूप से झुलस गईं। पशुओं को बचाने के प्रयास में पशुशाला के मालिक राजपाल भी झुलस गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। गुरुवार रात करीब 12 बजे राजपाल और उनके भाई श्रीकृष्ण की पशुशाला की दो झोपड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। झोपड़ियां होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के समय राजपाल खेत से लौटे थे। आग देखकर उन्होंने तुरंत झोपड़ियों के अंदर बंधे पशुओं को खोलना शुरू कर दिया। इसी दौरान वे गंभीर रूप से झुलस गए।आग से झोपड़ी के अंदर रखी चारपाई, तखत और अन्य घरेलू सामान भी जलकर खाक हो गए। वहीं एक भैंस की जलकर मौत हो गई और दो भैंसें,तीन गायें गंभीर रूप से झुलस गईं। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसे राजपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

# व्यापारिक सुरक्षा को लेकर उद्योग व्यापार मंडल के साथ एमए जिलानी ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

कानून-व्यवस्था और व्यापारिक सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, पीलीभीत के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने नवागत पुलिस अधीक्षक से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात का उद्देश्य पुलिस प्रशासन और व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा शहर की प्रमुख समस्याओं पर सार्थक संवाद करना रहा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू एवं जिला अध्यक्ष श्री एम. ए. जिलानी ने पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिला अध्यक्ष श्री एम. ए. जिलानी ने कहा कि व्यापारी वर्ग जनपद की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और मुख्य बाजारों व थोक मंडियों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए बीट स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, जिससे पुलिस और व्यापारियों के बीच विश्वास का वातावरण सुदृढ़ हो।

**जाम और अतिक्रमण की समस्या उठी:** प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने शहर के मुख्य चौराहों और बाजारों में लगने वाले भीषण जाम की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण के कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने व्यापारियों के सहयोग से एक नया ट्रैफिक मास्टर प्लान तैयार करने का प्रस्ताव रखा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और ग्राहकों को सुविधा मिले। नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने शहर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि यदि कैमरों की संख्या और निगरानी व्यवस्था बढ़ाई जाए तो अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलेगी।

## अवैध तमंचा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद पुलिस ने अवैध शस्त्र रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 12 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर जलालाबाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अमित कौशल उर्फ छोटू (उम्र करीब 27 वर्ष), पुत्र राजेन्द्र प्रसाद कौशल, निवासी सुभाषनगर मोहल्ला कानूनगोयान, कस्बा व थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर को भामाशाह पार्क मोड़ से पहले दाहिनी ओर स्थित एक प्लाट के पास से रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर तथा 1 कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

# सीएचसी में हो सकेगा दिल के दर्द का आकस्मिक उपचार: डॉ. दिनेश

**मिर्जापुर ब्लॉक की सीएचसी जरियनपुर में मिलेगी ईसीजी की निशुल्क सुविधा, पीजीआई में नेटवर्किंग के जरिए तत्काल करवाई जाएगी जांच**



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** ब्लॉक की सीएचसी जरियनपुर में दिल के दर्द के इलाज के लिए ईसीजी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। सीएचसी में ईसीजी होने के बाद पांच मिनट में नेटवर्किंग के जरिए पीजीआई लखनऊ में ईसीजी जांच के आधार पर इलाज की सुविधा मिलेगी। जिले के एसटीईएमआई नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने एक भेंट में बताया कि आजकल शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के लोगों में हार्ट अटैक की समस्या बढ़ रही है। हार्ट अटैक की इलाज के लिए रोगी को इलाज की तत्काल आवश्यकता होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार जिले की सीएचसी जरियनपुर, परशुरामपुरी (जलालाबाद), तिलहर और पुवायां में एसटीईएमआई केयर नेटवर्क शुरू करवा रही है। डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि मुंह के जबड़े से लेकर नाभि के ऊपर वाई तरफ का कोई भी दर्द तथा घबराहट,बेचैनी, पसीना आना हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर रोगी को तत्काल सीएचसी में लेकर आएं। ईसीजी जांच के साथ लोडिंग डोज़(एमरजेंसी दवाइयों) की पूरी सुविधा सीएचसी में ही उपलब्ध करवाई जाएगी। बोले = सीएचसी में इस तरह के रोगी का तुरंत ईसीजी करके जांच के लिए नेटवर्किंग के जरिए पीजीआई लखनऊ भेजा जाएगा। पीजीआई से जांच रिपोर्ट आने के बाद रोगी को सभी दवाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आदेश रस्तोगी ने बताया कि सीएचसी जरियनपुर में ईसीजी की जांच और लोडिंग डोज़ दवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। जिसके लिए शासन स्तर से सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा रही है। अन्य रोगियों की जांच के लिए डिजिटल एक्सरे की सुविधा भी उपलब्ध है। अब किसी तरह के रोगियों को इलाज में कोई असुविधा नहीं होगी।

# भाकियू (अराजनैतिक) का मुख्य गन्ना अधिकारी की मनमानी को लेकर विरोध-प्रदर्शन

**सीसीओ के नहीं हटने पर उग्र विरोध प्रदर्शन की चेतावनी**

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने पूरनपुर सहकारी चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी (सीसीओ) अमित चतुर्वेदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। यूनियन के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने सीसीओ पर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार, थप्पड़ मारने और मनमानी करने का आरोप लगाया है। साथ ही उनकी तत्काल हटाने की मांग की गई है।ज्ञापन में बताया गया है कि अमित चतुर्वेदी पहले भी पूरनपुर चीनी मिल



में तैनात थे और उस समय भी विवादों में रहे थे। वर्ष 2023 में गन्ना किसानों की शिकायतों के बाद शासन ने उन्हें हटाकर अन्य मिल में स्थानांतरित कर दिया था। लेकिन अब सांठगांठ कर उन्हें दोबारा यहीं तैनात कर दिया गया है।किसानों का आरोप है कि सीसीओ के दोबारा आने के बाद से रोजाना अभद्रता और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। एक किसान ने स्थानीय कोतवाली पूरनपुर में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया।इसके अलावा, मिल में भारी मात्रा में गन्ना इंडेंट जारी होने से किसानों को चीनी मिल गेट पर 72 से 80 घंटे तक वाहन खड़े रखने पड़ रहे हैं। गन्ना केंद्रों पर भीड़ लगी रहती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। गन्ना अधिकारी द्वारा मिल को जल्द बंद करने की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जबकि क्षेत्र में अभी काफी गन्ना बाकी है, जिससे किसान परेशान हैं। हालिया घटनाक्रम से जुड़ी जानकारी हाल के दिनों में पूरनपुर सहकारी चीनी मिल गन्ने की कमी से जूझ रही है। फरवरी 2026 में मिल अगले सप्ताह बंद होने की संभावना जताई गई है। चार क्रय केंद्रों को बंदी का दूसरा नोटिस जारी किया गया और 2 लाख क्विंटल का इंडेंट जारी किया गया है। रिजेक्ट गन्ना देने वाले लगभग 3,000 किसानों के सट्टे बंद कर दिए गए हैं। मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी ने खुद बताया कि 17 फरवरी तक पेराई पूरी कर मिल बंद की जा सकती है।भारतीय किसान यूनियन ने डीएम से मांग की है कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए, सीसीओ अमित चतुर्वेदी को हटाया जाए और कार्रवाई की जानकारी दी जाए। किसान संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो आगे आंदोलन तेज किया जाएगा।

## सूचना

मैं नवेद खां पुत्र मो. उमर खां नि.मो. महादेवी वर्मा नगर कस्बा निगोही शाहजहांपुर मैंने एक दान डीड आवेदन सं. 202200794025245 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 10195 के पृष्ठ 389 से 404 तक क्रमांक 21766 पर दिनांक 12.12.2022 को रजिस्ट्रीकृत किया था अपनी माता जी हमीदा वेगम पत्नी मो. उमर खां नि.मो. महादेवी नगर कस्बा निगोही जिला शाहजहांपुर जो कहीं गुम या खो गया है।

## कड़ा नियम बनाने की आवश्यकता

इस समय पोर्नोग्राफी के जरिए प्रभावशाली व्यक्तियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने की घटनाएं बड़ी तेजी से बढ़ रही हैं। यह आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस यानि कृत्रिम बुद्धिमता तकनीक का एक बड़ा दुरुपयोग है। यह हमारी सामाजिक चिंताओं में भी वृद्धि कर रहा है। डीपफेक पोर्नोग्राफी के इस्तेमाल के जरिए बिना सहमति वाले व्यक्तियों के अश्लील वीडियो बनाना और सांझे करना शामिल है और इसका इस्तेमाल व्यक्ति की छवि को खराब करने के लिए किया जाता है। डीपफेक पोर्नोग्राफी, या सरल शब्दों में कहें तो एक प्रकार की कृत्रिम पोर्नोग्राफी है, जिसे पहले से मौजूद तस्वीरों या वीडियो में डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया जाता है। आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस के जरिए आजकल डीपफेक पोर्न बनाया जा रहा है। इसका मतलब है कि ऐसा कोई भी अश्लील वीडियो या चित्र जो हमारा नहीं है मगर उस पर हमारा चेहरा लगा दिया जाता है और ये सब इतना सटीक होता है कि सामान्य इंसान इसे पहचान भी नहीं पाता कि यह नकली है या असली।

'डीपफेक' शब्द 'डीप लनग' और 'फेक' का मिश्रण है। इससे वे सब बनाया जा सकता है, जिसे अब 'सिंथैटिक मीडिया' कहा जाता है। इसमें किसी व्यक्ति के भाव,कार्यों की नकली तस्वीर या वीडियो क्लिप बनाया जा सकता है। यह न केवल दुनिया को मूर्ख बना सकता है, बल्कि आपकी समझ से भी खिलवाड़ कर सकता है। आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस के चलते, हर गुजरते दिन के साथ ऐसी डीपफेक तकनीक आसान, सस्ती और अधिक सुलभ होती जा रही है। कम्प्यूटर की सहायता से बनाई गई नग्न तस्वीरों और वीडियो को डीप न्यूड कहा जाता है। हो यह रहा है कि साइबर अपराधी कृत्रिम बुद्धिमता सॉफ्टवेयर की मदद से वीडियो, ऑडियो और तस्वीरों पर नग्न सामग्री का लेप कर देते हैं।

कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति के बोलने के तरीके, सिर तथा चेहरे की गतिविधियों को किसी अन्य व्यक्ति के साथ शामिल कर देने से यह बताना मुश्किल हो जाता है कि यह वीडियो/तस्वीरें सही हैं या गलत। कम्प्यूटर द्वारा तैयार की गई इन वीडियो/तस्वीरों की सत्यता की जांच गहन विश्लेषण से ही की जा सकती है। साइबर विशेषज्ञ कहते हैं कि डीपफेक वीडियो और फोटो के फेशियल एज, हेयरलाइन्स, आईब्रो, आईग्लास बार्डर देखकर पहचाना जा सकता है। वीडियो प्ले होने पर आंखों और होंठों के मूवमैंट से डीपफेक वीडियो को पहचाना जा सकता है। इस तरीके से बनाए गए वीडियो और फोटो में हाथों और पैरों की लम्बाई एक समान नहीं होती। इस तरह ऐसे वीडियो को पहचाना जा सकता है। डीपफेक को लेकर आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस और साइबर दुनिया के दुरुपयोग पर नियंत्रण अत्यंत जरूरी है।

साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के दुरुपयोग का मुद्दा ऐसा है, जिसकी और अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। सोशल मीडिया के जरिए गलत सामग्री सांझी करने से लोगों के निजता के अधिकार का हनन होता है, ऐसे में इसके खिलाफ कड़ा नियम करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही डीपफेक पोर्नोग्राफी के कारक के रूप मे आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस के दुरुपयोग से जुड़े नैतिक पहलू पर बहस होनी चाहिए।

# बांग्लादेश में बदलाव, भारत पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव



संजय सक्सेना

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को जबरदस्ती अपदस्थ करने के बाद प्रदेश की बागडोर संभालने वाले युनुस मोहम्मद ने देश को अराजकता के दौर में पहुंचा दिया था, लेकिन लगता है कि अब बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। आम चुनाव के नतीजों के बाद यह तय है कि बांग्लादेश में अब राष्ट्रवादी दल की अगुवाई वाली नई सरकार बनने जा रही है। इस दल को विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया है। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना प्रबल है।तारिक को उदारवादी और सभी को साथ लेकर चलने वाला नेता माना जाता है। यही वजह है कि बांग्लादेश के हिंदुओं ने भी तारिक की पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। वहीं, मौजूदा कार्यवाहक प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहे युनुस मोहम्मद की राजनीतिक यात्रा पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यह बदलाव न केवल बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को प्रभावित करेगा, बल्कि पड़ोसी देश भारत के साथ उसके संबंधों और वहां रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति पर भी गहरा असर डालेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि नई सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सुरक्षित माहौल बना सकती है और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल को भारी सफलता मिली है। अनौपचारिक गिनती के अनुसार, दल ने 300 सदस्यीय संसद में 175 से अधिक सीटों पर बढ़त बना ली है, जो स्पष्ट बहुमत का संकेत देता है। वहीं, इस्लामी जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को करीब 60 से 70 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय नागरिक दल ने अपनी पहली कोशिश में छह सीटें जीतीं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को चार से अधिक सीटें हासिल हुईं। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण मतदान नहीं हुआ।यह चुनाव शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद पहला है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाले दल की जीत से राजनीतिक परिवर्तन की उम्मीद है।

मतदान के दौरान नौ लोगों की मौत हुई। उम्मीद की जा रही है कि नई सरकार देश में स्थिरता लाएगी।बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल लंबे समय से देश की राजनीति में सक्रिय रहा है। इस दल ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुलवादी समाज की वकालत की है। हाल के चुनावों में मिले बहुमत ने इस दल को सत्ता की कुंजी सौंप दी है। तारिक रहमान, जो दल के प्रमुख नेता हैं, लंदन से सक्रिय राजनीति में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी अगुवाई में नई सरकार बनने से बांग्लादेश में स्थिरता की उम्मीद जगी है। पिछली सरकारों के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए अत्याचारों की घटनाओं ने समाज को आहत किया था। अब नई सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



**तारिक रहमान का नेतृत्व भारत के हितों के अनुकूल माना जा रहा है। वे आर्थिक सुधारों पर जोर देंगे, जो भारत के निवेश को आकर्षित करेगा। बांग्लादेश में भारतीय कंपनियां पहले से सक्रिय हैं। नई सरकार के आने से इनका विस्तार होगा। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा। भारत बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करता है, इसे और बढ़ाया जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश साझा रणनीति बना सकते हैं। रोहिंग्या संकट पर भी सहमति बनेगी। कुल मिलाकर, नई सरकार से भारत को लाभ होगा।अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। नई सरकार शिक्षा नीति में बदलाव ला सकती है, जिसमें हिंदू त्योहारों को मान्यता मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में समान पहुंच सुनिश्चित होगी। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हिंदू समुदाय के नेता उत्साहित हैं। वे कहते हैं कि अब वे बिना डर के जी सकेंगे। ग्रामीण इलाकों में विकास योजनाएं चलेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह बदलाव बांग्लादेश के लिए वरदान साबित होगा। युनुस मोहम्मद की कार्यवाहक सरकार ने संक्रमण काल संभाला था, लेकिन स्थायी सरकार की जरूरत थी। अब तारिक रहमान के नेतृत्व में देश नई दिशा पकड़ेगा। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत से मजबूत रिश्ते इस सरकार की पहचान बनेंगे। समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बांग्लादेश में शांति स्थापित होगी और विकास की रफ्तार तेज होगी। भारत भी इस बदलाव का स्वागत करेगा।**

अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की कुल आबादी का लगभग आठ प्रतिशत हैं। वे मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और कृषि तथा छोटे व्यवसायों पर निर्भर हैं। हाल के वर्षों में मंदिरों पर हमले, जमीन हड़पने और हिंसा की घटनाओं ने इस समुदाय को भयभीत कर दिया था। बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल ने चुनाव प्रचार के दौरान स्पष्ट संदेश दिया था कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। तारिक रहमान ने कई बार कहा है कि उनका दल सभी धर्मों के लोगों को समान अवसर देगा। नई सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था मजबूत करने के वादे से हिंदू समुदाय में उत्साह है।नई सरकार अल्पसंख्यकों के लिए कई कदम उठा सकती है। सबसे पहले, मंदिरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ते गठित किए जा सकते हैं। दूसरा, जमीन संबंधी विवादों को तत्काल निपटाने के लिए अदालतों में विशेष बेंच बनाई जा सकती हैं। तीसरा, हिंदू समुदाय के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इन कदमों से न केवल हिंदुओं का भरोसा बढ़ेगा बल्कि समाज में सद्भाव का वातावरण बनेगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि स्थिर सरकार के आने से हिंसा की घटनाएं कम होंगी और अल्पसंख्यक समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उदाहरण के तौर पर, दल की पिछली सरकारों में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड सक्रिय रहा था, जिसने कई योजनाएं चलाई थीं। अब ऐसी योजनाओं को नई जान मिलेगी।

भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। दोनों देश सांस्कृतिक रूप से जुड़े हैं और सीमा पर व्यापार फलता-फूलता है। पिछली सरकारों के दौरान कुछ मुद्दों पर तनाव जरूर आया था, लेकिन बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। तारिक रहमान ने कई मौकों पर कहा है कि भारत उनका मित्र देश है और दोनों देशों को मिलकर आतंकवाद तथा जल बंटवारे जैसे मुद्दों का समाधान करना चाहिए। नई सरकार बनने से ये संबंध और मजबूत होंगे। व्यापार बढ़ेगा, सीमा पर घुसपैठ रुकेगी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।भारत बांग्लादेश को निर्यात करता है कपड़ा, दवाइयां और मशीनरी। बदले में बांग्लादेश जूट तथा सब्जियां भेजता है। नई सरकार के आने से यह व्यापार दोगुना हो सकता है। इसके अलावा, गंगा जल बंटवारे पर नए समझौते की संभावना है। दोनों देश मिलकर बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं चला सकते हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा भारत के लिए भी चिंता का विषय रही है। नई सरकार के सकारात्मक कदमों से भारत को आश्वासन मिलेगा और द्विपक्षीय संबंधों में नई गर्मी आएगी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, नई सरकार दिल्ली का दौरा करेगी और उच्च स्तरीय वार्ता होगी। इससे दोनों देशों के नागरिकों को लाभ होगा।

तारिक रहमान का नेतृत्व भारत के हितों के अनुकूल माना जा रहा है। वे आर्थिक सुधारों पर जोर देंगे, जो भारत के निवेश को आकर्षित करेगा। बांग्लादेश में भारतीय कंपनियां पहले से सक्रिय हैं। नई सरकार के आने से इनका विस्तार होगा। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा। भारत बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करता है, इसे और बढ़ाया जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश साझा रणनीति बना सकते हैं। रोहिंग्या संकट पर भी सहमति बनेगी। कुल मिलाकर, नई सरकार से भारत को लाभ होगा।अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। नई सरकार शिक्षा नीति में बदलाव ला सकती है, जिसमें हिंदू त्योहारों को मान्यता मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में समान पहुंच सुनिश्चित होगी।

महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हिंदू समुदाय के नेता उत्साहित हैं। वे कहते हैं कि अब वे बिना डर के जी सकेंगे। ग्रामीण इलाकों में विकास योजनाएं चलेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह बदलाव बांग्लादेश के लिए वरदान साबित होगा। युनुस मोहम्मद की कार्यवाहक सरकार ने संक्रमण काल संभाला था, लेकिन स्थायी सरकार की जरूरत थी। अब तारिक रहमान के नेतृत्व में देश नई दिशा पकड़ेगा। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत से मजबूत रिश्ते इस सरकार की पहचान बनेंगे। समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बांग्लादेश में शांति स्थापित होगी और विकास की रफ्तार तेज होगी। भारत भी इस बदलाव का स्वागत करेगा। दोनों देश मिलकर समृद्धि के नए द्वार खोलेंगे। यह राजनीतिक मोड़ न केवल बांग्लादेश बल्कि दक्षिण एशिया के लिए सुखद संदेश है। अल्पसंख्यक हिंदुओं को न्याय मिलेगा और भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध मजबूत होंगे। उम्मीद है कि नई सरकार अपने वादों पर खरी उतरेगी।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

विचार

# विकास इंजन के रूप में कपड़ा उद्योग

*गिरिराज सिंह*

विकसित भारत बजट 2026-27 वैश्विक अनिश्चितता के दौर में आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और स्पष्ट सुधारोन्मुख दृष्टिकोण की ओर इंगित करता है। भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है तथा निकट भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से अग्रसर है। माननीय प्रधानमंत्री के रणनीतिक नेतृत्व में, बीता वर्ष वस्त्र क्षेत्र के लिए एक निर्णायक मोड़ रहा है। 18 एफटी.ए. के माध्यम से, भारत को अब 800 बिलियन डॉलर के वैश्विक आयात बाजार में से लगभग 466 बिलियन डॉलर मूल्य के कपड़ा बाजारों तक विशेष पहुंच प्राप्त है, जिसे 110 बिलियन डॉलर के अमरीकी बाजार तक नए सिरे से पहुंच मिलने से और विस्तार मिला है। हाल ही में घोषित भारत-अमरीका व्यापार समझौते से निर्यात के पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ने की उम्मीद है। बाजार तक पहुंच को सुदृढ़ करने के साथ-साथ, क्यू.सी.ओ. को हटाए जाने से अनुपालन संबंधी बोझ में कमी आई है, जबकि जी.एस.टी. सुधारों ने लंबे समय से चली आ रही उलटी शुल्क संरचना की समस्या का समाधान किया है, जिससे यह क्षेत्र निर्णायक रूप से फाइबर-न्यूट्रल ढांचे की ओर अग्रसर हुआ है। बजट 2026 को महत्वपूर्ण बनाने वाली बात इसकी निरंतरता और व्यापकता है। कपास उत्पादकता मिशन जैसी पहलें और व्यापक आर्थिक सुधार अब पायलट चरण से आगे बढ़कर स्थायी मंचों में परिवर्तित किए जा रहे हैं, जो संरचनात्मक सुधारों के वास्तविक स्वरूप को दर्शाता है। दशकों तक वस्त्र क्षेत्र को मुख्यतः कल्याणकारी दृष्टिकोण से देखा जाता रहा। यह बजट वस्त्र क्षेत्र को अब विस्तार, प्रतिस्पर्धात्मकता और दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास के लिए एक मुख्य औद्योगिक रणनीति के रूप में पुनः स्थापित करते हुए उस सोच में एक निर्णायक परिवर्तन का संकेत देता है। भारत का वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र देश के जी.डी.पी. में लगभग 2.3 प्रतिशत का योगदान देता है, औद्योगिक उत्पादन का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है और 5.2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जिससे यह अर्थव्यवस्था का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ बन जाता है। हालांकि वैश्विक वस्त्र एवं परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाओं को रेखांकित करती है। सरकार ने इस दिशा में एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी मध्यम अवधि का लक्ष्य निर्धारित किया है। 2030 तक वस्त्र क्षेत्र का आकार 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना और निर्यात को 100 बिलियन डॉलर तक विस्तारित करना।

वस्त्र क्षेत्र की प्रगति को लंबे समय से बाधित करने वाला एक प्रमुख कारण पुराने उत्पादन क्लस्टरों पर इसकी निर्भरता रहा है, जो उत्पादकता और विस्तार को सीमित करता है। विनिर्माण संबंधी दक्षता बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स लागतों को कम करने के लिए इकोसिस्टम का आधुनिकीकरण अनिवार्य है। बजट 2026 देशभर में 200 औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण का प्रावधान करते हुए इस आवश्यकता का सीधे तौर पर समाधान करता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि क्लस्टर-आधारित विनिर्माण से श्रम उत्पादकता में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है और प्रति इकाई लॉजिस्टिक्स लागत में 30 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। मैगा टैक्सटाइल पार्कों, सांझा प्रसंस्करण सुविधाओं तथा प्लग-एंड-प्ले इकोसिस्टम में किए गए निवेश बड़े पैमाने पर स्थायी लागत को कम करते हैं। वस्त्र क्षेत्र के रूपांतरण के केंद्र में रोजगार सृजन और कार्यबल की तैयारी हैं। वस्त्र उद्योग, पूंजी-प्रधान उद्योगों की तुलना में प्रति करोड़ रुपए के निवेश पर लगभग 3 गुना अधिक रोजगार सृजित करता है और क्रमिक पहलों के माध्यम से पूरी मूल्य शृंखला में कौशल विकास और रोजगार-योग्यता को सुदृढ़ करने पर निरंतर ध्यान दिया गया है। इस क्लस्टर-आधारित विकास के समर्थन से, वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना के तहत अगले 5 वर्षों में 2 से 3 करोड़ अतिरिक्त आजीविकाओं को सहारा मिलने की संभावना है। इस गति को समर्थ 2.0 के माध्यम से और बल दिया गया है, जिसके अंतर्गत 2026 से 2031 के बीच 2,800 करोड़ रुपए का प्रावधान कर 15 लाख उद्योग-तैयार श्रमिकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस रोजगार और कौशल वृद्धि को सतत् विकास में बदलने के लिए, वस्त्र मूल्य शृंखला में काम करने वाली सभी इकाइयों के पास विस्तार और प्रतिस्पर्धा करने की वित्तीय क्षमता होनी आवश्यक है।



वस्त्र इकोसिस्टम की रीढ़ एम.एस.एम.ई. को पहचानना बजट 2026 का मुख्य फोकस है, जो उनकी सबसे बड़ी रुकावट-तरलता को सीधे तौर पर दूर करता है। 10,000 करोड़ रुपए का एस.एम.ई. ग्रोथ फंड, मजबूत टी.आर.ई.डी.एस. प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तारित चालान वित्तपोषण और सरकारी भुगतान चक्रों में तेजी कार्यशील पूंजी पर दबाव को कम करते हैं क्योंकि अकेला विलंबित भुगतान ही प्रति वर्ष लगभग 15 प्रतिशत एम.एस.एम.ई. पूंजी को अवरुद्ध कर देता है।

बजट 2026 में मूल्य शृंखला में पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार प्रथाओं का समावेश और स्थिरता को भविष्य में निर्यात प्रतिस्पर्धा के प्रमुख चालक के रूप में स्वीकार करते हुए टैक्स ईको पहल के जरिए वस्त्र क्षेत्र में स्थिरता को एक डिजाइन सिद्धांत के रूप में भी शामिल किया गया है। बजट के गणित से राष्ट्रीय दिशा तक-विकसित भारत का मार्ग : पहली बार वस्त्र क्षेत्र को केवल एक पारंपरिक उद्योग के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य के रोजगार और उद्यमिता इंजन के रूप में स्थापित किया जा रहा है। 2020 से 2030 के बीच लगभग 5 करोड़ नए रोजगार सृजित करने की क्षमता के साथ, यह क्षेत्र भारत की श्रम-प्रधान विकास रणनीति के केंद्र में है। यह बजट विकसित भारत 2047 और उससे आगे के स्वरूप को आकार देते हुए भारत को उत्पादक रोजगार और प्रतिस्पर्धात्मक उद्यमिता के क्षेत्र में 'सोने की चिड़िया' के रूप में लौटने का आधार देता है।

साहित्य



## जिसे बहुत मानिये

**डॉ. अलका दूबे**

जिसे बहुत मानिये
वो फिर मानता क्यों नहीं है?
वह क्यों रूठा ही रहता है
मानता क्यों नहीं है ?

सपनों की नगरी में ले जाकर
मुझे वो भूल कर चला आया।
पलट कर देखता भी नहीं
और बुलाता क्यों नहीं है?

बिना जिसके पल नहीं गुजारा
अब उम्र गुजार रहे हैं,
यही दुख अगर है उसका भी
तो फिर बताता क्यों नहीं है?

आत्मा में निवास और
श्वास में हर पल का आभास
अगर वो मेरा है तो
फिर मुझे मिलता क्यों नहीं है?

हृदय का कठोर हो जाना
प्रेम की परिणति नहीं अवरोध है।
वह समझता है अकेले खुश है
अरे कोई इसे समझाता क्यों नहीं है!



## राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**वृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्नशील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मीनः-** भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# मोबाइल फोबिया : मानसिक बीमारियों का बढ़ता खतरा


*डॉ. रमेश ठाकुर*

मोबाइल फोन ने इंसानों को वास्तविक जीवन से काट कर आभासी दुनिया की तरफ धकेल दिया है। नई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि अगर शरीर को सुरक्षित रखना है तो मोबाइल की लत से तौबा करना होगा। मोबाइल के नकारात्मक पहलुओं में विस्तार हुआ है। आसान भाषा में कहें तो जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग और क्या औरत व मर्द, सभी मोबाइल के चुंगल में जकड़ चुके हैं। जिसका नतीजा है कि अब ऐसे दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। लंबे समय तक स्क्रीन से चिपके रहने से आंखों की रोशनी का कम होना, शारीरिक गतिविधियों का बिगड़ना जैसी बातें तो सुनी थी लेकिन चिकित्सा तंत्र की नई रिसर्च रिपोर्ट के खुलासे ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन के अत्यधिक प्रयोग ने कई नई किस्म की बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, नए किस्म के कैंसर और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं का पता चला है।खतरनाक बात यह है कि जिन 10 देशों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है, उनमें भारत भी है।

रिपोर्ट ने स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया है। जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है। पर, चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है तो सतर्क होने की जरूरत है क्योंकि यह एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे फोन फोबिया या फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम कहते हैं। भारत में इस बीमारी की गिरफ्त में आए लोगों की एक बड़ी संख्या है, जिनमें 14 से 17 वर्ष के बीच के नाबालिग ज्यादा हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए चुनौती से कम नहीं।

सेलफोन विकिरण से अब लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो पिछले 4 वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रिक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं।

सालाना मोबाइल फोबिया के 6 लाख से ज्यादा शिकार देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेशवासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तहार भी सरकार को देने पड़े। जन स्वास्थ्य की परवाह के लिए केंद्र से लेकर प्रत्येक राज्य सरकारों को ऐसा कदम उठाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि तकनीक का प्रयोग युवा पीढ़ी शिक्षा और व्यक्ति विकास के लिए करें, न कि आदत और लत के लिए। गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से एक सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक 4 या 5 मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन का एहसास होने लगता है।



मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को नजरअंदाज करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए 2-3 घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए 2 घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।

निश्चित रूप से तकनीक इंसानों पर पूरी तरह से हावी हो चुकी है। सभी जानते हैं तकनीकों का इस्तेमाल जितना फायदे के लिए होता हैं, उससे कहीं अधिक उसका दुरूपयोग होता है। लेकिन फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' महज बीमारी नहीं बल्कि एक चेतावनी भी है। यह वर्चुअल दुनिया से बाहर निकल कर हकीकत में जीने की जरूरत को दर्शाता है। पर, तकनीकी दुनिया में अब ऐसा संभव नहीं। मोबाइल पर अगर जरा भी प्रतिबंध की बात उठेगी तो उसके विरोध में लोग खड़े हो जाएंगे। समस्या ऐसी है जिससे खुद को निपटना होगा। तय हमें करना है कि हम मोबाइल को चलाएंगे या मोबाइल हमें चलाएगा।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एएसपी पूर्वी ने हेड कांस्टेबल को प्रोन्नत होने पर लगाया स्टार



**हरदोई।** जनपद मे तैनात हेड कांस्टेबल के पदोन्नति होने पर शुक्रवार को पुलिस कार्यालय मे एएसपी पूर्वी द्वारा स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी हैं। हेड कॉस्टेबल वीरेंद्र कुमार सोनकर के उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर शुक्रवार को पुलिस कार्यालय मे ए एसपी पूर्वी सुबोध कुमार गौतम द्वारा उन्हें स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा वीरेंद्र कुमार सोनकर ने अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाया। सरकार द्वारा उन्हें पदोन्नति देते हुए उपनिरीक्षक बनाया गया है। वह अपनी सरकारी सेवा भी ईमानदारी से पूर्ण करें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करंगे ऐसी उनसे अपेक्षा की जाती है।

### बिल्हौर-कटरा हाईवे पर रांग साइड में दौड़ी बस, ट्रक से भिड़ी, उडे परखच्चे



**सवायजपुर/हरदोई।** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सवायजपुर थाना क्षेत्र में कौशिया के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्राइवेट बस अत्यधिक रफ्तार में थी और रांग साइड में जाकर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, हालांकि वह खतरे से बाहर हैं। बताया जाता है कि घटना के बाद बस चालक के बुलाने पर थार कार से पहुंचे कुछ लोगों ने ट्रक चालक पर दबाव बनाते हुए बस में हुए नुकसान की भरपाई के रूप में हर्जाना लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच चल रहा विवाद समाप्त हो गया और मामला शांत हो गया। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात शुरू कराया, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### तेज रफ्तार पिकअप दो दुकानों में घुसी, डेढ़ लाख का नुकसान



**सवायजपुर/हरदोई।** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर सवायजपुर थाना क्षेत्र के रूपापुर कस्बे में शुक्रवार भोर पहर एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप डाला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित दो दुकानों में जा घुसा, जिससे दुकानों के बाहर रखे मिठाई के काउंटर और टीन शेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भोर के समय करीब 4 बजे अचानक तेज आवाज के साथ पिकअप दुकानों की ओर मुड़ गई और सीधे काउंटरों से टकरा गई। हादसे के समय दुकानों के आसपास कोई ग्राहक मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। दुकानदार छोटे लल्ला कुशवाहा और कपिल अवस्थी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मिठाई के काउंटर टूट गए और टीन शेड भी गिर गया। काउंटरों में हजारों की मिठाई भी थी, जो बर्बाद हो गई। दोनों पीड़ित दुकानदारों ने करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान होने का दावा किया है। घटना की सूचना रूपापुर पुलिस चौकी में भी दे दी गई, दुकानदारों का कहना है कि पिकअप चालक या वाहन स्वामी द्वारा उनके नुकसान की भरपाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मुआवजा नहीं मिला तो वह मामले में मुकदमा दर्ज कराएंगे।

### तीन दिन से लापता किशोरी का सुराग नहीं, पीड़ित पिता ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**शाहाबाद/हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र से एक गांव से 11 फरवरी को सुबह 4:00 बजे एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए अपने पुत्री के साथ अनहोनी घटना की आशंका व्यक्त की है। पीड़ित पिता के अनुसार 11 फरवरी को उसकी 11 वर्षीय पुत्री को दीपू व गणेश पुत्रगण गुलाब तथा विपक्षी के साढू का लड़का कुलदीप पुत्र रामकुमार उर्फ़ कल्लू निवासी सिकंदरपुर कल्लू सुबह 4:00 बजे बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। आरोप है कि किशोरी अपने साथ रु.15000 की नगदी और एक लाख का जेवर लेकर गई है। पीड़ित पिता ने शुक्रवार को बताया उसने नामजद रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा अभी तक उसकी बेटी को तलाश नहीं किया गया है। उल्टा दरोगा उससे ही कह रहे हैं कि अपनी बेटी को खुद तलाश करके लाओ। पीड़ित पिता को अपनी बेटी के साथ अनहोनी की आशंका है।

### अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काव्या सिंह ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई रीता कौशिक के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वावधान में आज दिनांक 13/02/2026 को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह द्वारा जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण व बंदियो के अधिकार,प्ली-बारगेनिंग के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। न्यायाधीश काव्या सिंह द्वारा बंदियो के अधिकार व प्ली-बारगेनिंग विषय पर विस्तृत रूप से बंदियो को जानकारी देते हुए उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तत्पश्चात न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नही कर पा रहे है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की नि:शुल्क पैरवी हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर जेल प्रशासन को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अमन कुमार सिंह, डिप्टी जेलर अनीश यादव, अमर कुमार सिंह,नरेश चन्द्र,सुखलाल लीगल एड डिफेंस काउंसिल अजय त्रिपाठी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

### उप परिवहन आयुक्त ने चेकिंग अभियान में 55 वाहनों के किए चालान



**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी. सिंह गौर ने जनपद जालौन का औचक पर्यवेक्षण किया और एआरटीओ प्रवर्तन सुरेश वर्मा तथा प्रवर्तन दल के साथ जनपद में बकाया वाहनों, ओवर स्पीडिंग तथा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान सम्पादित कराया गया। इस प्रवर्तन कार्यवाही में कुल 55 वाहनों का चालान किया गया जिसमें ज्यादातर चालान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, तथा ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध किए गए। उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी, केडी सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति निकट है, अतः इस समय के प्रयास राजस्व लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में हैं जिसे लेकर बकाया टैक्स की वसूली पर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन साथ ही साथ सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर भी समानांतर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश, परिवहन अधिकारियों को दिए गए हैं।

### 'मेडिकल कालेज उरई में नर्सिंग कालेज का निर्माण मार्च तक पूरा हो'



**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए मार्च तक अबिलंब कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम नगरीय को वाटर मोटर सप्लाई नगर पालिका परिषद पुनर्गठन योजना कदौरा, कोंच, नगर पालिका उरई सुशील नगर, नगर पंचायत नदीगांव, रामपुरा, माधौगढ़, ऊमरी को कड़ी फटकार लगाते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड को 3 सेतुओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि. के अधिशासी अभियंता को जिला कारागार में भवन निर्माण, मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक, जालौन तहसील में अनावासीय भवन को विलंब से कार्य के लिए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

# आगामी त्यौहार के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने की बैठक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के सम्बन्ध मे बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक मे निर्देश दिये कि शिवालयों पर आने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को पुख्ता कर लिया जाये। उन्होंने मंदिर मार्गों पर साफ-सफाई, पानी का छिड़काव, बिजली के तारों को ऊपर कराने व पथ-प्रकाश की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंशा नाथ मन्दिर, सुनाशी नाथ मन्दिर, सकाहा मन्दिर मंदिर में काफी श्रद्धालु व कावंड़िया आते है, ऐसे में इन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मंदिर के पास मोबाइल टॉयलेट, मंदिर मार्ग पर पानी के टेंकर से छिड़काव आदि की व्यवस्था बेहतर रहनी चाहिए। निरतंर सफाई टीम तैनात करने के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर बिजली सप्लाई बाधित नहीं रहनी चाहिए। मंदिर मार्ग पर अगर कहीं तारों की उंचाई कम है तो वहां बिजली के तारों को ऊपर कराया जाए। इसके अलावा पथ-प्रकाश की व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी समय मे रमजान, होली का पर्व है, इसके दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक कर ली जायें, तथा सभी त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जायेगी तथा अफवाह फैलाने वालों और अराजक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतक सहित सभी क्षेत्राधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना की बैठक



**हरदोई।** शुक्रवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में परिवहन विभाग द्वारा संचालित जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के तहत सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर जनपद में जीरो मृत्यु कार्ययोजना तैयार करने तथा कार्ययोजना के कुशल कियान्वयन के सम्बन्ध मे बैठक की गयी। उन्होंने बैठक मे चिन्हित प्रमुख कारिडोरों का स्थलीय निरीक्षण करने तथा 14 फरवरी तक एक कारिडोर का निरीक्षण करते हुये आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने चौराहों का रिडिजाइनिगं करने हेतु चर्चा की ताकि वहां यातायात सुगम हो, और दुर्घटनायें कम हो। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस आदि अपनी कार्य योजना बनाकर यथाशीघ्र उपलब्ध करा दे। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के कुशल संचालन एवं संसाधनों की पूर्ति हेतु आवश्यक बजट का प्रस्ताव भी तैयार किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, एआरटीओं अरविंद कुमार सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## फॉलोअप: चार दिन बाद भी मलकापुर डकैती में पुलिस के हाथ खाली

**शाहाबाद/हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला मलकापुर मे सोमवार मंगलवार की रात असलाह के दम पर घरवालों को बंधक बनाकर डाली गयी डकैती के मामले मे घटना के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। जबकि लखनऊ परिछेत्र के आई जी ने घटना स्थल पहुंचकर पुलिस को जल्द अनावरण के निर्देश दिए गए थे। आपको बता दें सोमवार मंगलवार की रात करीब दो बजे पांच नकाबपोश डकैतों ने मलकापुर निवासी अनीस खां के घर दीवार कूदकर तमंचो के बल पर बंधक बनाकर तीस हजार की नगदी और करीब बारह लाख रूपए के सोने और चांदी के जेवरात लूट ली थी। इधर दस वर्षों से डकैती की कोई घटना थाना छेत्र मे प्रकाश मे नहीं आई थी। डकैती की घटना की सूचना पर पूरे पुलिस विभाग मे हड़कंप मच गया। सूचना पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने ए एसपी मार्तण्ड प्रताप सिंह, ए एसपी आलोक राज नारायण सीओ शाहाबाद और पुलिस बल के साथ घटना स्थल का बारीकी से निरिक्षण कर घटना की जानकारी ली थी और ए एसपी के नेतृत्व मे तीन टीमें बनाकर जल्द खुलासे के निर्देश दिए।और घटना की सूचना शासन को भी भिजवाई।सूचना पर लखनऊ परिछेत्र के आई जी किरण एस ने मंगलवार को ही शाहाबाद आकर घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास पूरे मोहल्ले का भ्रमण कर घटना के जल्द खुलासे के लिए दिशा निर्देश जारी किये थे।लेकिन डकैती जैसी बड़ी घटना के चार दिन बाद भी पुलिस की टीमें अभी किसी नतीजे पर पहुँचती नहीं दिखाई दे रही हैं। दो टीम प्रभारियों ने बताया की कोशिश जारी है जल्द ही सफलता मिलेगी। इस प्रकरण पर प्रगति की जानकारी के लिए एएसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया जाँच जारी पुलिस पूरी सक्रियता से लगी हुई है जल्द घटना का अनावरण कर दिया जायेगा।

# प्रेमिका के पुत्र ने ही की थी हुकुम सिंह की हत्या

- संडीला के मीतो गांव में छप्पर में मिला था अधेड़ का शव

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



संडीला थाना छेत्र के ग्राम मीतो मे गांव के बाहर खेत मे छप्पर मे सो रहे अधेड़ की सर कूच कर हत्या करने के मामले मे पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए अभियुक्त माँ-बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण मे 11 फरवरी को रंजीत पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम मीतौ थाना संडीला द्वारा सूचना दी गई उनके पिताजी हुकम सिंह गांव के किनारे स्थित खेत में जानवरों को रखने के लिए बनाए गए छप्पर में रोज की भांति लेटे हुए थे। जोकि सुबह चारपाई पर मृत अवस्था में मिले हैं जिनके सिर में चोट के निशान है। सूचना पर पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया। इस संबंध मे रंजीत की तहरीर के आधार पर थाना संडीला पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू की गयी थी। थाना संडीला के प्रभारी विद्या सागर पाल और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये अमन पुत्र रामकुमार और जमुना देवी पत्नी रामकुमार निवासीगण ग्राम मीतौ थाना संडीला को घटना में प्रयुक्त एक अदद ईट सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अमन से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक हुकुम सिंह का अमन की माता जमुना देवी से प्रेम प्रसंग चल था।11 फरवरी को प्रातः मृतक व जमुना देवी को छप्पर में चारपाई पर बैठा देख अमन द्वारा विरोध किया गया तथा ईट से हुकुम सिंह के सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी गयी। जिसके उपरांत अमन व जमुना देवी मृतक हुकुम सिंह के ऊपर रजाई डालकर अपने घर चले गये।पुलिस ने गिरफ्तार माँ बेटे को न्यायालय मे प्रस्तुत किया है।

# बिल्कीस गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया विदाई समारोह

- भावुक कार्यक्रम में छलके छात्राओं के आंसू

**शाहाबाद/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के मलकापुर रोड पर स्थित बिल्कीस गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्र छात्राओं का विदाई समारोह और विद्यालय का वर्षीकोत्स्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। वैसे तो विदाई के क्षण सदैव भावनाओं से भरे होते हैं, और जब आपसी लगाव एवं स्नेह के बंधन ढीले पड़ते हैं। तो मन में उठने वाली कसक स्वतः ही आंखों से बह निकलती है। सभी छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को गले लगाकर विदा कर रहे थे। मंच से उपाधियां ग्रहण करते समय मुस्कुराने का प्रयास तो किया गया, लेकिन चेहरों पर खिंची उदासी की रेखाएं मन के भीतर छिपे भावों को साफ बयां कर रही थीं। बीते लम्हों को सहेजने के लिए कु. निस्वाह, कु. प्रखर मिश्रा, सहित कई छात्र-छात्राओं की उंगलियां बार-बार मोबाइल कैमरे के बटन पर टिक रही थीं, मानो विदाई के हर पल को अपने कैमरे में कैद कर लेना चाहती हों। समारोह के दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत और विदाई गीतों ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। एक छात्रा महक ने जब गीत के माध्यम से कहा- अभी अलविदा मत कहो दोस्तों, न जाने फिर कहां मुलाकात हो, तो उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक एवं प्रबंधक शाहिद खान ने कहा कि आज मन में दुख भी है और खुशी भी। दुख इसलिए कि उत्तीर्ण छात्र छात्राएं हमसे दूर जा रही हैं और खुशी इसलिए कि आप अच्छे अंक लाकर अपना और कॉलेज का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्य एखलाक उर्फ राजू सर ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि आप सभी अपनी मेहनत और शिक्षा के बल पर कॉलेज और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित करेंगी। प्रधानाचार्या कु. अजरा नईम ने कहा कि बड़ी मेहनत से सींचे गए इस शैक्षिक बगीचे से यही तमन्ना है कि छात्राएं मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करें। उन्होंने सभी छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में अध्यापक बलराम कुशवाहा साहिवा खान समीरखान अनुज कुशवाहा सद्दाम खान शारिक रवान शिवम प्रजापति, कु. सदफ अनवर सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### सूर्य महोत्सव में एक जनपद एक उत्पाद का हुआ प्रदर्शन

**महोबा।** सूर्य महोत्सव के अंतर्गत मोदी ग्राउंड में बुंदेलखंडी व्यंजन तथा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत गौरा पत्थर शिल्प व धातु शिल्प की प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता में बुंदेलखंडी व्यंजन के अंतर्गत 11 प्रतिभागियों द्वारा तथा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 18 प्रतिभागियों द्वारा अपने स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। बुंदेलखंडी व्यंजन के अंतर्गत यहां के प्राकृतिक उत्पादों चने साग, माडे, कड़ी, चटनी, सामा की खीर इत्यादि के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा अपने व्यंजन कला का प्रदर्शन किया गया। एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जनपद के गौरहारी ,श्रीनगर व कुलपहाड़ से आए हुए गौरा पत्थर शिल्प तथा धातु शिल्प के प्रतिभागियों द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

### प्रशिक्षण पाने के लिये 20 मार्च तक करे आवदेन: रामवीर सिंह-हरदोई

जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु एक वर्षीय नि:शुल्क कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित है।

**समन विनावर/ गजट इनाफ साफ मुकदमा**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद**
**अपील वाद सं0-** **सन् -2024**

1. फूलम देवी पत्नी शैलेन्द्र कुमार
2. मंजू देवी कभी जितेन्द्र कुमार नि0गण जौरा पर0 कम्पिल तह0 कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद
3. रामजीत सिंह पुत्र अजयपाल सिंह निवासी गढ़िया जैतपुर मजरा शरीफपुर छिछनी पर0 श0प0 तह0 कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।

अपीलार्थीगण-

**बनाम**

1. श्रीमती नन्दिता पत्नी ज्ञानसिंह निवासी नैगवां पर0 श0प0 हाल नि0 मीरा दरवाजा शमशाबाद तह0 कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद। उत्तरदाता-
2. अनीता देवी उर्फ गुडडी देवी पत्नी ज्ञान सिंह नि0 नैगवां पर0 श0प0 तह0 कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।
3. ग्राम पंचायत/भू0प्र0सं0 द्वारा अध्यक्ष ग्राम पंचायत गुटैटी दक्षिण मौजा बेहटा निहाल पर0 श0प0 तह0 कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।

औपचारिक उत्तरदातागण ग्राम-वेहटा निहाल
परगना-शमशाबाद पश्चिम
धारा-207उ0प्र0रा0सं0 2006

ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 16 माह 02 सन 2026 ई0 वक्त 01 बजे दिन से असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफकिया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जवाव दे सके या जिसके साथ कोई और शक्स है कि जो जवाव ऐसे सवालात का दे सकें हाजिर हो और जवाव देही दावा की करें और आपको लाजिम है उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करे जिस पर बताइद अपनी जवाव देही के दस्तदलाल कराना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा। दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजर या डिग्री की जो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत के आज व तारीख 29 माह 01 सन 2026 को जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद**

# मिड-डे-मील में बच्चों को देने के लिए पानी में दूध मिलाने का वीडियो वायरल

- अभी तक दूध में पानी मिलाते सुना है, लेकिन पानी में दूध मिलाते हुए का वीडियो पहली बार देखकर लोग हेरान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को देने के लिए रसोईया द्वारा प्रधानाध्यपिका की मौजूदगी में पानी में दूध मिलाने और प्रधानाध्यापिका का विद्यालय में सोते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शिक्षा महकमे में हड़कम्प मच गया। वायरल वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि किस तरीके से रसोईया प्रधानाध्यापिका की मौजूदगी में बाल्टी में भरे पानी में पैकेट का दूध मिला रही है,और प्रधानाध्यापिका सामने खड़े होकर यह सब नजारा देख रही हैं। तो वहीं दूसरे वीडियो में भी देखा जा सकता है कि प्रधानाध्यापिका शिक्षा के मंदिर में बच्चों को पढ़ाने की जगह आराम फरमाते हुए नजर आ रही हैं। समृद्धि न्यूज इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन वायरल वीडियो जनपद में चर्चा का विषय बने हुए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर आरोपी प्रधानाध्यापिका से स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जबाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। जहाँ प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात मोनिका रानी की मौजूदगी में बच्चों को देने के लिए रसोईया द्वारा पानी से भरी बाल्टी में पैकेट का दूध मिलाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शिक्षा महकमें में हड़कम्प मचा हुआ है। मामला संज्ञान में आने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा ने नोटिस जारी कर आरोपी प्रधानाध्यापिका से दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवती सहित पांच घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र का गाँव ग्योड़ी निवासी भूपेन्द्र कुमार 19 पुत्र मुन्नालाल शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजे हेलमेट लगाकर अपनी बाइक से रिश्तेदार अनिल 24 पुत्र मोहन व आशीष 23 पुत्र हरगोविन्द निवासी गुढा थाना चरखारी सहित बाइक में सवार होकर मौदहा जा रहे थे। छिमौली गाँव के पास सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर मार दी जिंसमे छिमौली निबासी सुल्तान18 पुत्र हबीब अपने साथी इमामुद्दीन18 व बहन खुशबू 19 के साथ ग्योड़ी जा रहे थे रास्ते मे हुई आमने सामने बाइक भिड़ंत में युवती सहित सभी बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एम्बूलेंस द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवती खुशबू व अनिल, भूपेंद्र की हालत गम्भीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर थाना कुरारा में हुई पीस कमेटी की बैठक



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय थाना परिसर में आगामी महाशिवरात्रि पर्व व होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में रविवार को महा शिवरात्रि के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर, एडीएम व एसडीएम सदर ने लोगों को जानकारी दी। तथा क्षेत्र के बेरी व शंकरपुर गांव में शिवबारात निकलने के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने केलिए संदेश दिया। शिवरात्रि के पर्व में मंदिरों के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था कराए जाने के लिए ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया। जिससे भक्तों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। तथा पुलिस गश्त बढ़ाए जाने के लिए निर्देश दिए। त्योहारों को शांति पूर्वक तरीके से मनाए तथा नशेबाजी से दूर रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी रामआसरे सरोज, उपनिरीक्षक किशन सिंह, कमलेश सिंह, अशर्फी लाल जायसवाल आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नबाबगंज-फर्रुखाबाद।**

**पत्रांक 2933 /लेखाकार/रा0वि0यो0/पन्द्रहवां वि0/निविदा सूचना/2025-26, दिनांक-13/02/2026**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-नबाबगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दिनांक 14/02/2026 से 20/02/2026 की अपरान्ह 5.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 21/02/2026 की अपरान्ह 12.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय नबाबगंज में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/02/2026 से 20/02/2026 की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 1000/- नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते

| क्र0 | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रू0 में) | अर्नेष्ट मनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम ककयोली में श्री रामपाल के घर के रामदास के घर तक इण्टरलांकिग/ सी0सी0 कार्य। | 9.90 | 20000 | 1000-00 | राज्य वित्त |
| 2 | ग्राम पत्यौरा में सतीश के घर से दुरबीन जाटब के घर तक इण्टरलांकिग/ सी0सी0 कार्य। | 9.90 | 20000 | 1000-00 | राज्य वित्त |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**नवाबगंज-फर्रुखाबाद**

# मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े शोएब किदवई की दिनदहाड़े हत्या

- लखनऊ जेलर हत्याकांड का आरोपी शोएब बॉबी ढेर, 15 गोलियां बरसीं

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।





लखनऊ से बाराबंकी कार से आ रहे अधिवक्ता शोएब किदवई की दिनदहाड़े अज्ञात लोगो ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता शोएब किदवई (बॉबी) पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला कर दिया गया।यह सनसनीखेज वारदात बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर स्थित असेनी मोड़ के पास करीब दोपहर एक बजे हुई। हमलावरों ने लखनऊ की ओर से आ रही कार को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक गोलियों की गूंज से हाईवे दहल उठा।लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही क्षणों में सड़क पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार का मंजर था। मौके से कारतूस के पांच खाली खोखे बरामद हुए है। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हमलावर पूरी साजिश और तैयारी के साथ आए थे।गंभीर रूप से घायल शोएब किदवई को पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। पूर्व बार के अध्यक्ष के हिसाल बारी के मुताबिक शोएब किदवई 'बॉबी' जुमे की नमाज़ पढ़ने के लिए आ रहे थे। इस तरह गोलियां बरसाए जाने की घटना ने लोगो के दिल दहला दिए है। शोएब किदवई पूर्व में बहुजन समाज पार्टी से ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख रह चुके थे। शोएब किदवई बाराबंकी न्यायालय में वकालत करते थे और लखनऊ में अपनी पत्नी व बच्चे के साथ रहते थे। आपको बताते चले कि उनका नाम पूर्व में मुख्तार अंसारी से जुड़े मामलो मे भी सामने आया था तथा चर्चित जेलर हत्याकांड में भी चर्चा मे रहा था। घटना के बाद पूरे जिले में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

**मुख्तार गैंग के लिए बड़ा झटका**

शोएब बॉबी की हत्या को मुख्तार अंसारी के बचे-खुचे कुनबे और उसके गिरोह के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। बॉबी न केवल एक शूटर था, बल्कि गैंग की कई महत्वपूर्ण कड़ियों की जानकारी भी रखता था। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की शिनाख्त की जा सके।

**पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे**



पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे, घटना स्थल को सील करते हुए फोरेंसिक टीम को लगाया, आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि शुएब किदवई नाम का व्यक्ति बलेनो कार की ड्राइविंग सीट पर असेनी मोड़ के पास मृत अवस्था में पाया गया है,शरीर में कई घाव गोली लगने के मिले हैं। मृतक के ऊपर कोतवाली नगर में पांच मुकदमें दर्ज हैं, इसका संबंध मुख्तार अंसारी गैंग से पाया गया है।

# विवादित भूमि पर लगे पेड़ काटे, पुलिस से की शिकायत

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत बेलहरा में विवादित भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को दबंगई के बल पर अवैध रूप से काटने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत द्वारा इस मामले में पुलिस को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। स्थानीय नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा पुलिस को लिखे गए एक पत्र में बताया गया है कि नगर पंचायत की सीमानर्गत राजस्व ग्राम सौरंगा स्थित गाटा संख्या 476 जो कि बंजर श्रेणी की है और निकाय की संपत्ति है। उक्त भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को लच्छीपुर वार्ड निवासी सिराज पुत्र स्व नियाज़ द्वारा अवैध रूप से कटवाकर हड़पने का प्रयास किया जा रहा था। जबकि उक्त भूमि और उसपर लगे पेड़ निकाय की संपत्ति है। सिराज द्वारा दबंगई के पर बल पर पेड़ो को कटवाये जाने की जानकारी मिलने पर उसे रुकवा दिया गया। कटे हुए पेड़ो की लकड़ी भी मौके पर पही ड़ी है लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिससे दबंग व्यक्ति के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि जब सरकारी संपत्ति को दबंग नुकसान पहुंचा सकते हैं तो निजी संपत्तियों को हड़पना उनके लिए कितना आसान होगा इसका अंदाजा इसी प्रकरण से लगाया जा सकता है।

# डीएम ने की बहादुर नगर गांव में ग्राम चौपाल की अध्यक्षता

- टीन शेड का किया उद्घाटन
- उन्नतशील किसानों को प्रदान किए पम्पीसेट व प्रमाण पत्र

महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



जिला अधिकारी हर्षिता माथुर पहुंची अमावा विकासखंड एवं चन्दापुर थाना क्षेत्र के बहादुर नगर गांव डीएम हर्षिता माथुर बच्चों के भोजन के लिए टिन शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया। कंपोजिट विद्यालय के स्मार्ट क्लास में पहुंचकर बच्चों को गिफ्ट बाटे और उनसे संवाद भी किया जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा फिर उन्नतशील किसानों को सिंचाई के लिए पम्पीसेट एवं प्रमाण पत्र दिए गए तथा फिर आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली पेंशन पेयजल स्वास्थ्य बिजली आवास हैंडपंप तथा अन्य ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं के बारे मे ग्रामीणों से जानकारी ली वही ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग के खिलाफ बताया गया कि मीटर रीडिंग से अधिक पैसे लिए जाते हैं तथा मनमाने तरीके से बिजली विभाग कार्य करता है इस पर जिला अधिकारी सख्त दिखाई दी और उन्होंने आए हुए बिजली अधिकारी को संबंधित समस्याओं को तुरंत निराकरण के आदेश दिया जिस पर संबंधित अधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर सुधार का आश्वासन दिया वहीं जिला अधिकारी ने ग्रामीणों से ग्राम पंचायत के विकास के बारे में पूछा तो ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के विकास को बेहतर बताया जिला अधिकारी को पुष्प भेंट कर मौजूदा ग्राम प्रधान नीलम सिंह एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह के द्वारा स्वागत किया गया वहीं ग्राम प्रधान नीलम सिंह के कार्य से जिला अधिकारी संतुष्ट नजर आई इस मौके पर जिले के आला अधिकारी सहित अमावा विकासखंड के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीएलओ के साथ तहसीलदार ने की बैठक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर सभागार में शुक्रवार को तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ एक बैठक आयोजित की गई। एसआईआर मतदाता सूची में नाम और जन्मतिथि की त्रुटियों को सुधारने तथा छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग पर चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा के साथ रामनगर के तहसीलदार विपुल सिंह, नायब तहसीलदार अत्रु सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। इसमें क्षेत्र के सभी बीएलओ मौजूद थे।तहसीलदार ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे उन मतदाताओं को चिन्हित करें जिनकी मतदाता सूची में नाम या जन्मतिथि में त्रुटि है। ऐसे मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित की जाए।

# महाशिवरात्रि पर विशेष: शिव-पार्वती का जन्मांतर संगम है शिवरात्रि

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



महाशिवरात्रि का पौराणिक महत्व केवल शिव पार्वती के एक जन्म का नहीं बल्कि जन्म जन्मांतरों का दिव्य संगम है माता पार्वती पिछले जन्म में सती के रूप में भगवान शिव की अर्धांगिनी थी और प्रजापति दक्ष की कन्या थी प्रजापति दक्ष द्वारा शिव जी का अपमान किए जाने पर सती ने हवन कुंड में प्राण त्याग दिए अगले जन्म में सती ने पार्वती के रूप में हिमवान के घर जन्म लेकर घोर तपस्या की और महाशिवरात्रि की दिव्य बेला में भगवान शिव से उनका विवाह हुआ। माता सती ने देह त्यागते समय भगवान विष्णु से यह वर मांगा था कि वह जन्म जन्मांतर तक भगवान शिव से जुड़ी रहे और यह वर उन्हें प्राप्त हुआ। इसी वरदान के फल स्वरूप माता पार्वती का जन्म देव भूमि उत्तराखंड में पर्वत राज हिमालय के घर हुआ जिन्हें हिमवान कहा जाता है पर्वतों में जन्म लेने के कारण उनका नाम पार्वती पड़ा इस प्रकार देव भूमि हिमालय भी भगवान शिव की ससुराल मानी जाती है विद्वानों के अनुसार माता पार्वती का जन्म चमोली जिले में हुआ था जहां उन्हें दिव्य शक्ति मां नंदा के रूप में पूजा जाता है वेदों और पुराणों में वर्णन है कि माता पार्वती शिव की सहधर्मिणी है और कैलाश पर्वत पर सदैव उनके साथ निवास करती हैं भगवान शिव के हर रूप के साथ शक्ति ने भी अपना रूप बदला रूद्राणी भवानी काली गौरी और उमा यह सभी माता पार्वती के ही स्वरूप है। पुराने के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह रुद्रप्रयाग जनपद के त्रियुगी नारायण गांव में गंगा और मंदाकिनी के संगम पर हुआ था यहां स्थित त्रियुगीनारायण मंदिर में सदियों से अखंड अग्नि जल रही है मानता है कि इसी अग्नि के चारों ओर भगवान शिव और माता पार्वती ने भगवान नारायण को साक्षी मानकर सात फेरे लिए थे आज भी हजारों श्रद्धालु इस अखंड अग्नि और भगवान नारायण के दर्शन करने आते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत को अत्यंत सर्व कल्याणकारी माना गया है विधि पूर्वक व्रत रखते हुए शिवपूजन शिव कथा और शिव स्त्रोतों का पाठ कर रात्रि जागरण करने से अश्वमेध यज्ञ तुल्य पुण्य की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के चार प्रहर में चार बार पूजन और रुद्राभिषेक का विधान है यदि पूर्ण चार बार ना कर सके तो प्रथम पहर में एक बार पूजन अवश्य करें। इस दिन भगवान शिव का पूजन और व्रत करने से सभी रोग दोष और नकारात्मक प्रभाव दूर होते हैं महाशिवरात्रि भगवान शिव के प्रति समर्पित होने और जीवन में शांति स्वास्थ्य व आध्यात्मिक ऊर्जा लाने का अवसर माना जाता है।

## खबरें एक नजर में

### क्षेत्राधिकारी गौरीगंज द्वारा किया गया सैनिक सम्मेलन

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को देर शाम क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा सहायक नोडल यूपी 112 के द्वारा फायर स्टेशन गौरीगंज के मीटिंग हॉल में जनपद के यूपी 112 में नियुक्त अधिकारी कर्मचारीगणों के साथ सैनिक सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिकारी कर्मचारीगण को रिस्पांस टाइम में सुधार हेतु, नेविगेशन के माध्यम से घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने हेतु, निर्धारित रूट चार्ट प्वाइंट पर चलने हेतु, बॉडी वार्न कैमरा से फोटो वीडियो रिकॉर्डिंग व कॉलर सैटिशफैक्सन आदि बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुये आवश्यक निर्देश दिये गये।

### डीएम-एसपी ने तपेश्वरनाथ धाम का किया निरीक्षण



अमेठी समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार को आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा थानाक्षेत्र फुरसतगंज अन्तर्गत तपेश्वर नाथ धाम मंदिर पीढ़ी में लगने वाले मेले व जलाभिषेक के सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक निर्देश देने के साथ-साथ मेला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश मिश्र, मेला प्रबंधन समिति के सदस्य व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### भंडारे का हुआ आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। विकासखंड सिंहपुर के ग्राम पंचायत पन्हौना गांव निवासी समाजसेवी दिनेश चंद्र शुक्ल द्वारा अवसानेस्वर महादेव मंदिर पर श्री रामचरितमानस पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संतोष कुमार शुक्ला अंजनी कुमार शुक्ला दिलीप कुमार पांडे जगदीश प्रसाद पांडे रमेश चंद्र शुक्ला बालेश्वर शुक्ला कमलेश कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता से छात्रों ने दिया सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश



बाराबंकी। सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती अंकिता शुक्ला के संरक्षण में जनपद के समस्त विकास खण्ड में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से फतेहपुर विकास खण्ड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेरिया, विशुनपुर, प्राथमिक विद्यालय हैदरगंज, इसरौली, विकास खण्ड बंकी से कंपोजिट विद्यालय कुम्हरोहरा ,कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ,देवा विकास खण्ड से उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरमऊ ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 में आयोजित किया गया था। जिसको बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत विद्यालयों में जागरूकता हेतु एक माह और आगे बढ़ाया गया है शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देश के क्रम में आज सड़क सुरक्षा जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर उमेश चन्द्र यादव, मणि गुप्ता, वैशाली गुलसिया, सीबी सिंह, निर्मल कुमार, लीलावती, पूनम मिश्रा व शालिनी सिंह सहित अनेक अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा प्रतियोगिता आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

# मुख्य जीवन बीमा सलाहकार के अभिकर्ता सम्मानित

लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।



भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा रायबरेली प्रथम के मनोज कुमार की टीम की यूनिट मीटिंग लालगंज के एक होटल में आयोजित की गई , जिसमे गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गोष्ठी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रहे लालगंज शाखा प्रबंधक चंद्रकिशोर यादव ने निगम के कई उत्पादों, जीवन उत्सव, बीमा लक्ष्मी प्लान के बावत जानकारी दी । रायबरेली शाखा से डिप्टी मैनेजर सीएलआईए मनीष अवस्थी ने जीवनलक्ष्य, जीवन लाभ, नए प्लान नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम व नवजीवन श्री लिमिटेड (प्रीमियम), एलआईसी के म्युचुअल फंड इंडेक्स प्लस , प्रोटेक्शन प्लस प्लान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अभिकर्ताओं/बीमा सखी से कहा कि वह लोगों के बीच जाकर अधिक लोगों को जीवन बीमा रूपी सुरक्षा कवच प्रदान करे वहीं मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार ने कहा जीवन एवं उससे जुड़े घटनाक्रम सदा ही अनिश्चितताओं से भरे रहते हैं अतः मानव जीवन का आर्थिक मूल्यांकन नितांत आवश्यक है , बीमा सखी कल्पना ने कहा भारत सरकार की बीमा सखी योजना महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही है । इसी मौके पर शाखा प्रबंधक ने सभी अभिकर्ताओं/बीमा सखियो को सम्मानित किया। कार्यक्रम के इस मौके पर कृष्ण कुमार, बबिता , गया को,अर्धशतक वीर अभिकर्ता की उपाधि से नवाजा गया इसके साथ हीअन्य अभिकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया जिसमें महेश कुमार ,अरविंद कुमार, बीना देवी ,अवधेश कुमार,रोहित, उपेन्द्र कुमार, उमेशकुमार ,पुष्पराज आनंद, उदय,संगीता सिंह ,मंगेश सिंह, मायादेवी, सुनीता, रश्मी देवी ,बीनू देवी ,जहान्वी मिश्रा ,सुनीता बाजपेई, पूनम,उमा सिंह,आदि उपस्थित रहीं।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।जिससे युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के जमुरवा खुर्द गांव का है। जहां के निवासी अखिलेश पुत्र औसान उम्र लगभग 28 वर्ष अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।इस संबंध सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार ने बताया पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को मर्चरी भेज दिया गया।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेसियों ने निकाली रैली

अमेठी,समृद्धि न्यूज़।

तिलोई विधानसभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व मे शुक्रवार को विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अहोरवा भवानी के शिव रिसार्ट से प्रारंभ हुई। हजारों की संख्या में जुटी भीड़ में कांग्रेस के वरिष्ठ व स्थानीय नेता, कार्यकर्ता, मजदूर, किसान और ग्रामीण जन भारी उत्साह के साथ शामिल रहे। पदयात्रा के दौरान मनरेगा ने दिया सम्मान, चेहरे पर आई थी मुस्कान। हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो। मनरेगा में काम करेंगे, नहीं तो हम संग्राम करेंगे। नहीं चलेगा चालीस-साठ, नब्बे-दस पर होगी बात। घर से निकलो, आओ भाई, मनरेगा की लड़ो लड़ाई। राजशाही मिटायेंगे, मनरेगा वापस लायेंगे तथा मेहनतकश हो या मज़दूर, अपना हक़ हम लेंगे ज़रूर। तिलोई मुख्यालय बाजार से नारायणगंज तिराहा होते हुए मोहनगंज चौराहे पर पदयात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम कन्नौजिया, श्रुति अवस्थी ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, विजय पासी, दिग्विजय सिंह, अर्जुन पासी, त्रियुगी नरायण, अनुराग सिंह, मनरेगा जिला समन्वयक राम लखन शुक्ला, प्रवक्ता अनिल सिंह, मनीषा चौहान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जायस, चन्दन प्रधान मोबीन, शत्रुहन सिंह,त्रिभुवन पासी, गीता सिंह युका जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित तिवारी सहित पांचो विधानसभा प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष शामिल रहे।

# दबिश में पकड़ी गई 67 लीटर अवैध कच्ची शराब

अमेठी समृद्धि न्यूज़।



जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. व जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य के पर्यवेक्षण में जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-हतवा, बेनीपुर, शेखन गांव, मोचवा, दिछौली, बाबूगंज में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र तिलोई में थाना जायस व इन्हौना के अंतर्गत ग्राम हतवा बेनीपुर, शेखनगांव से कुल 67लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा 150 किलो ग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया द्य साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई एवं आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में रानीसागर आबकारी निरीक्षक तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह, मनोज कुमार आदि आबकारी सिपाही दबिश में सम्मलित रहे।

## पूसा कृषि विज्ञान मेले में प्रतिभाग हेतु आवेदन शुरू

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत कृषकों के भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के बाहर भी आयोजित कराए जाते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा सूचित किया गया है कि संस्थान में 25 से 27 फरवरी तक पूसा कृषि विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के कृषकों को उक्त मेले में प्रतिभाग कराया जाएगा। मेले में उन्नत कृषि तकनीकों, नवीन किस्मों, आधुनिक कृषि यंत्रों, जैविक खेती, फसल संरक्षण एवं कृषि आधारित उद्यमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उप कृषि निदेशक ने कृषकों से अपील की है कि पूसा, नई दिल्ली में आयोजित किसान मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक कृषक अपना आवेदन 20 फरवरी तक संबंधित विकासखण्डों में स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें।

## परेड की सलामी लेते हुए एसपी ने पुलिस लाइन में कराया बलवा ड्रिल का अभ्यास



अमेठी समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय परिवहन शाखा व पीआरवी 112 आदि का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आगामी त्यौहारों शिवरात्रि, होली व रमजान आदि के दृष्टिगत किसी भी आकस्मिक अथवा प्रतिकूल परिस्थिति में तेज, वैज्ञानिक और प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करने हेतु परेड ग्राउंड पर पुलिस बल के द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। बलवाइयों पर कार्यवाही हेतु अलग-अलग टीमों द्वारा वास्तविक स्थिति में लागू किए जाने वाले विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास करते हुये पुलिस की तैयारी और अधिक मजबूत की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बीमार पशुओं के लिए वरदान साबित हो रही निःशुल्क एम्बुलेंस

अमेठी समृद्धि न्यूज़। विकास खंड अमेठी के ठेंगहा गांव निवासी राम मौर्या की गाय बुखार से पीड़ित और असहाय हो गई थी, जो कि पशु चिकित्सालय जाने में असहाय थी, उन्होंने पशुपालन विभाग की निःशुल्क हेल्पलाइन 1962 एम्बुलेंस सेवा पर फोन लगाया और अपने गाय की बीमारी के संबंध में सूचना दी। आधे घंटे के बाद उनके दरवाजे पर 1962 से पशु चिकित्सक श्वस्क्ष और पायलट उतरते हैं, स्क्क टीम में उपस्थित चिकित्सक ने परीक्षण में पाया कि गाय बुखार से पीड़ित थी, उन्होंने तुरंत ही गाय का इलाज किया तथा कुछ संबंधित परामर्श दिया। आज भी बहुत से ऐसे ग्रामीण हैं जो कि पशुओं की बीमारी के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार की आनलाइन निःशुल्क हेल्पलाइन 1962 एम्बुलेंस सेवा के बारे में नहीं जानते हैं।

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पौधशाला-स्वरूपनगर (स्थानीय) पर आम-पेंड, कटहल 7 पेंड व लीची 9 पेंड, बेलीथारा (हरगाँव) पर आम 60 पेंड़, मछरेहटा पर आम-40 पेंड, चन्द्रसेनी (रेउसा) पर आम-35 पेंड, गनेशपुर (लहरपुर) पर आम-80 पेंड, कंकरकुई (सकरन) पर आम-20 पेंड, नेरी (पिसावा) पर आम-70 पेंड़ की फसल बहार नीलामी दिनांक 20 फरवरी, 2028 को मध्यान्ह-12:00 बजे पौधशाला-स्वरूपनगर (स्थानीय) सीतपुर पर की जायेगी। इच्छुक केता निर्धारित तिथि व समय एवं स्थान पर पहुँचकर बोली बोल सकते हैं। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य अवधि में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर स्वरूपनगर, सीतापुर में देख सकते हैं।

**जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर।**

# सचिव प्रशासनिक अधिकार का कर रहे दुरुपयोग

- डीपीआरओ के द्वारा सचिव संदीप कुमार को दे रहे एडीओ प्रभारी का चार्ज

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।




विकासखंड मछरेहटा में तैनात सचिव व एडीओ प्रभारी संदीप कुमार को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि सचिव संदीप कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी के करीबी होने के कारण मनमानी कर रहे हैं और ब्लॉक में उनकी कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सचिव संदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के संरक्षण में कार्य कर रहे हैं और इसी कारण उन्हें एडीओ प्रभारी का अतिरिक्त चार्ज भी मिला हुआ है। कुछ ग्रामीणों और सूत्रों का कहना है कि इस अतिरिक्त चार्ज के चलते संदीप कुमार के पास वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार बढ़ गए हैं, जिनका दुरुपयोग होने की चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्लॉक स्तर पर होने वाले कार्यों और योजनाओं में पारदर्शिता नहीं दिखाई दे रही है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि शासनादेशों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। जनपद सीतापुर में इस पूरे मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि सब कुछ नियमों के अनुसार हो रहा है तो फिर आरोपों की जांच क्यों नहीं कराई जा रही। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी स्वयं संज्ञान लेते हुए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराएं, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि कहीं अनियमितता है तो संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सके।

## नाले में लापता बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आदिलपुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता एक बुजुर्ग का शव गांव से दूर एक नाले में बरामद हुआ। बुजुर्ग का शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची जगदीशपुर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाने का कार्य किया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वहीं मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। ग्रामीणों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी है।

# डीएम ने आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आज तहसील लहरपुर क्षेत्र में लगभग 03 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन क्षेत्राधिकारी लहरपुर कार्यालय तथा पुलिस कर्मियों के आवासीय भवनों का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का स्थलीय जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, निर्माण की तकनीकी मानकानुसार प्रगति तथा कार्य की वर्तमान स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि समस्त निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों एवं निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप ही कराये जाएँ तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाये, जिससे भवनों का उपयोग शीघ्र प्रारम्भ कराया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि रखी जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में निर्माणाधीन इण्टरलॉकिंग, सी.सी. रोड, सेफ्टी टैंक आदि कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता, स्वीकृत मानक एवं तकनीकी निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित कराये जाएँ।

# पुरुष रूप शिव व प्रकृति रूपा पार्वती के सहयोग की प्रतीक है कांवर यात्रा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

इस बार महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी रविवार को है। दरसल कांवर यात्रा पुरुष रूप शिव व प्रकृति रूपा पार्वती के सहयोग की प्रतीक है। मीलों दूर से आए कांवरिया श्रृंगीरामपुर (फर्रुखाबाद) में गंगा जी से जल लेकर पैदल ही सफर करके महाशिवरात्रि को शिवजी का जलाभिषेक करते हैं। ब्रह्मलीन इंजी. सुप्रभाष सक्सेना ने इस कांवर यात्रा का रोचक शैली में वर्णन किया था। उनके अनुसार कांवर यात्रा में युवा जाना चाहते हैं लेकिन माता-पिता डर जाते हैं और खर्च का बहाना देते हैं जबकि मां कलेवा नहीं देती। तब युवक की व्यथा इन शब्दों में बयां होती है मात कलेऊ ना करें, पिता खरचा ना देय, चलन चलन जियरा कहे, हम, कांवर को जाएं कि भोला तेरी बम.... इन युवाओं की हठ के आगे मां बाप को झुकना पड़ता है और अपने कलेजे के टुकड़े को परदेश भेजने को हामी भरनी पड़ती है। युवाओं की मीटिंग के बाद कांवर यात्रा पर जाने वाले दल का गठन होता है। इनमें महंत चुना जाता है। यात्रा पर जाने से पहले संकल्प लिया जाता है कि एक बार यात्रा पर निकलने के बाद वापस लौट कर ही दम लेंगे। बीच में यात्रा नहीं छोड़ेंगे। कांवर पर माता पिता हैं अतः श्रवण कुमार की तरह उसे जमीन पर नहीं रखेंगे। कांवर को पवित्र रखेंगे। यदि कोई कांवरिया शरीर दर्द या बीमारी से लाचार होता है तो कांवर को साथ चल रहा नादिया ले लेगा।

यह अभियान युद्ध जैसा है। कांवरिया कंधों पर छोटा कंबल फोल्ड करके गर्दन के दोनों ओर डालता है। पेंट या पाजामा के ऊपर जर्सी या शर्ट के ऊपर इस कंबल को कमर पर चारों ओर एक रस्सी से कसकर बांध दिया जाता है। पैरों में स्पोर्ट या कपड़े के जूते पहनकर थकान से मन हटाने को घुंघरू बांधे जाते हैं। अब माथे पर पट्टी बांधकर भगवान शिव का नाम लेकर कांवरिया निकल पड़ते हैं।



गंगा जल लेकर भिंड जा रहे कांवरियों की टोली

महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष

मीलों विराजे बाग में हम पठए परदेश, जो बल चाहो आपनों भैरव पठाए देश.... इसके बाद साधारण बांस की बनी कांवर खरीदी जाती है। गंगा नदी के तट पर श्रृंगीरामपुर में कांवरियों का मेला लगता है। 300 किलोमीटर से अधिक दूर से आने वाले कांवरिए झांसी, दतिया, भिंड, ग्वालियर से 1 सप्ताह पहले आना शुरू हो जाते हैं और शिवरात्रि से 3 दिन पहले ही जल लेकर चल देते हैं। ताकि शिव के अभिषेक हेतु जल लेकर समय पर पहुंच सकें। यात्रा में शिव का सहारा उनके साथ है। मन में चिंता ना करो, ना मन में घबराना, हमें भरोसा भोलेनाथ का, सहज लगाएं पार.... गंगा तट पर स्नान के बाद सुखद अनुभूति होती है क्योंकि पहुंज, सिंध, चम्बल, क्वारी या यमुना जैसी नदियों को पार करके उन्हें गंगा स्नान का फल मिलता है। स्नान के बाद श्रृंगी ऋषि के मंदिर में दर्शन पूजन के बाद कांवर को रूमाल आदि कई सजावटी वस्तुओं से सजाया जाता है। सारे रास्ते कांवरियों की टोलियां मिलती हैं। आपस में दो टोलियां परिचय इस प्रकार करती हैं कौन गांव के जोटिया कहां तुम्हारो गांव, कौन जगह कांवर भरी कहां हरीहर होय.... तो दूसरी टोली जवाब देती है श्रृंगीराम कावर भरी, भिंड हरीहर होय....। रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों व तीर्थ स्थानों को सिर नवाते सांयकालीन आरती करते कांवरिए अपने गंतव्य को बढ़ते जाते हैं। नंदी बना युवक यात्रा में जोश भरता हुआ जोर से डीह का उच्चारण करता है। झांसी, ग्वालियर, दतिया से चलने वाले कांवरियों के कारवां भिंड में आकर मिलते हैं और फिर यह यात्रा इटावा से होकर बाया विशुनगढ़, काली नदी पुल छिबरामऊ और फिर श्रृंगीरामपुर गंगा घाट तक अनवरत चलती रहती है। यदि सेटेलाइट से निगरानी की जाए तो शिव का त्रिशूल जैसा बना दिखाई पड़ेगा। इसकी एक भुजा झांसी, दूसरी दतिया और तीसरी ग्वालियर से प्रारंभ होकर भिंड में मिलती है। त्रिशूल का दंड भिंड से श्रृंगीरामपुर तक जाता है। इतनी बड़ी 300 किलोमीटर लंबी स्व प्रेरित मानव श्रृंखला का ऐसा उदाहरण है जो कहीं नहीं मिलेगा। आश्चर्य है कि इतनी बड़ी मानव श्रृंखला की सुरक्षा या संरक्षण का कोई माई बाप नहीं है। ना तो रास्ते में चिकित्सा सुविधा है और ना ही सुरक्षा। कांवरिए अपनी सुरक्षा भी सुनसान इलाके में स्वयं करते हैं।

## सीसीए में सीआईएससीई की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सीआईएससीई बोर्ड कक्षा 12 की परीक्षाएँ आज से सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी में प्रारम्भ हो गई। पहले दिन अंग्रेजी भाषा की परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक था। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से लगभग आधा घंटा पूर्व परीक्षा कक्ष में अपनी सीटों पर बैठ गए जिससे परीक्षा समय पर शुरू हो सकी। इस वर्ष विद्यालय से कुल 114 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं जिनमें 67 बालक और 47 बालिकाएँ हैं। विद्यालय में सभी वर्गों ;विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा का संचालन सुपरवाइजिंग एग्जामिनर केसी अब्राहम, क्रिस्टू ज्योति अकादमी, कन्नौज के नेतृत्व में किया जा रहा है। केन्द्राध्यक्ष प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद के की देखरेख में परीक्षा पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराई जा रही है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीपी विद्या निकेतन, कायमगंज से रामजी लाल बाजपेई, अनुराग कुमार और शिवकांत शर्मा तथा क्रिस्टू ज्योति अकादमी, कन्नौज से अभिजीत एस और जेरिन एम जेम्स कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात रहे। परीक्षा से पूर्व प्रशासिका सुधा प्रधान ने विद्यार्थियों को पेड़े खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। सीईओ विश्वास प्रधान, प्रधानाचार्या और शिक्षक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# डीएम के निर्देश पर चला अभियान: ओवरलोड करने पर 31 वाहनों का काटा गया चालान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सड़क सुरक्षा और अवैध परिवहन के खिलाफ जिलाधिकारी के निर्देश पर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश की टास्क फोर्स ने फरवरी 2026 में अब तक 26 ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चालान व निरुद्धीकरण की कार्रवाई करते हुए लगभग 19.76 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला। साथ ही ओवरलोडिंग में संलिप्त तीन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण की संस्तुति संबंधित प्राधिकारी को भेजी गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी ने बताया कि ओवरलोड वाहन दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते हैं और सड़कों को भी गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए निरंतर अभियान जारी रहेगा।



▸ कार्रवाई करते हुए 19.76 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला

उधर खनन विभाग उत्तर प्रदेश की टीम ने जिला खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल के नेतृत्व में सौरिख-छिबरामऊ मार्ग पर औचक जांच के दौरान गिट्टी व मौरम से भरे 5 वाहनों को पकड़ा। सभी वाहनों का ऑनलाइन चालान कर 3.38 लाख रुपये जमा कराए गए। प्रशासन ने वाहन स्वामियों को परिवहन प्रपत्र साथ रखने के निर्देश दिए हैं और अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है।

**इन लोगों पर हुई कार्रवाई**

1. राघवेन्द्र पुत्र भगवानदास, निवासी ब्रह्मरौली, झांसी
2. मोहन सिंह पुत्र भारत सिंह, निवासी सुल्तानपुर, भोगनीपुर, कानपुर देहात
3. येदराम पुत्र परभती, निवासी ग्राम इन्दरौली, तहसील कमान, भरतपुर, राजस्थान

## अध्ययन के साथ खेल भी आवश्यकः प्राचार्य



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय दशम वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्य डॉ पवन चौहान ने कहा खेल हमारे लिए उतने ही महत्वपूर्ण है जितना कि अध्ययन।

छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। क्रीडा कार्यक्रमों में छात्राओं ने शत् प्रतिशत प्रतिभागिता करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राकेश चन्द्र, डॉ मनीष सचान, डॉ पुष्पराज सिंह, डॉ अनुपम मिश्र कार्यालय से श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा प्रभारी डॉ भोजराज सिंह ने किया। क्रीडा प्रतियोगिता के परिणाम अनुसार 100 मीटर रेस में प्रियंका प्रथम, संगम राजपूत द्वितीय, काजल तृतीय, गेंद फेंक में नीरज प्रथम, खुशबू द्वितीय, निक्की तृतीय, स्लो साइकिलिंग रेस में रुचि प्रथम, प्रांशी शर्मा द्वितीय, नैना तृतीय, म्यूजिकल चेयर दौड़ में दीक्षा प्रथम, रुचि द्वितीय, मानसी तृतीय, पिस्टल निशानेबाजी में कामिनी प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय, प्रांशी शर्मा तृतीय, रस्सी कूद में दिव्यांशी प्रथम, संगम राजपूत द्वितीय, खुशबू तृतीय, कैरम बोर्ड में संगम राजपूत व कामिनी प्रथम, वंशिका व दिव्यांशी द्वितीय, खुशबू व नैना तृतीय और बैडमिंटन में दीक्षा व तृप्ति प्रथम, वंशिका व सुनैना द्वितीय और मानसी व निक्की तृतीय रहीं।

# शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है खेल: डॉ. जयप्रकाश

▸ नेहरू कॉलेज में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नेहरू कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक हैं। नियमित खेलकूद से शरीर बीमारियों से मुक्त रहता है।

उन्होंने कहा आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खेल को जीवन का हिस्सा बनाना मानसिक तनाव से भी दूर रखता है। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने कहा कि खेल सामुदायिकता, पारस्परिक सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाते हैं। इससे व्यक्ति विभिन्न संकीर्णताओं से ऊपर उठता है। संबोधन के बाद प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में निर्णायक मंडल और कॉलेज परिवार के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्रमुख परिणामों के अनुसार 100 मीटर दौड़ (छात्रा) 1. गौरी शाक्य, 2. हिमांशी, 3. शौर्या, 200 मीटर दौड़ (छात्रा) 1. गौरी शाक्य, 2. दीप्ति, 3. अंशिका, 200 मीटर दौड़ (छात्र) 1. विकास, 2. कृष्णा दुबे, 3. नवीन यादव, 400 मीटर दौड़ (छात्रा) 1. कल्पना यादव, 2. गौरी शाक्य, 3. वंदना, 400 मीटर दौड़ (छात्र) 1. नवीन यादव, 2. आदित्य कुमार, 3. प्रवल यादव, लंबी कूद (छात्र) 1. नवीन यादव, 2. प्रवल यादव, 3. विकास,शॉट पुट (छात्रा)1. सृष्टि दुबे, 2. कल्पना यादव, 3. वैष्णवी दीक्षित, जेवलिन थ्रो (छात्र) 1. रजत दीक्षित, 2. नवीन यादव, 3. गौरव आदि।

## खबरें एक नजर में

### गेस्ट हाउसों में रात 10 बजे के बाद डीजे- आतिशबाजी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश



**कन्नौज।** जिले में गेस्ट हाउसों में तेज आवाज, डीजे और आतिशबाजी पर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिए हैं कि संचालकों व आयोजकों के साथ बैठक कर सुप्रीम कोर्ट व शासनादेशों के नियम स्पष्ट कराएं। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक साउंड सिस्टम व आतिशबाजी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आयोजकों से लिखित अंडरटेकिंग ली जाएगी और उल्लंघन पर जुर्माना, लाइसेंस कार्रवाई व कानूनी दंड तय है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कदम उठाए जाए।

### पीआरडी जवान रामविलास को दी गई विदाई



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मिघौली गांव स्थित खेलो इंडिया स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग के पीआरडी जवान रामविलाश की सेवानिवृत्ति पर भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगला बरी (विशुंगढ़) निवासी रामविलास ने 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर विभाग से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति प्राप्त की। कार्यक्रम में उनके साथियों व अधिकारियों ने उन्हें फूल–मालाओं से लादकर सम्मानित किया। अंगवस्त्र, उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। पूरा माहौल स्नेह और आदर से भरा रहा। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह ने रामविलास को अनुशासन का प्रतीक बताते हुए उनकी निष्ठावान सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर मौजूद उमेश चंद्र शाक्य, मुखराम, अरविंद, जीतू, रामनिवास, रामवीर, सुरेंद्र, किरण, राजवीर, प्रमोद यादव सहित अन्य ग्रामीणों और विभागीय साथियों ने उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। विभागीय कर्मियों ने साथ बिताए पलों को याद कर भावुक विदाई दी।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई घटना के वाद करीब बीस मिनट तक घटनास्थल पर ट्रेन खड़ी रही जिससे रेलवे फाटक बंद होने से वाहनों का लम्बा जाम लगा रहा क्षेत्र के रामाश्रम स्थित गोशाला के पास शुक्रवार करीब तीन बजे रेलवे ट्रक पर फर्रुखाबाद से कानपुर जानें वाली छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की कटकर दर्दनाक मौत हो गई घटनास्थल पर छपरा एक्सप्रेस करीब 20 मिनट तक खड़ी रहने के वाद रेलवे ट्रक से शव को उठाकर मलिकपुर रेलवे फाटक के पास उतारकर शिनाख्त के लिये रखा गया मलिकपुर रेलवे फाटक बंद होने से दोनों ओर गुरसहायगंज व फर्रूखाबाद मार्ग पर वाहनों का लम्बा जाम करीब एक घंटे तक लगे रहने से यात्रियों में काफी अफरातफरी माहौल बना रहा इसके वाद समधन चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किये गये लेकिन कोई सुराग न लगने से शव को कन्नौज मोर्चरी भेजवा दिया गया है।

# कन्नौज मेडिकल कॉलेज में कैंसर-हृदय संस्थान पर सियासत गरम, विधान परिषद में उठा मुद्दा

▸ टाटा मेमोरियल सेंटर से संबद्धता की मांग
▸ सरकार ने भर्ती-संसाधन बढ़ाने का दिया भरोसा, सपा ने तेज किए सवाल?

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में प्रस्तावित कैंसर एवं हृदय रोग संस्थान शुरू कराने का मुद्दा विधान परिषद में गूंजा तो स्थानीय राजनीति भी गरमा गई। व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता के प्रयासों से विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने सदन में प्रश्न उठाते हुए संस्थानों को जल्द क्रियाशील करने, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित भर्ती और कैंसर संस्थान को टाटा मेमोरियल सेंटर से संबद्ध करने की मांग रखी। जवाब में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आवश्यक कदम उठाने, संसाधन उपलब्ध कराने और व्यवस्थाएं मजबूत करने का भरोसा दिया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा संस्थानों से जुड़ाव होने पर क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी



और मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। इधर समाजवादी पार्टी ने सरकार पर देरी का आरोप लगाते हुए जल्द नियुक्तियां और मशीनों को चालू कराने की मांग की। जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने कहा कि पूर्व निरीक्षण में संस्थान की मशीनें बंद मिली थीं, जिस पर कई बार प्रेस वार्ता भी की गई। उन्होंने दावा किया कि कन्नौज व आसपास के मरीजों को बड़े शहरों में भटकना पड़ रहा है।

इस मुद्दे को पहले भी सपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कन्नौज सांसद अखिलेश यादव कई बार उठा चुके हैं। अब परिषद में चर्चा के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है और लोगों की नजर सरकार के अगले कदमों पर टिकी है।



## दीवार से दबकर मकान मालिक सहित राजमिस्त्री घायल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला कोलियान गली में निर्माणाधीन मकान की कच्ची दीवार गिरने से दबे मकान मालिक सहित राजमिस्त्री घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें सौ शैया से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला कोलियान निवासी अफरोज पुत्र अनवर हुसैन के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें खोजपुर निवासी ओमपाल पुत्र उजागर सिंह राजमिस्त्री का काम कर रहे थे। शुक्रवार को मकान मालिक व राज मिस्त्री दोनों लोग कच्ची दीवाल के पास खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी अचानक किसी प्रकार कच्ची दीवाल भरभरा कर उन पर आ गिरी, मलबे में दबने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## प्रधान पर तमंचे से हमला जान से मारने की दी धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** यहां से वापस गांव जा रहे प्रधान पर उनके गांव के ही दबंगों ने रास्ता रोक कर जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे से हमला कर दिया। पीड़ित प्रधान ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धरनीधर पुर नगरिया निवासी गौरव प्रधान पुत्र चंदगी राम ने बताया कि वह अपने साथी अजय पुत्र विनोद के साथ छिबरामऊ से गांव लौट रहे थे। नादनपुर ऊँची पुलिया और बम्बा के बीच पहले से घात लगाए खड़े गौरव यादव, अभय यादव उर्फ टिन्कू (पुत्र अशोक यादव उर्फ मुनुआ) सहित चार-पांच अन्य लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल तिरछी कर भागने की कोशिश की, तभी आरोपियों ने पीछे से तमंचे से फायरिंग कर दी और गालियां देते हुए लगभग 10 मीटर तक पीछा किया। आरोपियों ने कहा आज निकल गया, अगली बार मिला तो जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़ित प्रधान की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### रस्तोगी इं.का. की प्रतिभा पाल की प्रधान लिपिक पर हुई प्रोन्नति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में कार्यरत सहायक लिपिक प्रतिभा पाल को प्रधान लिपिक पद पर प्रोन्नति दी गई। विद्यालय में वर्ष 2018 से प्रधान लिपिक का पद रिक्ति था। जिस पर तत्तसमय से ही प्रतिभा पाल दावेदार थी। अटेवा के प्रदेश संयुक्त ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के प्रयास से लगभग सात वर्ष देरी से प्रोन्नति का लाभ प्रतिभा पाल को मिल पाया है। प्रोन्नति पाकर प्रतिभा पाल भावुक हो गयी। विद्यालय के समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रधान लिपिक का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस मौके पर देवेन्द्र कुमार, विजेन्द्र पाल, राकेश प्रसाद, संजय शुक्ला, अनुराग शाक्य व मुख्य रुप से ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज की है सामूहिक जिम्मेदारी : देवेन्द्र सिंह




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सुरक्षित यातायात व्यवस्था मजबूत करने के लिए 1215 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में देवेन्द्र सिंह (अपर जिलाधिकारी) ने बताया कि जनवरी 2025 की तुलना में जनवरी 2026 में सड़क दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने दुर्घटनाओं पर रोक के लिए बेहतर रणनीति बनाने, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही यूपीडा अंडरपास और इंटरसेक्शन पर रम्बल स्ट्रिप लगाने तथा अनाधिकृत कट बंद कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूली छात्रों और वाहन चालकों को जागरूक करने, हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य करने तथा ओवरलोडिंग व ड्रिंक एंड ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में परिवहन व लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# 16 से शुरू एमआर टीकाकरण अभियान 1.06 लाख बच्चों को लगेगा टीका



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ सरकारी व निजी स्कूलों के 5-10 वर्ष के छात्र होंगे शामिल
▸ रविवार व टीकाकरण दिवस छोड़कर 27 फरवरी तक चलेगा अभियान

जनपद में खसरा और रूबैला से बचाव के लिए एमआर (मिजिल्स रूबैला) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी 2026 से शुरू होगा। मुख्य चिकित्सा डॉ स्वदेश गुप्ता अधिकारी ने बताया कि अभियान रविवार व नियमित टीकाकरण दिवस को छोड़कर सभी सरकारी कार्यदिवसों में 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक डोज लगाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 1459 सरकारी स्कूलों के 67,463 छात्र, 434 निजी स्कूलों के 37,122 छात्र और 49 मदरसों के 1,724 छात्र शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 1,06,309 बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को स्कूलों में आयोजित टीकाकरण सत्रों में अवश्य भेजें, ताकि खसरा और रूबैला जैसी गंभीर बीमारियों से प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# दीवार फोड़कर परचून की दुकान में लाखों की चोरी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मकरंद नगर में चोरों ने कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए परचून की दुकान में लाखों रुपये की चोरी कर ली। मामला सदर कोतवाली कन्नौज क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोर दुकान के पीछे से दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और नगदी समेत कीमती किराना सामान पार कर ले गए। पीड़ित दुकानदार अनिल कुमार ने बताया कि सुबह दुकान खोलने पर पीछे की दीवार टूटी मिली और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखी नगदी के साथ भारी मात्रा में सामान चोरी हो चुका था। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी



उनकी दुकान को चोर निशाना बना चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में रोष है। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि रात्रि गश्त सिर्फ कागजों में रह गई है और पुलिस की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, जबकि पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ किसानों के हित में नहीं है भारत अमेरिका समझौता

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने रोहली के नवीन सत्र का फीता काटकर उद्घाटन किया इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका एवं भारत के बीच कृषि को लेकर जो डील हुई है वह किसानों के हित में नहीं है। रोहली स्थित कोल्ड स्टोरेज के नवीन सत्र का उद्घाटन अवसर पर पहुंचे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एडवोकेट तहसीन सिद्दीकी ने फीता काटने के उपरांत कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां जन विरोधी है पूरे प्रदेश में अपराध चरम पर है विभागों में किसानों को परेशान किया जा रहा है उन्हें न्याय नहीं मिलता है प्रदेश की जनता सरकार की जन विरोधी नीतियों से कराह उठी है 2027 में प्रदेश की जनता सपा की सरकार बनाने के लिए पूरा मन बना चुकी है7 उन्होंने कहा कि प्रदेश का आम नागरिक तथा किसान एवं जनता सपा की सरकार बनाने जा रही है । उन्होंने कहा कि नए कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन के बाद किसानों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी इसके साथ ही किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी और उनका पूरा ध्यान भी रखा जाएगा।

इस अवसर पर अरशद हुसैन सिद्दीकी मुख्य रूप से पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी ,सभासद सैनुद्दीन उर्फ भूरा , अखिलेश कुमार आदि सहित किसान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

IS 15700 : 2018

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद कार्यालय सम्पति प्रबन्धक लोहियापुरम् योजना फतेहगढ़/छिबरामऊ योजना**

emolfarrukhabad@gmail.com

पत्र सं.: /सं.प्र./ दिनांक

पृ.सं. 61/उक्त/ दिनांक- 10.02.2026

**सर्वसाधारण को सूचना**

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की छिबरामऊ योजना छिबरामऊ कन्नौज में भूखण्ड सं. 2/206 श्री बाबूराम त्रिपाठी पुत्र श्री मथुरा प्रसाद त्रिपाठी के पक्ष कार्यालय पत्र सं. 323/सं.प्र. दिनांक 03.05.1992 द्वारा आवंटित है। आवंटन पत्र के अनुसार सन्दर्भित भूखण्ड का भुगतान एवं औपचारिकताओं आधार पर कार्यालय द्वारा दिनांक 28.01.1994 को पट्टा विलेख निष्पादित किया गया। मूल प्रदेशन ग्रहिता श्री बाबूराम त्रिपाठी ने उक्त भूखण्ड सं. 2/206 को अपनी भतीजी श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री शिव कुमार के पक्ष में दिनांक 07.02.1994 को पंजीकृत वसियत (इच्छा-पत्र) कर दी है। आवेदिका श्रीमती कमला देवी द्वारा मूल प्रदेशन ग्रहिता श्री बाबूराम त्रिपाठी की मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पंजीकृत वसियत सहित आवेदन कर अनुरोध किया गया है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं.-2/206 को स्व. बाबूराम त्रिपाठी की मृत्योपरान्त उनकी पंजीकृत वसियत के आधार पर श्रीमती कमला देवी के पक्ष नामान्तरण में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय आवास एवं विकास परिषद फर्रूखाबाद में प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जायेगा इसके पश्चात इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।

**सम्पति प्रबन्धक**

# धारदार हथियार से किसान की हत्या, क्षेत्र में सनसनी

- आलू के खेत में खून से लथपथ मिला शव, खुरपी बरामद
- एएसपी व सीओ अमृतपुर ने पहुंचकर की बारीकी से जांच

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

आलू खोदने गये किसान का खेत में खून से लथपथ शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने शव के पास से खुरपी बरामद की। जिस पर खून के निशान भी मिले। आशंका जतायी जा रही है कि उसी से उसकी हत्या की गयी है। इस हत्याकांड के बाद गांव में दहशत है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि 24 घंटे के भीतर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे थाने का घेराव करेंगे। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है। सूचना मिलने पर अमृतपुर सीओ व थानाध्यक्ष जहानगंज ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के गांव बेहटा निवासी सुनील राजपूत (50) पुत्र हेतराम शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे अपने घर से आलू खोदने के लिए खेत पर निकले थे। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटे, तो उनके छोटे भाई अनिल कुमार उन्हें देखने खेत पर पहुंचे। वहां का दृश्य देख अनिल के होश उड़ गए। सुनील का शव खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था। उसने घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना मिलने पर जहानगंज थानाध्यक्ष राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, अमृतपुर सीओ कार्यालय के क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। जांच के दौरान शव के पास से एक खुरपी बरामद हुई है। जिस पर खून के निशान मिले हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि इसी औजार या किसी अन्य धारदार हथियार से वार कर हत्या को अंजाम दिया गया है। सीओ अजय वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का लग रहा है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इस हत्याकांड के बाद बेहटा गांव में दहशत के साथ.साथ भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि 24 घंटे के भीतर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे थाने का घेराव करेंगे। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के पुत्र अमन कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

# माफिया अनुपम दूबे के भाइयों सहित छह आरोपी न्यायालय में पेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गैंगेस्टर एक्ट में गिरफ्तार माफिया अनुपम दुबे के भाई बब्बन व डब्बन सहित छह आरोपियों को शुक्रवार को मेडिकल के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर एसपी की मौजूदगी में पूरी कचहरी छावनी में तब्दील रही।

माफिया अनुपम दूबे के ब्लॉक प्रमुख भाई अमित दुबे बब्बन, अनुराग दुबे डब्बन पुत्रगण स्व. महेश चंद्र दुबे, विनीत दुबे उर्फवीनू पुत्र राधाकृष्ण दुबे निवासीगण सहसापुर मोहम्मदाबाद, महेंद्र कटियार पुत्र स्व. रमेश चंद्र कटियार निवासी अल्लाहनगर बढ़पुर, धर्मेंद्र चतुर्वेदी उर्फ पप्पू चौबे स्व. बालकराम निवासी अलावलपुर मोहम्मदाबाद, आदेश सिंह पुत्र श्रीकृष्ण निवासी सहरा बिछवा मैनपुरी को पुलिस ने गैंगेस्टर के मामले में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने सभी का लोहिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद उन्हें अदालत में पेश करने के लिए ले जाया गया। इस दौरान कचहरी में कई थानों की पुलिस तैनात रही।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया मऊदरवाजा थाने में माफिया अनुपम दुबे जो गैंग का सरगना है, उसके सहित 11 नामजद अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। इनमें से 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है। इनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गैंगचार्ट को जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन की बैठक के बाद अनुमोदित किया गया। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिला जज की अनुमति के बाद गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार ने गैंगेस्टर के मामले में तीस दिन की रिमांड मंजूर कर जेल भेज दिया।



न्यायालय में तैनात पुलिस फोर्स

## सेंट्रल जेल में कैदी ने लगायी फांसी, अस्पताल ले जाते समय मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेंट्रल जेल में शुक्रवार दोपहर कैदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जेल अस्पताल से लोहिया अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मामले में जेल अधीक्षक द्वारा चुप्पी साधने से घटना की आधिकारिक पुष्टि और कारणों का पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ स्थित सेंट्रल जेल में शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे कैदी प्रभात उर्फ प्रभाकर फांसी के फंदे पर लटक गया। उसे देखने पर आनन-फानन में उतारकर जेल के अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं यह घटना जेल प्रशासन कई कई सवाल खड़े करती हैं। वहीं घटना के संबंध में जेल अधीक्षक कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। बताते चलें कि कैदी आजीवन सजा काट रहा था। घटना की सूचना मृतक कैदी के परिजनों को दे गयी है।



लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में मौजूद पुलिस व चिकित्सक

जेल प्रशासन की चुप्पी से उठे कई सवाल

# युवती की संदिग्ध मौत, पुलिस ने रुकवाया अंतिम संस्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को एक युवती के अंतिम संस्कार से पहले पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। डायल 112 पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या की संदिग्ध सूचना दिए जाने के बाद पुलिस हरकत में आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। यह घटना ग्राम हैदरपुर की है। जहां उदय राजपूत उर्फ लल्ला आढ़ती अपनी 21 वर्षीय पुत्री ऋचा राजपूत का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। पुलिस को अज्ञात व्यक्ति ने डायल112 पर सूचना दी थी कि एक युवती की हत्या कर उसके शव का चुपचाप अंतिम संस्कार किया जा रहा है। इस सूचना के बाद डायल.112 टीम और कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने ऋचा राजपूत के शव को कब्जे में लिया। पंचनामा भरने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार ऋचा राजपूत पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थी। उनका कहना है कि इलाज के दौरान ही ऋचा की मृत्यु हो गई थी। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऋचा ने कथित तौर पर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ऋचा छह भाई-बहनों में पांचवें स्थान पर थी। मृतका की मां पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। ताजपुर चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर ग्रामीणों से वार्ता करते प्रभारी निरीक्षक

# शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में सम्पन्न हुई सीआईएससीई बोर्ड कक्षा 12 की परीक्षा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीपी विद्या निकेतन में आज सीआईएससीई बोर्ड की कक्षा 12 वीं की पहले ही दिन अंग्रेजी की परीक्षा शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। कक्षा 12 में कुल 283 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिनमें से 282 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। एक छात्र की अनुपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा केंद्र पर समय से छात्रों की उपस्थिति और प्रवेश सुनिश्चित किया गया। परीक्षा शुरू होने से पहले विद्यालय की निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल, प्रधानाचार्य आर0के0 बाजपेयी एवं उप प्रधानाचार्य दीपक जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें तनावमुक्त रहकर परीक्षा देने की सलाह दी। बाहरी स्कूलों के शिक्षक रहे ड्यूटी पर तैनात रहे मॉडर्न पब्लिक स्कूल एवं बी.पी.एस. पब्लिक स्कूल एटा से आए शिक्षकों को सुपरवाइजर एवं इनविजिलेटर के रूप में नियुक्त किया गया। कड़ी निगरानी में हुई परीक्षा परीक्षा के दौरान नित्या नक्की, आदित्य रोहित सहाय, अश्वनी कुमार, उज्ज्वल पांडे, अजीत प्रताप सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला, गौरव दीक्षित, चंदन कुमार, हरी रागा और आलोक कुमार पांडे ने इनविजिलेटर के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई।

## ग्राहक जागरुकता बैठक में ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बैंक संबंधित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत ग्राहक जागरुकता बैठक का आयोजन ए.एम. पैलेस एंड रिजॉर्ट बीबीपुर में किया गया। जिसमें ग्राहकों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए जागरुक किया गया तथा भारत सरकार तथा बैंकों द्वारा संचालित सेवाओं तथा योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान रिजर्व बैंक के सम्मानित अधिकारीगण एवं पंजाब नेशनल बैंक कमालगंज के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक मिश्रा, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक बैंक आफ इंडिया, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक सहित कई बैंकों के अधिकारी तथा जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह रिंकू कटियार, ग्राम प्रधान मंजेश कटियार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# खंड शिक्षा कार्यालय पर डिस्क्रिपेंसी का दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थित खंड शिक्षा कार्यालय पर सहायक निर्वाचन अधिकारी/खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा समस्यायें सुनी गयीं तथा प्रशिक्षण दिया गया। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय के खंड शिक्षा कार्यालय पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सहायक निर्वाचन अधिकारी/खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने अपने स्टाफ अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार के साथ विधानसभा के बूथ संख्या 274 से लेकर 379 तक के बूथ लेवल ऑफिसर तथा निर्वाचन कार्य में लगे समस्त कर्मचारियों को डिस्क्रिपेंसी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला अधिकारी के आदेश अनुसार समय से समस्त निर्वाचन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, सहायक कर्मचारी नरेंद्र कुमार, अनिल कुमार आदि कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षण देने का कार्य किया।

## बीडीओ ने मतदाताओं के नोटिसों का किया निस्तारण

नवाबगंज। विकास खंड अधिकारी ने क्षेत्र में पहुंचकर लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी नोटिस की सुनवाई की। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने एईआरओ का पद संभालते हुए कायमगंज विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या 253 फतनपुर तथा बलीपुर मजरा अठसेनी में नोटिस मिले मतदाताओं की नोटिस की सुनवाई की और मौके पर सैकड़ों नोटिस का निस्तारण किया।

# कर्बला की पुरानी इमारत की धन्नियों में फिर भड़की चिंगारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शिया समुदाय की कर्बला में आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के बाद शुक्रवार सुबह फिर आग भड़क गई। पुरानी इमारत की धन्नियों में आग लगने से दमकल को बुलाना पड़ा। जुम्मे की नमाज़ को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर रही और ड्रोन से निगरानी की गई। प्रशासन ने जर्जर इमारत गिराने के निर्देश दिये। जिस पर जेसीबी लगाकर गिराने का काम शुरु कर दिया गया है।

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के चिलसरा रोड स्थित शिया समुदाय की पवित्र कर्बला/दरगाह मौला अली नज़फ़ उल अशरफ में बुधवार देर रात अज्ञात शरारती तत्वों ने ताजियों में आग लगा दी थी और हफीज व हाजी नामक दो कब्रों में तोड़फोड़ की थी। आग से ताजिए, अलम और अन्य धार्मिक सामग्री जलकर राख हो गई थी। गुरुवार सुबह दरगाह के देखरेखकर्ता साबिर अली ने ताला खोलकर आग के निशान देखे और पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी थी। पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची थीं, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ0 आरती सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस घटना के बाद शुक्रवार सुबह काशीराम कॉलोनी चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह कर्बला परिसर का जायजा ले रहे थे। उन्होंने देखा कि पुरानी इमारत के लिंटर और धन्नियों से फिर आग निकल रही है। सूचना पर थाना प्रभारी अजब सिंह, एसएसआई वीरेंद्र सिंह, एसआई अरविंद सिंह और एसआई अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। तहसीलदार सनी कनौजिया को स्थिति की जानकारी दी गई। आग बार-बार भड़कने की वजह पुरानी लकड़ी और अंदर तक पानी न पहुंच पाना बताया गया। जुमे की नमाज़ को देखते हुए इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। भारी पुलिस बल तैनात किया गया और ड्रोन कैमरे से संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की गई। मौके पर डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, शहर कोतवाली प्रभारी दर्शन सोनकी समेत भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौजूद रही। कर्बला सेक्रेटरी शारिफ हुसैन रिज़वी ने कहा कि पुरानी इमारत के अंदर आग पूरी तरह बुझ नहीं पा रही है और हवा लगने से चिंगारी दोबारा आग पकड़ लेती है। इसलिए तहसीलदार से जेसीबी बुलाकर जर्जर इमारत गिराने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि आग से परिसर में कालापन आ गया है। रंगाई-पुताई शुरू करा दी गई है और दो क्षतिग्रस्त कमरों की मरम्मत कराई जाएगी। सेक्रेटरी ने यह भी बताया कि करीब 5-6 महीने पहले भी कर्बला परिसर से सीसीटीवी कैमरे, एलसीडी और चांदी के अलम चोरी हुए थे, जिनका मुकदमा दर्ज है। तहसीलदार सनी कनौजिया ने बताया कि जेसीबी मंगाकर पुरानी इमारत ध्वस्त कराने का कार्य शुरु कर दिया गया है। थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि घटना की जांच के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जर्जर ढांचा गिराती जेसीबी



जानकारी देते सेक्रेटरी

# करबला में हुई तोड़फोड़ और आगजनी के बाद जुमे की नमाज पर प्रशासन अलर्ट मोड में

कमालगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

शिया समुदाय की करबला में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। घटना के मद्देनजर शुक्रवार को कमालगंज कस्बे के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जुमे की नमाज के दौरान पुलिस ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन को आशंका थी कि करबला में हुई घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन सकती है। इसी को देखते हुए कमालगंज थाना पुलिस, पीएसी बल तथा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्य गांवों और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।यह फ्लैग मार्च गौसपुर, शेखपुर आदि मुस्लिम बहुल गांवों तथा संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा। पुलिस बल ने मस्जिदों के आसपास विशेष निगरानी रखी और नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

**वहीं कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार** क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त किया गया। यह गश्त जुमे की नमाज और आगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए की गई। बुधवार रात कर्बला में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के बाद अलर्ट पर है। आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व भी है। जिसके चलते विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गश्त के दौरान पुलिस ने नगर के बाजारों और मुख्य मार्गों का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील कीए ताकि सभी त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा सकें। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि जुमे की नमाज और महाशिवरात्रि के लिए नगर में पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह, महिला दरोगा सुधा पाल सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



कायमगंज में फ्लैगमार्च करते सीओ व पुलिस फोर्स

# 250 केवीए का ट्रांसफार्मर तोड़कर तेल व कॉपर किया चोरी

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्बा अमृतपुर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीती रात पुराने बस अड्डे के पास रखे 250 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर को चोरों ने निशाना बना लिया। चोर ट्रांसफार्मर को तोड़कर उसमें भरा कीमती तेल और कॉपर निकालकर ले गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

बताया गया है कि जिस स्थान पर ट्रांसफार्मर रखा था वह अमृतपुर पुलिस चौकी से महज लगभग 300 मीटर की दूरी पर है। इसके बावजूद चोरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त देखा तो बिजली विभाग को सूचना दी गई। प्रभारी जेई शिवम तिवारी के अनुसार चोरों ने करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया है। ट्रांसफार्मर 250 केवीए का था। अवर अभियंता हर्ष कुमार ने अमृतपुर थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कर उसके अंदर से कीमती सामान चोरी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने की बात कही है। गौरतलब है कि अमृतपुर थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ दिन पूर्व स्टेट बैंक के पास खड़ी एक ट्राली को चोर उठा ले गए थे। जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इससे पहले इसी क्षेत्र में एक मकान के बाहर बंधी भैंस को खोलने का प्रयास किया गया था। विरोध करने पर भैंस स्वामी पर हमला कर दिया गया जिससे वह घायल हो गए थे। लगातार हो रही वारदातों से व्यापारियों और आम नागरिकों में भय का माहौल व्याप्त है। कई दुकानदारों ने सुरक्षा के मद्देनजर रात में अपनी दुकानों पर ही रुकना शुरू कर दिया है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। चोरी की बढ़ती घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले का खुलासा कब तक कर पाती है और क्षेत्रवासियों को राहत मिलती है या नहीं।



नीचे पड़े ट्रांसफार्मर को देखते बिजलीकर्मी व ग्रामीण

## पटरी से उतरी विद्युत व्यवस्था, उपभोक्ताओं में रोष

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विद्युत व्यवस्था शुक्रवार को पूरी तरह पटरी से उतर गई। विभागीय अधिकारियों की संवेदनहीनता और लचर कार्यप्रणाली के चलते दोपहर साढ़े बारह बजे से गुल हुई बिजली रात तक वापस नहीं आई। भीषण बिजली कटौती ने न केवल घरेलू कामकाज ठप कर दिए, बल्कि नगरवासियों को पानी की भारी किल्लत से भी जूझना पड़ा।

शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। घंटों बीत जाने के बाद भी आपूर्ति बहाल न होने से घरों में लगे बिजली उपकरण और वाटर पंप शोपीस बनकर रह गए। बिजली न होने का सबसे ज्यादा असर रसोई और दैनिक कार्यों पर पड़ा। जिसके चलते महिलाओं को पानी की बूंद-बूंद के लिए परेशान होना पड़ा। शाम ढलते ही पूरा नगर अंधेरे के आगोश में समा गया। बिजली संकट से आजिज आकर जब उपभोक्ताओं ने बिजली घर के सरकारी नंबर पर संपर्क किया, तो कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य का हवाला देते हुए शाम 6:00 बजे तक आपूर्ति शुरू करने का भरोसा दिया, लेकिन जब रात 7:30 बजे तक भी बिजली नहीं आई, तो उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया। हैरानी की बात यह रही कि इस विकट समस्या पर जब अवर अभियंता अब्दुल मजीद से संपर्क साधा गया, तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। वहीं जब उप खंड अधिकारी से बात की गई, तो उनका जवाब और भी गैर-जिम्मेदाराना था। उन्होंने मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि कहीं काम चल रहा होगा, मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। पता करके बताता हूँ। एक तरफ भीषण कटौती और दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारियों की यह बेरुखी नगरवासियों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की तानाशाही के कारण जनता त्रस्त है और अधिकारी सूचना देना तक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते। समाचार लिखे जाने तक पूरे नवाबगंज नगर में अंधेरा पसरा हुआ था और लोग आपूर्ति बहाल होने का इंतजार कर रहे थे।

# सीडीओ को निरीक्षण में खंड विकास कार्यालय में मिलीं खामियां

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

खंड विकास परिषद का मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने निरीक्षण किया। खंड विकास कार्यालय पहुंचते ही खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्रा ने बुकलेट देकर मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मनरेगा कक्ष का निरीक्षण किया। जहां पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार को अलमारी पर सूची लगाने के निर्देश दिए। वहीं अकाउंटेंट रूम का टूटा हुआ लाइट बोर्ड सही करवाने का निर्देश दिया। इसके बाद कैंटीन का निरीक्षण किया। कैंटीन के बाहर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। फिर स्वयं सहायता समूह का निरीक्षण किया। जहां पर बीएमएम अंबुज कुमार तथा कृष्णा मिश्रा से समूह संबंधित जानकारी ली। जिसमें अंबुज ने बताया कि 172 समूह गठन करने का आदेश मिला है। जिसमें से केवल 29 का ही अभी खाता खुला है। वहीं सभी के जल्द खाता खुलवाने के निर्देश दिए। समूह सखी को एसआईआर में लगाकर जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद सचिवों के साथ बैठक की। जिसमें दो लोग छुट्टी पर बताये गये। बाकी सभी सचिव मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य रूप से फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया डिजिटल सर्वे के अंतर्गत सवा लाख का लक्ष्य मिला है। जिसमें केवल 110000 ही बना है, जो की 3 दिन के अंदर कंप्लीट करना है। उन्होंने सचिवों को बताया कि पंचायत सहायक तथा रोजगार सेवकों को लगाकर एसआईआर की समीक्षा रोज की जाए तथा सभी की ई-केवाईसी पूरी होनी चाहिए। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने बताया जहां जितनी भी ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर बंद पड़े हुए हैं उनको जल्द से जल्द उपयोग में लाया जाए और सुचारू रूप से कूड़ा कलेक्शन का कार्य शुरू करवाया जाए तथा पूरा कलेक्शन का मॉडल बनाने का भी निर्देश दिया। सचिवों को निर्देशित करते हुए की सभी सचिव गांव में जाकर काम करेंगे तथा जानकारी करके अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। गौशाला की शिकायत पर अधिकारी ने बताया कि गौशालाओं में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चलना चाहिए किसी भी कीमत पर कैमरा को बंद नहीं किया जाना चाहिए। इसके बाद यह भी कहा कि जिन गौशालाओं की भूमि पर चारा बोया जाता है कुछ लोगों की शिकायत है कि इस चारे को बेचकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। यदि किसी के खिलाफ शिकायत आई, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं गोबर का रजिस्टर बनाने का निर्देश भी दिया गया। जिसमें रोज का हिसाब होना चाहिए तथा गोबर की बिक्री टेंडर करवाकर ही करें और भूसा जहां से सस्ता मिले वहां से खरीदा जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने ने कहा कि आईजीआरएस पर ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्वक जांच कर आख्या सही से बनाकर प्रस्तुत करें। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्रा, वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड, अकाउंटेंट सुनील कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार तथा सभी सचिवों सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ

## नगर में धूमधाम से निकाली गई बाबा महाकाल की बारात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पांचाल की नगरी में श्री महाकाल सामाजिक सेवा समिति की ओर से प्रतिवर्ष को भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि उत्सव के क्रम में द्वितीय दिन बाबा महाकाल की बारात के रूप में निकाले जाने वाली श्री महाकाल पालकी यात्रा विधि विधान व हर्षोल्लास निकाली गई। पाण्डवेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिलिंग मठ से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर माता सिद्धिधात्री मंदिर (मठिया देवी) पर जयमाल रस्म होकर पुनः श्री पाण्डवेश्वर नाथ शिवालय पर विश्राम हुई। जस दूलहु तसि बनी बराता, पालकी यात्रा में सर्वप्रथम शंकर जी की झांकी एवं बाल हनुमान के स्वरूप, महाकाल जी का धूना, बाबा की पालकी के साथ गौरी-शंकर के स्वरूप नगर के भक्तों को मंत्रमुग्ध एवं आकर्षित कर रहे थे। नगर श्रद्धालुओं ने बड़े ही उत्साह के साथ जगह-जगह आरती व पुष्प वर्षाकर नगर का वातावरण शिवमय कर यात्रा में युवक एवं युवतियों जमकर ढोल नगाड़े पर एवं डीजे की धुन पर डांस कर माहौल को शिव में बना दिया।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में शुक्रवार को विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वैश्विक थीम यूनाइटेड बाय यूनिक के अंतर्गत मनाया गया। जिसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्ट आवश्यकता के अनुरूप समन्वित एवं मानवीय दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना रहा। चिकित्सा विभाग द्वारा अगद तंत्र विभाग के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैंसर की शीघ्र पहचान, रोकथाम, जीवनशैली में परिवर्तन, स्क्रीनिंग तथा आयुर्वेदिक एवं समन्वित चिकित्सा दृष्टिकोण पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरि वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन 2020 बैच की छात्रा सौम्या ने किया। स्वागत भाषण डॉ. रूमा डे द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों एवं थीम के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. मनोरमणि ने दिया।


कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं में कैंसर के कारणों, उसकी रोकथाम तथा समय पर जांच और जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तृत एवं प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण जागरूकता पॉडकास्ट का विमोचन रहा। जिसमें डॉ. रूमा डे एवं डॉ.संतोष नाइक ने कैंसर क्या है, इसके कारण, जोखिम कारक तथा कैंसर देखभाल में आयुर्वेद की भूमिका पर सारगर्भित चर्चा की। इस पॉडकास्ट की पटकथा डॉ. सुमन कुंडू द्वारा लिखी गई, जबकि वीडियो को प्रभावशाली बनाने में डॉ. कविता नेगी एवं डॉ. उमा भारती का विशेष योगदान रहा। पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ स्नातक छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. रीता सिंह, डॉ. शीलू गुप्ता एवं डॉ. वेणु एन रहे। प्रथम पुरस्कार अभिजीत मौर्य को कैंसर जागरूकता, रोकथाम, शीघ्र पहचान एवं समन्वित स्वास्थ्य देखभाल दृष्टिकोण विषय पर प्रस्तुति के लिए प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 2021 बैच के किशन को युवा वयस्कों में कैंसर का बढ़ता बोझ विषय पर तथा तृतीय पुरस्कार 2023 बैच की सुमैरा फातिमा को कैंसर जागरूकता, रोकथाम, शीघ्र पहचान एवं समन्वित दृष्टिकोण विषय पर प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार 2021 बैच की श्रुति को सर्वाइकल कैंसर आधुनिक स्क्रीनिंग एवं आयुर्वेदिक ज्ञान का समन्वय विषय पर दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके निर्णायक डॉ. मनोरमणि एवं डॉ. जितेन्द्र रहे। इस प्रतियोगिता में 2020 बैच की समृद्धि शुक्ला को कैंसर और हम विषय पर प्रथम पुरस्कार, 2020 बैच की सिमरन को कैंसर सर्वाइवर की यात्रा विषय पर द्वितीय पुरस्कार तथा 2021 बैच की आराध्या राजनंदिनी एवं प्रियंका को कैंसर का शीघ्र निदान विषय पर तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक सत्र में 2023 बैच के छात्रों अनुराग सिंह, रोहित सिंह, प्रांजय कुमार, शुभम श्री, आकाश राव, नवीन कुमार चौहान, हृतिक हलदार, सोनू कुमार सिंह, देवांश गुम्बर, वैभव सिंह एवं रमन सिंघल द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संतोष नाइक ने किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्या डॉ. नितुश्री, सहित डॉ. फिरोज अहमद, डॉ. वीएस यादव, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता, डॉ. गगन, डॉ.मधु रंजन, डॉ. शिव ओम दीक्षित, डॉ. रेशमा, डॉ. श्वेता राठौर, डॉ.आशा, डॉ. दीपा, डॉ. उदय, डॉ. आनंद बाजपेयी, डॉ. आरिब हुसैन, डॉ. अरुण कुमार पांडेय, डॉ. कविता शर्मा उपस्थित रहे।

## बेटियों की शिक्षा पर स्वयं सेवकों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते स्वयं सेवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सप्त दिवसीय विशेष शिविर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में चौथे दिन की शुरुआत योग अभ्यास एवं छै के लक्ष्य गीत के साथ किया गया। प्रात:काल स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य मार्ग पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर सफाई करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बौद्धिक सत्र का मुख्य विषय बेटी की शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। डॉ. विपिन सिंह ने कहा कि बेटी की शिक्षा: उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। बेटी की शिक्षा केवल एक परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का आधार है। जब बेटियां शिक्षित होंगी, तो वे आत्मनिर्भर बनेंगी, परिवार को सशक्त करेंगी और समाज में बदलाव लाएंगी। एक शिक्षित बेटी आने वाली पीढ़ियों को भी शिक्षा का महत्व समझाएगी। अभिभावकों का कर्तव्य है कि वे अपनी बेटियों को समान अवसर दें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। याद रखें, एक शिक्षित बेटी, एक समृद्ध समाज की पहचान है। आइए हर बेटी को शिक्षित कर, समृद्ध भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर समाज में समानता, समरसता जैसे मानवीय लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करता है।

# विद्यार्थियों को कराया गया सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र का भ्रमण


भ्रमण कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विज्ञान क्लब द्वारा सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र कन्नौज का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भ्रमण का प्रारंभ प्रधानाचार्य विनीत चौहान, जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। कार्यक्रम में जनपद के दस विद्यालय सम्मिलित रहे। सौ मेधावी बच्चों को भ्रमण कराया गया। सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र के सह निदेशक आमोद प्रताप सिंह एवं वैज्ञानिक अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने वैज्ञानिक व्यख्यान पीपीटी प्रस्तुतिकरण कर दिया। जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वैज्ञानिक जागरूकता एवं करियर हेतु शोध संस्थान का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। फैकल्टी मेंबर प्रवीण कुमार ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के पौधों की खेती करने के बारे में जानकारी दी। जिसमे पाँच प्रकार की तुलसी, सिंदूर, पान, चंदन कपूर, लेमन ग्रास, गुलाब आदि रहे। छात्राओं को डिस्टिलेशन चैम्बर क्वालिटी लैब में फ्रेग्रेन्स एवं फ्लेवर के शोध कार्य की जानकारी दी गई। कन्नौज की समाजसेवी डॉ0 प्राची गुप्ता ने छात्राओं को करियर संबंधित जानकारी दी। जीजीआईसी फतेहगढ़, जनता राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज, सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, आरपी इंटर कॉलेज, श्री फिरोज गांधी इंटर कॉलेज, स्वराजवीर कॉलेज आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भ्रमण किया। समाजसेवी गीता पाठक, प्रधानाचार्य गीता वर्मा, शिक्षिका अर्चना सिंह, आर्तिका, दिव्या शर्मा, हेमप्रभा द्विवेदी आदि उपस्थित रहीं। छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत जिला क्विज व विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न

**डीएम ने विजेता बच्चों को किया पुरुस्कृत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रखा बालिका इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता तथा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक विकास खण्ड से 05-05 प्रतिभागियों ने क्विज प्रतियोगिता तथा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। विकास खण्ड मोहम्मदाबाद एवं बढ़पुर के अध्यापकों ने सुन्दर रंगोली बनायी।

डीएम व सीडीओ ने प्रशंसा की। पीएम श्री विद्यालय मोहम्मदाबाद के बच्चों ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। विज्ञान, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका में प्रवक्ता डायट मनोज कुमार पाल, कुमार देवव्रत, अर्चना गुप्ता रहे। एसआरजी युदराज सिंह पाल, प्रवक्ता कुमार देवव्रत ने स्कोरिंग की। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रवक्ता डायट मनोज कुमार पाल, कुमार देवव्रत्त, अर्चना गुप्ता, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अनुपम अवस्थी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी, एआरटीओ सुभाष राजपूत, डायट प्राचार्य, अनुपम अवस्थी, बीएसए विश्वनाथ प्रताप सिंह, राजकुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। व्यवस्था प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह ने देखी। विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी मॉडल, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, कचरा प्रबंधन तथा सतत विकास जैसे विषयों पर अभिनव एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान मान्सी, द्वितीय स्थान अनिकेत, तृतीय स्थान हर्षिता, चतुर्थ स्थान रितिक, पंचम स्थान पर धन्नजय विजयी रहे। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने विज्ञान, गणित एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद रुद्र प्रताप सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट, शैक्षिक बैग, पुस्तके, विज्ञान किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन में जतिन रंजन मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, सुनील प्रताप सिंह, गौरव शाक्य, राजेन्द्र पवन, वागीश विक्रम, मनीष अवस्थी, बहग्रशंकर मिश्रा, आकाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विश्वनाथ प्रताप सिंह, राजकुमार यादव मौजूद रहे।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम

## आजीविका मिशन क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला आजीविका मिशन क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें सभी विभागों को डीएम ने आपेक्षित सहयोग कर करने हेतु निर्देशित किया। सभी विभागों के लाभार्थियों को समूह में जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समूह के उत्पादों की बिक्री हेतु प्रस्तावित जनपद के संग्रहालय में समूह द्वारा तैयार किया जा रहे उत्पादों को रखे जाने के निर्देश दिए। प्रत्येक प्रमुख विभागों प्रमुख स्थलों जहां आवश्यकता है वहां प्रेरणा कैंटीन खोले जाने के निर्देश दिए, प्रत्येक विकास खंड में समूह उत्पादों को रखे जाने एवं प्रेरणा कैंटीन स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। समूह सदस्यों को लखपति दीदी बनाए जाने हेतु सभी विभागों को उन्हें अपने विभाग की योजनाओं आच्छादित कराए जाने हेतु कार्य योजना बनाई जाने हेतु निर्देशित किया गया। विद्युत सखियों को पूर्ण सहयोग हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, उपायुक्त स्वत रोजगार सुषमा देवी, परियोजना निदेशक कपिल कुमार, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जिला एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

# कैशलेस सुविधा न मिलने से शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व पेंशनरों में भारी आक्रोश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कैशलेस सुविधा न मिलने से माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व पेंशनरों में भारी आक्रोश है। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का शासनादेश जारी किया गया है, जबकि उन्ही विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों जैसे परिचारकों व लिपिकों को इलाज की इस सुविधा से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 सभी शिक्षकों व


शिक्षक नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

कर्मचारियों से समानरूप से लागू है। इसलिए एक ही विद्यालय में कार्यरत सभी कार्मिकों जिन्हें राजकोष से वेतन मिल रहा हो के लिए सरकार द्वारा एक तरह की व्यवस्था व सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश की कैशलेस चिकित्सा योजना में पेंशनरों को भी शामिल नहीं किया गया है, जबकि इलाज की सर्वाधिक आवश्यकता सेवानिवृत्त के बाद ही होती ही पड़ती है।

सरकार द्वारा कर्मचारियों शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ न दिये जाने व एक ही विद्यायल के कार्मिकों के साथ दोहरी नीति अपनाने से उनमें भारी आक्रोश एवं असंतोष है। सरकार से मांग की कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल करते हुए जल्द शासनादेश जारी कर कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश व असंतोष समाप्त कर उनके साथ भी न्याय करें।


ट्राई साइकिल के साथ दिव्यांग

## शिविर में दूसरे दिन 261 दिव्यांगों को बांटे गये उपकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसएन साध ट्रस्ट के तत्वाधान में डॉ0 रजनी सरीन द्वारा दिव्यांग शिविर के दूसरे दिन दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये गये। शिविर में बिना भेदभाव के कार्य किया गया। सुबह से ही दिव्यांगों का आना-जाना लगा रहा। शिविर की व्यवस्था ट्रस्टी राकेश साध की देखरेख में स्वयं सेवकों ने देखी। और दूर दराज से आये दिव्यांकों सहायता प्रदान की। मधु साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध, रोहित गर्ग आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया। शिविर में स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना ने मरीजों का परीक्षण कर कान की मशीन उपलब्ध करायी व नि:शुल्क दवाइयां दी गई। जयपुर से आयी टीम में मुख्य रुप से मनीष, गणेश, विनोद, दिनेश, अवधेश, लोकेश, सीएस मलकानी, रमाकांत, हलदार और रोजन आदि ने उपकरण तैयार किये। शुक्रवार को 210 रजिस्ट्रेशन हुए। जिसमें 24 ट्राई साइकिल, 4 कृत्रिम हाथ, 22 व्हीलचेयर, 45 छड़ी, 12 कैलिपर, 30 कृतिम पैर, 13 वैशाखी, 12 वॉकर, 34 जूते, 65 कान की मशीन वितरित की गई। इस मौके पर पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, उदय बाथम, सुजीत वर्मा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध, शेखर साध आदि मौजूद रहे।

# चित्रांजलि प्रतियोगिता में सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के तत्वावधान में चित्रांजलि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी फतेहगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता पीएन फाउंडेशन स्कूल कायमगंज में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के विषय थे भविष्य के स्मार्ट शहरों की परिकल्पना एवं एक पृथ्वी अनेक जिम्मेदारियाँ, पृथ्वी संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी थी। जिसमें विद्यालय की छात्रा रिद्धि चौहान ने प्रथम स्थान तथा छात्र रचित गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में दोनों विद्यार्थियों को प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी एवं प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश यादव ने साम्मानित किया। प्रबंधिका ने बच्चों को बधाई देते हुए निरंतर प्रयास और समर्पण का संदेश दिया। विद्यालय के डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी ने भी दोनों विद्यार्थियों को सफलता पर कहा कि मेहनत कभी भी व्यक्ति को नीचे नहीं दिखाती, बल्कि वह सदैव उसे उच्च शिखर तक पहुंचाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की तथा उसैन बोल्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि जिसने अपनी प्रतिभा को पहचाना और निरंतर अभ्यास किया, उसे सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने शिक्षिकाओं वैशाली पीटर एवं बिंदू द्विवेदी के विशेष मार्गदर्शन एवं प्रयासों की प्रशंसा की।


विद्यालय में सम्मानित होते विद्यार्थी

# विकास कार्यों में जनपद ने पाया चौथा स्थान, डीएम ने अगले माह रैंक सुधारने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यो की जनवरी माह की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमे विकास कार्यों में जनपद ने 04वां स्थान प्राप्त किया है। बैठक में 29 विभागों की 77 योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में सबसे खराब सी0 श्रेणी में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का कार्यक्रम शादी अनुदान योजना में 40 रैंक व 10 में से 5 अंक प्राप्त हुए है। उद्योग विभाग का कार्यक्रम ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 72 रैंक व 10 में से 5 अंक प्राप्त हुए है। जल निगम ग्रामीण विभाग का कार्यक्रम जल जीवन मिशन की रैंक 41 प्राप्त हुई है व 10 में से 7 अंक प्राप्त हुए है। पर्यटन विभाग का कार्यक्रम राज्य योजना में 63 रैंक प्राप्त हुई है व 10 में से 8 अंक प्राप्त हुए है। ग्राम्य विकास विभाग का कार्यक्रम डेएनआरएलएम आरएफसीआई एफ में रैंक 11 है व 10 में से 6 अंक प्राप्त है। पंचायती राज विभाग के कार्यक्रम 15वॉं वित्त आयोग ग्राम पंचायत में 40 रैंक प्राप्त हुई है व 10 में से 6 अंक प्राप्त हुए है। उद्योग विभाग के कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में 36 रैंक प्राप्त हुई है। चिकित्सा विभाग का कार्यक्रम एम्बुलेंस 102 में 65 रैंक व एम्बुलेंस 108 में 73 रैंक प्राप्त हुई है। डीएम ने विभागों के अधिकारियों को अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

## अधिवक्ताओं ने की असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पिछड़े एवं दलित समाज के विरुद्ध (गधा) जैसे शब्द से अपमानजनक टिप्पणी करने तथा देश के प्रधानमंत्री (ओ0बी0सी0 समाज से) को जातिसूचक गाली देने वाले व्यक्तियों के खिलाफकठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। जिसमें मांग की कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया/मीडिया के माध्यम से पिछड़े एवं दलित समाज को गधा जैसे अपमान जनक शब्दो से सम्बोधित किया गया है, साथ ही प्रधानमंत्री जो स्वयं ओबीसी समाज से आते है के विरुद्ध भी जातिसूचक एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार की टिप्पणियां न केवल संविधान द्वारा प्रदत्त समानता, सम्मान एवं सामाजिक न्याय के मूल सिद्धान्तों के विरुद्ध है। बल्कि समाज में नफरत, वैमनुष्यता और जातीय विद्वेष फैलाने का कार्य भी करती है। यह कृत्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम भारतीय न्याय संहिता तथा अन्य प्रासंगिक कानूनो के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसी बयानबाजी से पिछड़े, दलित एवं बंचित समाज की भावनायें आहत हुई है और सामाजिक सौहार्द को गम्भीर खतरा उत्पन्न हुआ है, यदि समय रहते कठोर कार्यवाही नहीं की गयी तो इससे कानून व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। इस मौके पर अधिवक्ता आशुतोष कुमार, देवेन्द्र सिंह यादव, अरविन्द कुमार वर्मा, अमरजीत सिंह, संजीव कुमार, देसराज सिंह शाक्य, राहुल सिंह, मनोज कुमार सक्सेना, संदीप कुमार, शिखर सक्सेना, अखिलेश कुमार राजपूत, विकास राठौर, रामविलास, प्रदीप कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।


एडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

# बीवीडीसी की क्रीड़ा प्रतियोगिता में सोमधीर व क्रांति बनी चैम्पियन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बद्री विशाल महाविद्यालय में आयोजित 61वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के द्वितीय दिवस का शुभारंभ उत्साह एवं खेल भावना के साथ हुआ। क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में सोमधीर ने कुल चार स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक प्राप्त कर सर्वाधिक अंक अर्जित किए तथा इस वर्ष की चैंपियनशिप के विजेता बने। बालिका वर्ग में क्रांति ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर इस वर्ष की चैंपियनशिप अपने नाम की।

कार्यक्रम का प्रारंभ बालक वर्ग की 10,000 मीटर दौड़ से किया गया। प्रतियोगिता में सोमधीर ने प्रथम, गौरव राजपूत ने द्वितीय तथा अभिषेक यादव एवं उदय प्रताप ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 10,000 मीटर दौड़ में शोभी ने प्रथम तथा आभा दीक्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से उदय प्रताप ने प्रथम, सोमधीर ने द्वितीय तथा शहबाज हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड में शोभी ने प्रथम, कृप्ती कठेरिया ने द्वितीय तथा आभा दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में बालक वर्ग से गोपाल ने प्रथम, नारायण अग्निहोत्री ने द्वितीय तथा शहबाज हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में क्रांति ने प्रथम, आंशी ने द्वितीय तथा प्रार्थना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग से अमित यादव ने प्रथम, गोपाल ने द्वितीय तथा शहबाज हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रार्थना ने प्रथम, आंशी ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से सोनी ने प्रथम, क्रांति ने द्वितीय तथा प्रार्थना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में शहबाज हुसैन ने प्रथम, गोपाल ने द्वितीय तथा नारायण अग्निहोत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से सोमधीर ने प्रथम, अमित यादव ने द्वितीय तथा गौरव राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में शोभी ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय तथा रीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सुधांशु माथुर ने प्रथम, गोपाल ने द्वितीय तथा शहबाज हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक विनोद कुमार दुबे ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताया। मुख्य अतिथि एनएकेपी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर शशि किरण सिंह का प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रो. डॉ. शशिकांत तिवारी, डॉ. पारुल मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता चैम्पियन को ट्राफी प्रदान की गई। संयोजक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ0 जयश्री मिश्रा, प्रोफेसर अभिषेक शुक्ला, प्रोफेसर रजनी रानी, प्रोफेसर अमरनाथ तिवारी, प्रोफेसर संतोष द्विवेदी, प्रोफेसर डा0 प्राची, प्रोफेसर मनीष कुमार साहू, प्रोफेसर डॉ. राजू सिंह, प्रोफेसर शाहिद मलिक, प्रोफेसर जकील अहमद, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


विजेताओं को सम्मानित करती प्राचार्या

# अंग्रेजी में व्याकरण का करें अच्छे से अभ्यास


जयविंदर सिंह, प्रवक्ता अंग्रेजी


मीनाक्षी विलकिंसन, शिक्षिका


खुशबू बाथम, छात्रा


शिवानी दिवाकर, छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरुषोत्तम सिंह इंटर कालेज के अंग्रेजी प्रवक्ता जयविंदर सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षा में परीक्षार्थियों को अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सुंदर लेख लिखे। एवं मुख्य शीर्षक को अंडर लाइन या हाईलाइट करें। विस्तृत प्रश्नों को अधिक से अधिक याद करें तथा अंग्रेजी का व्याकरण का अधिक से अधिक अभ्यास करें। पिछले वर्ष के प्रश्न पत्रों को अवश्य हल करें। जो प्रश्न आने है उन्हें याद करें।

सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की अंग्रेजी की शिक्षिका मीनाक्षी विलकिंसन ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में बच्चे अंक अंग्रेजी में लाने के लिए व्याकरण भाग में कार्य करना अति आवश्यक है। व्यायकरण का नियमित अभ्यास एवं शब्दों का सही उपयोग होना अनिवार्य है और वाक वाक्य त्रुटिपूर्ण न बनाये तथा शब्दावली का ज्ञान होना भी जरुरी है। बच्चे अंग्रेजी स्पेलिंग अच्छे से लिखे, जिससे सही नम्बर परीक्षा में मिल सके।

कक्षा 10 की छात्रा खुशबू बाथम ने बताया कि अंग्रेजी के विषय में हमें विद्यालय के अध्यापकों द्वारा बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ाया गया और समझाया भी गया है। बहुविकल्पीय प्रश्नों को अच्छी तरह से याद किया। इसमें नंबर पूरे मिलते हैं, अंग्रेजी में अनुवाद तथा अंग्रेजी में कविताओं को बहुत ही अच्छे ढंग से समझाया गया है, राइटिंग परीक्षा में अच्छी तरह से लिखना चाहिए व अंग्रेजी व्याकरण अच्छे से ज्ञात होना चाहिए।

सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा शिवानी दिवाकर ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी अच्छे से की है। प्रति दिन नये शब्द, समानर्थी शब्द, विलोम शब्द, मुहावरे और वाक्यांश लिखने के लिए एक नोटबुक तैयार की है। पिछले वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल किया है। गीत और सटीकता में सुधार, मॉक टेस्ट दिया है। अभिव्यक्ति को बेहतर बनाने के लिए निबंध पत्र व दैनिक डायरी प्रविष्टिया लिखने का अभ्यास किया है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी गंभीर



**निघासन खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के मूड़ा बुजुर्ग गांव के सरपतहा निवासी मनोज (23) पुत्र अमरीका प्रसाद की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई, जब मनोज बाइक से नौगवां से बम्हनपुर सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने आनन-फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मनोज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रकाश (25) पुत्र शत्रोहन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवक की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### दुकानदार से मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल, अतिरिक्त ब्याज मांगने का विवाद बना वजह

**मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक मामला सामने आया है। हनुमान मंदिर के पास 'एस.आर. कम्युनिकेशन' नाम से दुकान चलाने वाले दुकानदार सुरजीत राठौर के साथ कथित मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 25 जून 2025 को व्यवसाय के लिए राजपाल सिंह से 2,50,000 रुपये उधार लिए थे। उनका कहना है कि वह अब तक 2,58,000 रुपये वापस कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद आरोपी अतिरिक्त ब्याज की मांग कर रहा था। बताया गया कि 12 फरवरी 2026 की दोपहर करीब 2:17 बजे आरोपी दुकान में घुस आया और 80,000 रुपये और देने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की, जिसकी पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह शिकायत लेकर तहसील परिसर पहुंचे और प्रार्थना पत्र तैयार कराया, तो आरोपी वहां भी पहुंच गया। आरोप है कि उसने प्रार्थना पत्र छीनकर फाड़ दिया और पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना से डरे पीड़ित ने पुलिस को दोबारा तहरीर देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### मनरेगा कार्य के दौरान मजदूर पर फावड़े से जानलेवा हमला, हथेली फटी

**निघासन खीरी।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत शीतलापुर में मनरेगा कार्य के दौरान एक मजदूर पर फावड़े से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में मजदूर की हथेली गंभीर रूप से कट गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम शीतलापुर निवासी शिवपूजन कश्यप पुत्र चंद्रभाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 12 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे वह गांव में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही राजेश वर्मा पुत्र चंद्रिका वहां पहुंच गए। किसी मामूली बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर राजेश वर्मा ने जान से मारने की नीयत से शिवपूजन पर धारदार फावड़े से हमला कर दिया। बचाव में शिवपूजन ने हाथ आगे कर लिया, जिससे फावड़ा उनकी हथेली पर लग गया और हाथ बुरी तरह कट गया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर वहां काम कर रहे अन्य मजदूर व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के बीच-बचाव से आरोपी दोबारा हमला नहीं कर सका। परिजन घायल को उपचार के लिए ले गए। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। थाना प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी राजेश वर्मा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महाशिवरात्रि व रमजान को लेकर इंस्पेक्टर ने पुलिसकर्मियों के साथ किया पैदल मार्च



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बेलन बरौधा में शुक्रवार की शाम आगामी महाशिवरात्रि और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है।प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह व चौकी प्रभारी बरौधा संजय कुमार द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ पैदल मार्च निकाला और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की इंस्पेक्टर ने लोगों से कहा कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और अफ्वाहों पर ध्यान न दें। इसके अलावा, पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया है और सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। इंस्पेक्टर ने बेलन बरौधा में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बरात को लेकर आयोजक मंडल के डॉक्टर महनारायण भारती से बातचीत किया है। जिससे शिव बरात कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरौधा गोपाल कोल,श्याम बिहारी आदि मौजूद रहे।

### मां आई केयर नेत्र जांच केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया बाजार में माँ आई केयर नेत्र जांच केंद्र व चश्मा घर का गुरुवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अर्श हॉस्पिटल बेलन बरौधा के प्रबंधक डॉक्टर महानारायण भारती द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया है। डॉक्टर महा नारायण भारती ने अपने सम्बोधन में कहा की पहले लोगो को आँख जांच कराने व आँख के आपरेशन के लिए जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता था लेकिन अब हलिया बाजार में माँ आई केयर नेत्र जांच केंद्र व चश्मा घर खुल जाने से लोगो को सुविधा मिलेगी। जांच केंद्र पर डॉक्टर ओपी सिंह वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी व डॉक्टर शालिनी सिंह वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी द्वारा मोतिया बिंद का आपरेशन, नाखुना का आपरेशन, नासूर का आपरेशन, आँखों से पानी आना कम दिखाई देना और आँखों की सभी बीमारियों का इलाज किया जायेगा। चश्मा घर में सभी ब्रांडेड चश्मा फ्रेम उपलब्ध है। ब्रांडेड फ्रेम पर 20 प्रतिशत की छुट दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में दिलीप सिंह गहरवार जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मिर्ज़ापुर, इंस्पेक्टर सिंह शिवम, अवनीश सिंह, नृपेंद्र सिंह, मोहित, डॉक्टर संदीप सिंह, त्रिलोक नारायण सिंह, संतोष सिंह, जय सिंह गोलू, नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### बरौंधा में ईडी की टीम ने की छापेमारी, नौ घंटे तक चली कार्रवाई, मचा हड़कंप

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा बाजार और हथियाबाद में शुक्रवार को नई दिल्ली से आई ईडी टीम के पहुंचने पर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। ईडी टीम की नौ घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने स्थानीय इंडियन बैंक में आरोपित के खातों और संपत्तियों की गहन जांच परख की। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने बरौंधा बाजार निवासी राम बिलास उर्फबनारसी गुप्ता के यहां शुक्रवार की अलसुबह दबिश देकर चारों तरफसे घेराबंदी में ले लिया।इसी तरह ईडी की टीम ने बरौंधा चौकी क्षेत्र के हथियाबाद गांव निवासी अब्दुल बारी के मकान को अभेद्य सुरक्षा के घेरे में ले लिया गया। ईडी टीम द्वारा आरोपियों की संपत्तियों और उनके खातों को खंगाला गया। क्षेत्र में चर्चा है कि राम बिलास उर्फबनारसी गांजा का थोक व्यवसाई है। आज के तीन वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में आरोपी राम विलास का दस क्विंटल गांजा बरामद किया गया था। ईडी के आने की सूचना पर लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह फोर्स के पहुंचकर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था के तहत चौकी इंचार्ज बरौंधा संजय कुमार को दिशा-निर्देश दिया।

### ईडी का गांजा व्यवसायी के यहां छापा, 200 करोड़ के लेन-देन को लेकर पूछताछ

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ईडी नई दिल्ली की टीम लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा बाजार के रहने वाले बनारसी लाल गुप्ता के यंहा शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े छह बजे धमक पड़ी पुरे मकान को साथ मे आए सीआरपीएफजवानों की टीम ने घेर लिया। टीम अंदर गई और दस्तावेज की जांच करने लगी इसके साथ ही परसिया राजा के अब्दुल बारी के यंहा भी दबिश दी गई। बताया गया की दोनों के खातों में सौ करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है। जिसके बाद ईडी की निगाह उनके खातों के लेनदेन पर पड़ी। बताया गया की तीन वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में दस किंवटल गांजा एक ट्रक में बरामद हुआ था। जिसमें बनवारी लाल गुप्ता का नाम प्रकाश मे आया था। वंही अब्दुल बारी की ट्रक था उनके खाते को टीम ने चेक किया तो दो सौ करोड़ रूपये से अधिक का लेनदेन होना पाया गया है। टीम अब घर में रखे दस्तावेज को खंगाल रहिये है। इतने रूपये इनके पास कैसे आए इनका संबंध किन किन लोगो से है। आरोपितो से पूछताछ भी टीम द्वारा की जा रही है।

---

**सहकारी शिक्षा सम्मेलन**

# किसानों को संतुलित उर्वरक व मृदा परीक्षण की दी गई जानकारी

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




निघासन क्षेत्र के अंतर्गत बी-पैक्स खैरिगढ़, नगर पंचायत सिगाही (जनपद लखीमपुर खीरी) में कृभको द्वारा सहकारी शिक्षा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती तथा मृदा परीक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक लखीमपुर के अध्यक्ष विनीत पटेल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिला सहकारी अधिकारी निघासन धीरेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समिति अध्यक्ष पंकज सिंह, समिति उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, समिति संचालक विवेक, विनोद सिंह तथा इफको लखीमपुर से अरविंद यादव भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ, जहां कृभको प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। सम्मेलन में कृभको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र सिंह यादव ने किसानों को संतुलित उर्वरकों के प्रयोग, फसल-वार पोषक तत्व प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक विधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जैविक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए खेती की लागत कम करने और भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उपाय बताए। इसके उपरांत कृभको प्रतिनिधियों द्वारा मृदा परीक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। किसानों को बताया गया कि नियमित मिट्टी जांच से फसल की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपयोग संभव है, जिससे उत्पादन एवं आय दोनों में वृद्धि होती है। साथ ही जैविक उत्पादों जैसे राइजो सुपर व एलबीएफ के उपयोग और लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि विनीत पटेल ने अपने संबोधन में किसानों से जैविक खादों के अधिकाधिक प्रयोग तथा मृदा परीक्षण अवश्य कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सहकारिता संस्थाओं के माध्यम से किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों को सहकारी समितियों का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया तथा सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 110 से 120 किसानों ने प्रतिभाग कर जानकारी प्राप्त की। सम्मेलन के अंत में किसानों ने जैविक खेती एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को अपनाने का संकल्प लिया।

# रामपुर वकील हत्याकांड के विरोध में निघासन में उबाल

**▸ तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रामपुर में दिनदहाड़े अधिवक्ता फारूक की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में शुक्रवार को निघासन में अधिवक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। निघासन तहसील अधिवक्ता संघ और सिविल बार एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और जोरदार प्रदर्शन कर घटना की कड़ी निंदा की। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि रामपुर में अधिवक्ता की सरेआम गोली मारकर हत्या किया जाना प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि यदि अधिवक्ता ही सुरक्षित नहीं हैं, जो न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी माने जाते हैं, तो आमजन की सुरक्षा की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अधिवक्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली के लिए चिंताजनक बताया।

वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं अधिवक्ताओं में भय का वातावरण उत्पन्न कर रही हैं। न्यायालय परिसर और न्यायिक कार्य से जुड़े लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की। साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की भी मांग उठाई। इसके अतिरिक्त प्रदेश भर के न्यायालय परिसरों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए नारेबाजी की और घटना के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया।

इस मौके पर अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार गुप्ता, उमाकांत जायसवाल, चंद्रकेश मिश्रा, राहुल गुप्ता, हरिओम गुप्ता, मो. लतीफ, टी.एल. यादव, ध्रुव कुमार सिंह, श्याम बाबू यादव, प्रदीप कुमार यादव, नवदीप सिंह, मो. शकील, आशीष कुमार जायसवाल सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सदन में उठा पड़रिया तुला के मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण का मुद्दा

**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पड़रिया तुला कस्बे में स्थित दो मुक्तिधामों के सौंदर्यीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास का मुद्दा शुक्रवार को सदन में गूंजा। अनूप गुप्ता ने नियमों के तहत विषय उठाते हुए मुक्तिधाम स्थलों पर आवश्यक जनसुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

बताया गया कि पड़रिया तुला कस्बे में स्थित दोनों मुक्तिधाम लंबे समय से उपेक्षा का शिकार हैं। यहां बाउंड्रीवाल, पेयजल व्यवस्था, घाट निर्माण तथा

**▸ एमएलसी अनूप गुप्ता ने जनसुविधाओं के विस्तार की उठाई मांग**

समुचित सौंदर्यीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस संबंध में ग्राम प्रधान पप्पू राज ने एमएलसी से मिलकर मुक्तिधामों के विकास की मांग की थी। एमएलसी अनूप गुप्ता ने कस्बे की इस जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए सदन के समक्ष रखा। जनसंपर्क अधिकारी गौरव शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि सदन की कार्यवाही के दौरान मुक्तिधाम स्थलों पर जनउपयोगी सुविधाओं, बाउंड्रीवाल, पेयजल हेतु घाट निर्माण तथा समग्र सौंदर्यीकरण की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है। कस्बे की इस गंभीर समस्या को सदन में उठाए जाने पर ग्राम प्रधान पप्पू राज, फौजी ओमकार सिंह, कमलेश गौड़, सहित समस्त कस्बावासियों ने एमएलसी का आभार व्यक्त किया है।

# दूसरी बार गूंजा मैलानी नगर का नाम, विधान परिषद में डिग्री कॉलेज की मांग उठी

**मैलानी-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मैलानी नगर के विकास को लेकर एक बार फिर आवाज़ बुलंद हुई है। हाल ही में रोडवेज बस स्टैंड की मांग उठाए जाने के बाद अब विधान परिषद में राजकीय महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) की स्थापना का मुद्दा जोरदार ढंग से रखा गया। इस पहल से मैलानी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं। विधान परिषद सदस्य एवं उत्तर प्रदेश सरकार में महामंत्री अनूप गुप्ता ने सदन में मैलानी के शैक्षिक विकास का मुद्दा उठाते हुए राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग की। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी मैलानी उच्च शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। यहाँ के छात्र-छात्राओं को गोला, पलिया और पुवायां जैसे नगरों में पढ़ाई के लिए लगभग 40 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर महाविद्यालय का अभाव उच्च शिक्षा के प्रसार में बड़ी बाधा बना हुआ है, इसलिए मैलानी नगर में शीघ्र राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। बताया गया कि इस संबंध में अनुरोध मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी द्वारा किया गया था। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण विषय को विधान परिषद में उठाने का आग्रह किया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए सदस्य द्वारा यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस प्रयास पर समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी, नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, स्थानीय नागरिकों तथा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। साथ ही आशा जताई कि महाविद्यालय स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण होगी और क्षेत्र के युवाओं को नगर में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### मिशन शक्ति टीम ने पंचशील डिग्री कालेज की छात्राओं को दी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक के निर्देश पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु मिशन शक्ति टीम हलिया द्वारा क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज में शुक्रवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, अटल सिंह, कांस्टेबल लालचंद्र व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में प्रभारी एसआइ रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, अटल सिंह,कांस्टेबल लालचंद्र, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर व डिग्री कालेज के प्रबंधक लालबहादुर मौर्य मौजूद रहे। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### युवक ने बालिका से किया छेड़खानी, पोर्टल पर शिकायत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका की माँ ने शुक्रवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आठ वर्षीय बालिका से छेड़खानी करने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सीएम पोर्टल पर किये गए शिकायत में आरोप लगाया है की मेरी आठ वर्षीय पुत्री से छेड़खानी करने मारपीट व जान से मारने की धमकी युवक द्वारा दिया जा रहा है। गांव में अंडा की दुकान लगाने वाला युवक द्वारा छेड़खानी किया जा रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट की गई जिससे मुझे गंभीर चोटे आई है। छेड़खानी करने वाला मुस्लिम समुदाय का युवक किसी दूसरे गांव का रहने वाला है। सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# सीडीओ ने चौपाल में सुनी समस्याएं

**▸ लालगंज को प्लास्टिक वेस्ट जीरो करने का दिया निर्देश**



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठवार में शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) विशाल कुमार ने इसकी अध्यक्षता की और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चौपाल के दौरान, सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लालगंज को प्लास्टिक वेस्ट जीरो बनाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए।इस कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, बीडीओ आईएएस अंशुल हिंदल, डीसी मनरेगा डॉ. सुशांत सिंह, पूर्ति निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, विद्युत विभाग के कर्मचारी, विकास खंड स्तरीय सभी सहायक अधिकारी/कर्मचारी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कठवार गांव के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित मांग पत्र प्रस्तुत किए। सीडीओ ने गांव में विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग के अवर अभियंता को मौके पर जाकर स्थलीय जांच कर निदान कराने का निर्देश दिया। एनआरएलएम के तहत कार्यरत महिला समूहों की सदस्यों ने अपने सीसीएल, व्यवसाय और समूह गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की। सीडीओ ने इन महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। चौपाल के बाद, सीडीओ ने लालगंज ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन विंध्य मार्ट का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक परिसर में स्थित प्राचीन कुएं में उगी झाड़ियों की साफ-सफाई का भी निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव को लालगंज ग्राम पंचायत को प्लास्टिक वेस्ट जीरो बनाने के लिए निर्देशित किया।

# पति ने नशे में पत्नी पर बरसाए डंडे, मौत

**बरवर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बरवर क्षेत्र के सेमरा जानीपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव स्थित गौशाला पर कार्यरत छविनाथ ने कथित रूप से नशे की हालत में अपनी पत्नी सुजाता (45) पर डंडों से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहम्मदी ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति छविनाथ को गिरफ्तार कर लिया है तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में घटना के समय आरोपी के नशे में होने की बात सामने आई है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। मृतका के तीन बेटे – करन (24 वर्ष), अर्जुन (22 वर्ष) और जैक्सन (19 वर्ष) – घर से बाहर रहकर काम करते हैं। इस संबंध में पसगवां थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं सीएचसी मोहम्मदी के प्रभारी डॉ. मयंक मिश्रा ने बताया कि वह बैठक में हैं, बाद में जानकारी देंगे।

# इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने सहायक शिक्षक पर धमकी व अभद्रता का लगाया आरोप, कोतवाली में दी तहरीर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलापुरवा की इंचार्ज प्रधानाध्यापक नेहा ने सहायक अध्यापक पारसनाथ शुक्ला पर धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने निघासन कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सहायक अध्यापक ने हाजिरी रजिस्टर में कथित रूप से गलत समय अंकित कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर ली। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोप है कि सहायक अध्यापक ने अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनसे अभद्रता की और धमकी दी। प्रधानाध्यापक का कहना है कि विद्यालय का कार्यभार संभालते समय उन्होंने सहायक अध्यापक द्वारा किए गए कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दी थी। इसी बात को लेकर वह उनसे ईर्ष्या-द्वेष रखने लगे हैं। आरोप है कि तब से आए दिन उनके साथ हूटिंग करना, धमकी देना, सोशल मीडिया पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना और विद्यालय आते-जाते उनकी फोटो व वीडियो बनाना आम हो गया है, जिससे उनकी निजता का उल्लंघन हो रहा है।

तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि शुक्रवार को सहायक अध्यापक ने उन्हें व उनके पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने पुलिस से मांग की है कि यदि उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य को कोई नुकसान होता है तो इसके लिए संबंधित सहायक अध्यापक को जिम्मेदार ठहराया जाए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एडीओ पंचायत व सीडीपीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें, निस्तारण का दिया आश्वासन

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत देवहट में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। चौपाल में ग्रामीणों की शिकायतो को सुनकर एडीओ पंचायत ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दिया गया। एडीओ पंचायत ने चौपाल में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ की जानकारी दिया गया।इसी प्रकार ग्राम पंचायत नैड़ी कठारी के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पहुँचे सीडीपीओ दिलीप वर्मा व सीएम फेलो गौरव सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। ग्रामीणों द्वारा आवास, शौचालय, पेंशन, शौचालय पीएम सम्मान निधि के मांग को रखा। नोडल अधिकारी के प्रतिनिधि ने समस्या को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ग्राम सचिव आलोक भारती, सौरभ यादव, ग्राम प्रधान नैड़ी कठारी देवकुमार कुशवाहा खंड प्रेरक स्वच्छता मोहम्मद मोहसिन,जल जीवन मिशन से प्रशांत तिवारी मौजूद रहे।